www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

03 दिसंबर, 2024
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 45

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxlilary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

### बजट को लेकर मुख्यमंत्री गंभीर, अधिकारियों के साथ की बैठक

# राज्य की दिशा-दशा तय करेगा और विकास को गति देगा बजट

- -हेमंत सोरेन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट से इतर शुरू की गयी नयी योजनाओं के अतिरिक्त दायित्वों की पूर्ति एवं अनुपूरक बजट की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कहावत है- 'पूत के पांव पालने से ही नजर आते हैं।' हेमंत सोरेन सरकार की मंशा इस बार पहले दिन से झलकने लगी है। हेमंत सोरेन ने 28 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। केवल पांच दिन के कामकाज पर नजर डाली जाये, तो सरकार का विजन और मंशा दोनों साफ नजर आ रहा है। वह पूरे एक्शन में हैं। अगले पांच साल राज्य को एक नये क्षितिज पर पहुंचाने का उनका प्रयास दिखने लगा है। मुख्यमंत्री बजट को लेकर भी गंभीर हैं। अगले पांच साल में राज्य की दशा और दिशा को बजट गति देगा। हेमंत सोरेन ने कहा भी कि राज्य में विकास कार्यों को गति देनी है और राजस्व संग्रहण को भी बढ़ाना है। ऐसे में सभी विभाग राजस्व उगाही में तेजी लाने के साथ अतिरिक्त राजस्व संग्रहण के नये स्त्रोतों के लिए संभावनाओं को तलाशना होगा।

मुख्यमंत्री सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव व सचिव के साथ वित्तीय वर्ष 2024- 25 के बजट से इतर शुरू की गयी नयी योजनाओं के अतिरिक्त दायित्वों की पूर्ति एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुपूरक बजट की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राजस्व प्रबंधन को मजबूत बनायें। इसके साथ राजस्व की बर्बादी तथा स्थापना व्यय को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाये जायें। रेवेन्यू जनरेट सिस्टम का माइक्रो लेवल ऑब्जरवेशन कर इसकी खामियों को दूर करें। सभी विभाग राजस्व संग्रहण का एक्शन प्लान तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार विभागों के बीच को-ऑर्डिनेशन नहीं होने से राजस्व संग्रहण की गति धीमी हो जाती है और लक्ष्य के हिसाब से राजस्व संग्रहण नहीं हो पता है। ऐसे में इस समस्या के समाधान के लिए सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर राजस्व संग्रहण के कार्य को करें। इसके लिए जिलों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

**बैठक में थे मौजूद:** उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, वंदना दादेल, एमएस मीणा, प्रधान सचिव सुनील कुमार, सचिव प्रशांत कुमार, प्रवीण टोप्पो, अमिताभ कौशल, अबू बकर सिद्दीक, कृपानंद झा, के श्रीनिवासन, मनोज कुमार, उमाशंकर सिंह, चंद्रशेखर, अरवा राजकमल, विप्रा भाल, जितेंद्र सिंह, सचिव मनोज के अलावा संजीव बेसरा, अमित कुमार, निशा उरांव और सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के निदेशक राजीव लोचन बक्शी उपस्थित थे।



## सरकार पूरी तरह गठित होते ही विकास में तेजी आयेगी : हेमंत

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार की चल रही योजनाओं की प्रगति जनहित के कार्यों की विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक छोटी समीक्षा की गयी। विकास की गति को कैसे तेजी दी जाये, इस पर विचार किया गया और आवश्यक निर्देश दिये गये। जल्द ही विभागों की अलग-अलग समीक्षा की जायेगी। मुख्यमंत्री सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक के बाद प्रोजेक्ट भवन में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समय का उपयोग अधिक से अधिक करना है। योजनाओं और जनहित के कार्यों को ससमय पूरा करना है। सभी अधिकारियों को इसके लिए तैयारी करने का निर्देश दिया गया है। जैसे ही सरकार पूरी तरह से गठित हो जायेगी, विकास के काम तेजी से बढ़ने लगेंगे। विकास और जनहित कार्य में कोई भी समस्या आयेगी, उसका तत्काल निदान किया जायेगा। पांच साल एक-एक चीज पर नजर रखी जायेगी।

### राजस्व देने वाली एजेंसियों को बिजनेस मॉडल बनायें

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई विभागों में ऐसी कई एजेंसी, बोर्ड और निगम हैं जो राजस्व का बेहतर माध्यम साबित हो सकते हैं। ऐसी एजेंसियों को बिजनेस मॉडल के रूप में स्थापित करें, ताकि वे अपने कार्यों का विस्तार कर सकें। इससे राज्य को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी।

### सीएसआर के तहत होने वाले खर्चों की जांच की व्यवस्था हो

हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में कई उद्योग और कंपनियां कार्य कर रही हैं। इनके द्वारा सीएसआर मद से कई जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है। लेकिन, इनके द्वारा खर्च की जा रही सीएसआर राशि की जानकारी राज्य सरकार तक नहीं पहुंच पाती है। ऐसे में एक ऐसा मैकेनिज्म बनायें, जिसके जरिए कंपनियों द्वारा सीएसआर मद में किये जाने वाले खर्च की जांच हो सके। उन्होंने अधिकारियों को यह भी कहा कि वे विभिन्न कंपनियों और उद्योग समूहों के साथ बातचीत कर राजस्व बढ़ोत्तरी की संभावनाओं को तलाशें।

# चौथे दिन भी ममता ने आलू सप्लाई की अनुमति नहीं दी, उत्तर प्रदेश से आपूर्ति

- राज्य में आलू की मांग पूरी करने में जुटा प्रशासन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा आलू की सप्लाई पर लगायी गयी रोक चौथे दिन भी जारी रहा। इधर, आलू को लेकर राज्य सरकार ने गंभीरता दिखाते हुए बंगाल सरकार से बातचीत जरूर की है, लेकिन इसका फलाफल अभी नहीं निकला है। ऐसी परिस्थितियों में झारखंड के बाजारों में आलू की सप्लाई जारी रखने के लिए व्यवसाइयों ने उत्तर प्रदेश का रूख किया है। पश्चिम बंगाल की बजाय अब झारखंड के बाजारों में अधिकांश आलू उत्तर प्रदेश से आ रहे हैं। हालांकि पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के आलू स्वाद में अंतर होने की वजह से बंगाल के आलू की डिमांड अधिक है। इसके बावजूद व्यवसायियों ने वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए उत्तर प्रदेश और पंजाब से आलू मंगवाकर झारखंड के लोगों को मुहैया कराने में जुटे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और पंजाब से प्रतिदिन करीब 500 ट्रक आलू की सप्लाई होती है। अकेले राजधानी रांची के पंडरा बाजार समिति में औसतन 30 ट्रक आलू की खपत होती है। इस मांग को अधिकांश प. बंगाल पूरा करता है। इस मंडी में हर दिन करीब 20 ट्रक आलू प. बंगाल से आता है शेष उत्तर प्रदेश और पंजाब से आता है। रांची के पंडरा बाजार समिति में हर दिन करीब 600 टन आलू की सप्लाई होती है। सोमवार को भी पंडरा बाजार समिति में उत्तर प्रदेश से करीब 20 ट्रक यानी 600 टन आलू पहुंचा।

झारखंड सरकार के अधिकारी बंगाल के अधिकारियों के सात बातचीत कर रहे हैं। मुख्य सचिव स्तर पर भी बात चीत हो रही है। उम्मीद जतायी जा रही है कि जल्द ही मामला सुलझेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी रविवार को संज्ञान लिया था। उन्होंने मुख्य सचिव अलका तिवारी से तत्काल मामले में निष्पादन करने का निदेश दिया था।



### मामले पर बातचीत चल रही है: हेमंत



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आलू आपूर्ति मामले पर कहा है कि अधिकारी इसे देख रहे हैं। जल्द ही समस्या हल हो जायेगी। सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में मीडिया ने मुख्यमंत्री से आलू आपूर्ति के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बारे में बातचीत कर रहे हैं और आवश्यकता पड़ी को हम भी आगे बातचीत करेंगे।

# महाराष्ट्र के लिए भाजपा ने पर्यवेक्षक तय किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा का रिजल्ट आने के 10 दिन बाद भी मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं हो पाया है। महायुति यानी भाजपा, शिवसेना शिंदे और एनसीपी में एक सीएम और दो डिप्टी सीएम का फॉमूर्ला तय किया गया है। भाजपा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को पर्यवेक्षक बनाया है। विजय रूपाणी मंगलवार शाम मुंबई पहुंचेंगे, जबकि निर्मला सीतारमण 4 दिसंबर को सुबह मुंबई पहुंचेंगी। इसके बाद 4 दिसंबर को भाजपा विधायक दल की बैठक होगी, इसमें सीएम का नाम तय होगा। मुंबई के आजाद मैदान में 5 दिसंबर को शाम 5 बजे सीएम पद का शपथ ग्रहण समारोह होगा। भाजपा की ओर से देवेंद्र फडणवीस का सीएम बनना तय माना जा रहा है। गौरतलब विधानसभा चुनाव में महायुति को 230 सीटें मिली हैं। बहुमत के लिए जरूरी 145 विधायकों से 85 सीटें ज्यादा। भाजपा को 132, शिवसेना शिंदे को 57 और एनसीपी के अजित पवार को 41 सीटें मिली हैं।

## न्यूज रील्स

### यूपीएससी कोचिंग पढ़ानेवाले ओझा आप में शामिल

नयी दिल्ली। सिर पर गमछा बांधकर यूपीएससी की कोचिंग पढ़ाने वाले ओझा सर ने आम आदमी पार्टी (आप) जॉइन कर ली है। पार्टी के नेशनल कंवीनर अरविंद केजरीवाल और सीनियर पार्टी लीडर मनीष सिसोदिया ने अवध ओझा को पार्टी में शामिल किया। ओझा ने कहा कि शिक्षा वो दूध है, जो पियेगा वो दहाड़ेगा। वो पिछले 22 सालों से छात्रों को कोचिंग दे रहे हैं। उनके सोशल मीडिया फॉलोअर्स की गिनती लाखों में है। अब फरवरी 2025 में होने जा रहे दिल्ली विधानसभा चुनाव में ओझा आप की टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं। एक इंटरव्यू में अवध ओझा ने बताया था कि वो पिछले लोकसभा चुनावों में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ना चाहते थे। उन्होंने पार्टी से प्रयागराज सीट का टिकट मांगा था, मगर मिला नहीं। पार्टी ने उन्हें कैसरगंज से लड़ने के लिए कहा, मगर उन्हें प्रयागराज से लड़ना था।

### दिल्ली में प्रदूषण, सुप्रीम कोर्ट बोला, पाबंदियां कम नहीं होंगी

नयी दिल्ली। दिल्ली में प्रदूषण को लेकर लगी पाबंदियां अभी जारी रहेंगी। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को जस्टिस अभय ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने इसे 5 दिसंबर तक बढ़ा दिया। बेंच ने कहा कि अगले तीन दिनों में एयर क्वालिटी इंडेक्स लेवल में गिरावट देखने के बाद ही पाबंदियों में ढील दी जायेगी। कोर्ट ने दिल्ली, राजस्थान, पंजाब और यूपी सरकार के मुख्य सचिव से पूछा कि पाबंदियां लागू होने के बाद कितने कंस्ट्रक्शन मजदूरों को कितना भुगतान किया। इसका सबूत दें। वह अगली सुनवाई में मौजूद रहें।

# झारखंड के 4.79 लाख किसानों का ऋण माफ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के 4 लाख 78 हजार 922 किसानों का ऋण माफ हो चुका है। कुल पांच लाख 35 किसानों की इ केवाइसी हो चुकी है। बैंक में गलत डाटा अपलोड होने के कारण 19,128 किसानों का भुगतान विफल हो गया है। 1,985 किसानों की ऋण माफी की प्रक्रिया चल रही है।

**पांच जिलों में 100 करोड़ से अधिक ऋण माफी के लिए दी गयी राशि :** राज्य के पांच जिलों में किसानों की ऋण माफी के लिए 100 करोड़ से अधिक की राशि दी गयी है। देवघर में 134.63 करोड़, गढ़वा में 112.3 करोड़, हजारीबाग में 102.59 करोड़, पलामू में 125.81 करोड़ और रांची में 110.63 करोड़ की राशि दी गयी।

### किस जिले में कितनी दी गयी राशि

| जिला | राशि (करोड़ में) | जिला | राशि (करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| सिमडेगा | 24.7 | गुमला | 47.26 |
| सरायकेला | 78.2 | हजारीबाग | 102.59 |
| बोकारो | 65.02 | जामताड़ा | 78.31 |
| चतरा | 84.02 | खूंटी | 27.69 |
| देवघर | 134.63 | कोडरमा | 36.05 |
| धनबाद | 39.24 | लातेहार | 37.49 |
| दुमका | 91.55 | पाकुड़ | 30.78 |
| पूर्वी सिंहभूम | 95.25 | पलामू | 125.81 |
| गढ़वा | 112.3 | रामगढ़ | 31.71 |
| गिरिडीह | 94.69 | रांची | 10.63 |
| गोड्डा | 75.01 | साहिबगंज | 59.39 |
| | | पश्चिमी सिंहभूम | 94.12 |

# 'द साबरमती रिपोर्ट' की संसद में स्क्रीनिंग

- नरेंद्र मोदी, अमित शाह समेत एक्टर विक्रांत मैसी पहुंचे
- फिल्म गोधरा कांड पर बनी, तब मोदी गुजरात के सीएम थे






आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद के बालयोगी ऑडिटोरियम में फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' की स्पेशल स्क्रीनिंग हो रही है। फिल्म देखने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई मंत्री-सांसद पहुंचे। विक्रांत मैसी स्टारर 'द साबरमती रिपोर्ट' 15 नवंबर को रिलीज हुई थी। यह फिल्म 2002 गोधरा कांड और उसके बाद हुए गुजरात दंगों पर आधारित है। जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे।

सोमवार को फिल्म देखने के लिए मोदी-शाह-राजनाथ के अलावा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नितनि गडकरी, फिल्म के लीड एक्टर विक्रांत मैसी, भाजपा सांसद रवि किशन समेत कई नेता पहुंचे। रवि किशन ने फिल्म की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आज हम सभी सच देखने जा रहे हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर फिल्म की सराहना की थी। उन्होंने लिखा था कि यह अच्छी बात है कि सच सामने आ रहा है, वो भी इस तरह से कि आम जनता भी इसे देख सके। झूठी धारणा सिर्फ कुछ वक्त कायम रह सकती है, हालांकि तथ्य सामने आता ही है।

YASH ENTERPRISES
Deals In :
All Types of CP Bath Fitting,
Pumps, Sanitaryware, Pipes & Fitting



J.J Road, Beside, Deepak Trading
Upper Bazar, Ranchi - 01
Mob.: 9835901322, 9709082614

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


सर्राफा
सोना (बिक्री) 72,000 रु./10 ग्राम
चांदी 93,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 03 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in



### बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन से किया आग्रह, कहा

# पहाड़िया समाज के उत्थान के लिए विशेष समिति का करें गठन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि पहाड़िया समाज के समग्र उत्थान के लिए एक विशेष समिति का गठन किया जाये। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि झारखंड की आदिम जनजातियों, विशेष रूप से पहाड़िया समाज की आर्थिक और सामाजिक स्थिति किसी से छिपी नहीं है। आज भी यह समुदाय विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर है। बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। इनके गांवों तक आवागमन के लिए न तो सड़कों की उचित पहुंच है। न ही इन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल पाता है।




**बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव :** बाबूलाल ने आगे लिखा है कि इनके बीच गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पीने का पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी घोर अभाव है। कुपोषण, एनीमिया, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां इनके जीवन का हिस्सा बन चुकी हैं। पहाड़िया समाज के उत्थान के लिए बनायी गयी योजनाओं का लाभ भी अधिकतर बिचौलिये हड़प लेते हैं। मैं इन पहाड़ी क्षेत्रों का लगातार दौरा करता रहा हूं और उनकी दयनीय स्थिति को देखकर यह साफ जाहिर होता है कि उनकी हालत बेहद चिंताजनक है। अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि झारखंड की आदिम जनजातियों, विशेषकर पहाड़िया समाज के समग्र उत्थान के लिए एक विशेष समिति का गठन किया जाये। समिति द्वारा किये गये सर्वेक्षण और सिफारिशों के आधार पर एक वर्ष की ठोस कार्ययोजना तैयार की जाये, ताकि उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके। इस महत्वपूर्ण विषय पर अगली कैबिनेट में निर्णय लेकर विशेष समिति बनाकर पहाड़िया जनजाति के गांवों में जमीनी सच्चाई देखने भेजेंगे और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करेंगे।

## संजय सेठ ने जेपी नड्डा को जन्मदिन की दी बधाई



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को सोमवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उनके आवास पर जाकर उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने ईश्वर से उनके यशपूर्ण, सुखद और सुदीर्घ जीवन की कामना की और कहा कि आपके नेतृत्व और मार्गदर्शन में संगठन नयी ऊंचाई प्राप्त करे, यही शुभेच्छा है।

# राज्यपाल ने जेपी नड्डा को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। साथ ही राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को ट्वीट कर नैसर्गिक सौंदर्य और अद्भुत लोक संस्कृति से समृद्ध असम राज्य के स्थापना दिवस पर सभी असमवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने कहा है कि हमारी कामना है कि असम निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर रहे और यहां के नागरिकों के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे।

दूसरी ओर, भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी है। दुबे ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि बाबा बैद्यनाथ से आपके उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु जीवन की कामना करता हूं।

# पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की डिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में सोमवार को सुनवाई पूरी हो गयी। कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा है। मामले में आरोपितों पर आरोप गठित होना है।

इससे पहले खुद पर लगे आरोप को मुक्त कराने के लिए आरोपितों के जरिये डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया गया है। मामले में ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम और उनके परिजन सहित कई सहयोगियों की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज हो चुकी है। 15 मई को



इडी ने आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद से वे जेल में बंद हैं। टेंडर आवंटन में कमीशन लेने का उनपर आरोप है।


टेंडर कमीशन घोटाला मामले को लेकर इडी ने सबसे पहले 21 फरवरी, 2023 को बड़ी कार्रवाई की थी। निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के रांची, जमशेदपुर, पटना और दिल्ली सहित कई ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद वीरेंद्र राम सहित अन्य को इडी ने गिरफ्तार किया था। इडी की दूसरी बड़ी कार्रवाई 6 और 7 मई को हुई थी। इसमें कई इंजीनियर, कांट्रेक्टर ठेकेदार और पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के ठिकानों पर इडी ने छापेमारी की थी। आलमगीर आलम पीएस संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने से 32 करोड़ कैश बरामद हुए थे। इसके बाद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम से दो दिनों की पूछताछ के बाद इडी ने 15 मई को गिरफ्तार कर लिया था।

# पश्चिम बंगाल से परीक्षा देने आयी छात्रा के साथ होटल में छेड़खानी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पश्चिम बंगाल से परीक्षा देने आयी नाबालिग छात्रा के साथ होटल में छेड़खानी का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। घटना रांची के कटहल मोड़ स्थित एक होटल की है, जहां बदमाशों ने कमरे में घुसकर लड़की के साथ छेड़खानी की।

इस मामले में छात्रा के पिता ने नगड़ी थाना में मालदा के शुभेंदु मंडल, शांतनु मंडल, तमिलनाडु के अभिषेक दत्ता, अर्कापराव दत्ता और सोमनाथ शर्मा पर केस किया है। उनका आरोप है कि लड़कों ने उनकी बेटी की आपत्तिजनक तस्वीर खींची और उसे ब्लैकमेल किया। जानकारी के अनुसार, छात्रा कटहल मोड़ के काव्यन रेसीडेंसी में ठहरी थी। वह



आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी में परीक्षा देने आयी थी। रात में जब पिता खाना खाकर लौटे तो वह उनसे लिपटकर रोने लगी। यह घटना 16 सितंबर की है। इस मामले में करीब ढाई महीने बाद 29 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज की गयी है। थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच-पड़ताल की जा रही है।

# साहिबगंज में बस मालिक की गोली मारकर हत्या

### बस स्टैंड से लौट रहे थे, जांच में जुटी है पुलिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

साहिबगंज। झारखंड के साहिबगंज जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र में सोमवार को अपराधियों ने एक ट्रांसपोर्टर की गोली मारकर हत्या कर दी है। मृत व्यक्ति की पहचान राजमहल के दलाही गांव निवासी शालीग्राम मंडल के रूप में की गयी है। वह एक दर्जन से अधिक बसों का मालिक था। घटना की पुष्टि बरहड़वा डीएसपी नीतिन खंडेलवाल ने की है।

इसके पूर्व घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में खून से लथपथ शालीग्राम को उठाकर राजमहल अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने



ट्रांसपोर्टर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हर दिन की तरह सोमवार को भी शालीग्राम बस स्टैंड से पैसा कलेक्शन कर लौट रहा था। इस क्रम में तीनपहाड़ के लालबन गांव के पास एक बाइक से आये दो अपराधियों ने पीछे से शालीग्राम को गोली मार दी और रुपये से भरा थैला लेकर फरार हो गये। वहीं शालीग्राम को सड़क पर लहूलुहान अवस्था में देखकर एक युवक ने उसके परिजन को फोन पर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और शालीग्राम को उठाकर अनुमंडल अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद तीनपहाड़ और तालझारी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गयी है। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

इस संबंध में बरहड़वा के डीएसपी नीतिन खंडेवाल ने बताया कि शालीग्राम मंडल की मौत गोली लगने से हुई है। वह बस स्टैंड से पैसा कलेक्शन करने के बाद घर लौट रहा था। इसी क्रम में यह घटना हुई है। हत्या का कारण व्यापार में रंजिश से जुड़ा हो सकता है। अभी तक की जांच रिपोर्ट में दो अपराधियों के शामिल होने की बात सामने आयी है। अनुसंधान जारी है। जल्द अपराधियों को पकड़ लिया जायेगा।

# विस चुनाव में जिन सीटों पर मिली हार, उसकी समीक्षा के लिए कांग्रेस ने बनायी जिलावार समिति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 में कांग्रेस जिन विधानसभा सीटों पर चुनाव हारी है, उन सीटों की कांग्रेस समीक्षा करेगी। पार्टी यह देखेगी कि किन परिस्थितियों में और किन कारणों से उन सीटों पर उसे पराजय मिली। प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के निर्देश पर उन सीटों पर समीक्षा हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश द्वारा वरिष्ठ कांग्रेसजनों की जिलावार समिति का गठन किया गया है। यह समिति जिलाध्यक्षों, जिला पदाधिकारियों, प्रखंड, मंडल के अध्यक्ष और पदाधिकारी एवं जिला के अग्रणी संगठन, विभाग के लोगों के साथ बैठक कर हार के कारणों की समीक्षा करेगी।

### गठित जिलावार समिति और जिला विधानसभा, समिति संयोजक/सदस्य

- हजारीबाग-इस जिले की हजारीबाग, बड़कागांव, बरही, मांडू सीटों के लिए पूर्व मंत्री बंधु तिर्की को संयोजक बनाया गया है। सुल्तान अहमद, रवींद्र कुमार झा समिति के सदस्य के तौर पर रहेंगे।
- धनबाद- जिले की धनबाद, झरिया, बाघमारा सीटों के लिए शहजादा अनवर संयोजक जबकि अशोक चौधरी और जयशंकर पाठक सदस्य होंगे।
- पलामू-डाल्टेनगंज, विश्रामपुर और पांकी सीट के लिए रवींद्र सिंह को संयोजक जबकि भीम कुमार और विनय सिन्हा दीपू को सदस्य बनाया गया है।
- पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर पूर्वी और जमशेदपुर पश्चिमी सीटों के लिए ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह को संयोजक और रमा खलखो तथा आलोक दुबे को सदस्य बनाया गया है।
- दुमका एवं देवघर जिले की जरमुंडी सीट के लिए राजीव रंजन प्रसाद संयोजक होंगे। अमूल्य नीरज खलखो और डॉ एम तौसीफ सदस्य होंगे।
- रांची जिले की हटिया सीट के लिए रामाश्रय प्रसाद, संयोजक होंगे और अजय सिंह तथा जवाहर लाल महथा सदस्य होंगे।

# जल स्रोतों के संरक्षण के लिए जनांदोलन करेगा गंगा समग्र



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आनुषंगिक संगठन गंगा समग्र के महानगर इकाई की बैठक मनधीराम महतो की अध्यक्षता में विकास भारती कार्यालय आरोग्य भवन में सोमवार को हुई।

बैठक का संचालन करते हुए के जयराम ने कहा कि संगठन रांची महानगर के सभी सरोवरों, तालाबों एवं नदियों की अविरलता एवं निर्मलता के लिए जन-जागरण के माध्यम से सभी जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए शीघ्र ही जनांदोलन शुरू करेगा। झारखंड के प्रांत संगठन मंत्री अंबरीश ने कहा कि रांची में कई सरोवर हैं, जिन पर नगर निगम ने अच्छा काम किया है। सरोवर पक्के कराये गये हैं। पेड़-पौधों से सुसज्जित हैं लेकिन पानी काला एवं बदबूदार है। पालीथीन और कचरा प्रत्येक तालाब में है। उन्होंने कहा कि शहर की सांस्कृतिक पहचान बड़ा तालाब में घरों की मल-मूत्र युक्त नालियां गिर रही हैं। रांची की धरोहर स्वर्ण रेखा नदी नाला बन गयी है। इक्कीसों महादेव धाम, चुटिया जाकर देखें तो नदियों की दुर्दशा समझ में आयेगी। शहर के बड़े-बड़े दुर्गंध युक्त नाले सीधे नदी में गिर रहे हैं। बैठक को मुख्य रूप से डॉ रत्नेश मिश्रा, अशोक प्रधान और उदय सिंह ने भी संबोधित किया।

# रांची में रोहित हत्याकांड का खुलासा, दो गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दुर्गा पूजा के दौरान रोहित तिर्की की पीट-पीटकर हत्या करने वाले दो आरोपितों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते दो आरोपितों मंतोष कुमार उर्फ मंटू और आयुष राज उर्फ अंकित कुमार को गिरफ्तार किया है।

सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गत 11 अक्टूबर को रोहित दुर्गा पूजा घूमने के लिए गया हुआ था। पूजा के दौरान कुछ आपराधिक किस्म के युवकों से उसका विवाद हो गया। विवाद के बाद युवकों ने रोहित के साथ मारपीट की। मारपीट में रोहित बुरी तरह से जख्मी हो गया। रोहित को अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी थी। रोहित की हत्या से आक्रोशित परिजनों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर शव के साथ लालपुर चौक को जाम कर



दिया था।

एसपी ने बताया कि इस संबंध में लालपुर थाना निवासी मृतक के भाई मोहित तिर्की के बयान के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने अनुसंधान में आये तथ्यों के आधार पर और तकनीकी सहयोग से पंडरा ओपी क्षेत्र के पिस्का मोड़ स्थित विकास नगर में छापेमारी कर मंतोष कुमार उर्फ मंटू और आयुष राज उर्फ अंकित कुमार को गिरफ्तार किया। अन्य शामिल फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# बदला मौसम का मिजाज : चार दिसंबर से ज्यादा ठंड पड़ने की संभावना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में फेंगल चक्रवात का असर देखने को मिल रहा है। इस वजह से सुबह से ही आसमान में धुंध और हल्के बादल छाये हैं। इस बीच शहर में बूंदाबांदी भी देखने को मिल सकती है। वहीं, अब दोपहर में भी ठंड लोगों को सतायेगी।

झारखंड में मंगलवार से आसमान में बादल छाये रहने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। वहीं, सोमवार को कई जगहों पर बादल छाये रहे और कहीं-कहीं हल्की बारिश भी देखने को मिली। इस



दौरान अधिकतम तापमान करीब 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, सात दिसंबर के बाद आसमान साफ रहने की उम्मीद है। इस दौरान तापमान में भी बदलाव देखने को मिलेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के दक्षिणी भागों में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा रहेगा, बाद में आसमान में आंशिक बादल छाये रहेंगे। इस दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, 3 दिसंबर से 7 दिसंबर तक सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा, धुंध रहने और बाद में आंशिक बादल छाये रहने की संभावना है। इस दौरान मौसम शुष्क रह सकता है। चार दिसंबर से ठंड ज्यादा पड़ने की संभावना है। क्योंकि, न्यूनतम तापमान और नीचे जा सकता है।

इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने सोमवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने 'फेंगल' तूफान के कारण हवा का रुख बदल चुका है। वहीं, दक्षिण से आ रही हवा के कारण राज्य में बादल छाये हुए हैं। इसके बाद राज्य में ठंड भी बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी हिस्से में हल्की बारिश दर्ज की गयी। जगन्नाथपुर में 12 मिमी, सिमडेगा में 2.5 मिमी बारिश हुई। इस दौरान सबसे अधिक अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस गोड्डा में दर्ज किया गया। जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस गढ़वा में दर्ज किया गया। हालांकि इस दौरान कुछ जगहों पर तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया।

# कांग्रेस झारखंड प्रभारी को ओबीसी मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से मिलकर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता और सचिव अजय कुमार ने झारखंड विधानसभा में प्रचंड जीत की बधाई देने के साथ-साथ ओबीसी समुदाय को मंत्रिमंडल में उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग की। नयी दिल्ली में सोमवार को सौंपे मांग पत्र में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा है कि राहुल गांधी जिसकी जितनी संख्या



भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी की वकालत करते हैं। उन्होंने प्रभारी और अध्यक्ष से इसे धरातल पर उतारने की मांग की है। प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मंत्रिमंडल में उचित भागीदारी देने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, कांग्रेस एसी सेल के अध्यक्ष केदार पासवान भी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.2 °C | 15.4 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.01 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.14 बजे |


आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 03 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in




# सोमवार को सीएम हेमंत सोरेन से अधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की




सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी और एडीजी सुमन गुप्ता ने शिष्टाचार मुलाकात की।



सीएम हेमंत सोरेन से उपायुक्त धनबाद माधवी मिश्रा ने शिष्टाचार मुलाकात की





सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में डीजी वायरलेस प्रशांत सिंह, आइजी दक्षिणी छोटानागपुर अखिलेश झा, डीआइजी एसीबी शैलेंद्र कुमार वर्णवाल, डीआइजी हजारीबाग सुनील भास्कर, डीआइजी बोकारो सुरेंद्र झा और पुलिस अधीक्षक हजारीबाग अरविंद कुमार सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजी-रोजगार के उचित अवसर मिलेंगे,नवीन कार्य की शुरूआत करने के लिए समय ठीक है।

**वृष** प्रयास व उत्साह से कई बिगड़े काम संवर जायेंगे,क्रोध व आवेश पर नियंत्रण रखें।

**मिथुन** सरकार की ओर से धन व मान-सम्मान की प्राप्ति होगी,नौकरी में प्रमोशन के अवसर मिल सकता है।

**कर्क** नौकरी या व्यवसाय में परिवर्तन हो सकता है,जो भविष्य में लाभकारी सिद्ध होगा।

**सिंह** नया काम इस समय हाथ में न लें, कोई अप्रिय समाचार मिलेगा, जिससे मन एकदम परेशान व आप भयभीत हो उठेंगे।

**कन्या** व्यापार व कार्यक्षेत्र की चिन्ताओं से आप मुक्त हो जायेंगे,जीवन साथी से व्याप्त मतभेदों का निराकरण होगा।

**तुला** रोजी-रोजगार में अवरोध-विरोध का सामना हो सकता है,विरोधी प्रबल होकर हावी होंगे।

**वृश्चिक** बिगड़ा हुआ कार्य सुधरेगा तथा धन प्राप्ति के लिए किए गए प्रयासों में बराबर सफलता मिलेगी।

**धनु** कारोबार व कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रशस्त होंगे, आपके अपने परिश्रम का पूरा पूरा फल मिलेगा।

**मकर** आस-पड़ोस व मित्रों का सहयोग मिलेगा,कोरोबार के हालात पुछले दिनों से कुछ बेहतर होंगे।

**कुंभ** नई नौकरी मिलने की प्रयास सफल होने की संभावना,विघ्न बाधाओं के वाबजूद सफलता तथा धन प्राप्ति के साधन बनेंगे।

**मीन** मिले-जुले परिणाम प्राप्त होंगे, आय में कुछ कमी रहेगी, फिर भी आय के साधन निर्वाह योग्य बने रहेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट में 6 दिसंबर को मंजू नाथ भजंत्री की याचिका पर सुनवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** आइएएस अधिकारी और वर्तमान में रांची डीसी के पद पर पदस्थापित मंजू नाथ भजंत्री की याचिका सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हो गयी है। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक, रांची डीसी की याचिका पर 6 दिसंबर को सुनवाई हो सकती है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) दाखिल की है। अपनी याचिका में उन्होंने हाइकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए चुनावी कार्य से दूर रखे जाने के आदेश को रद्द करने की मांग की है। दरअसल 22 सितंबर को झारखंड हाइकोर्ट ने आइएएस अधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने और उन्हें चुनावी कार्यों से उन्हें अलग रखने के आदेश के खिलाफ दायर अपील याचिका स्वीकार कर ली थी। जिसके बाद उन्हें चुनाव के कार्य से दूर रखा गया था। इतना ही नहीं आचार संहिता के दौरान आनन-फानन में उन्हें रांची डीसी के पद से हटा कर वरुण रंजन को रांची डीसी नियुक्त कर दिया गया था। हालांकि हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सरकार ने वापस मंजू नाथ भजंत्री को रांची डीसी नियुक्त कर दिया है।

# इंडिया ब्लॉक की बैठक में टीएमसी नहीं गयी

**कहा, कांग्रेस सिर्फ अडाणी मुद्दे पर अटकी हुई है**

**प्रधानमंत्री 13-14 दिसंबर को दोनों सदनों को संबोधित करेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र में लगातार पांचवें दिन भी हंगामा हुआ। विपक्ष ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदन में अडाणी और संभल मुद्दा उठाया। विपक्षी नेताओं ने वी वांट जस्टिस के नारे लगाये। सोमवार को लोकसभा में सिर्फ 14 मिनट और राज्यसभा में करीब 15 मिनट ही कार्यवाही चल सकी। इससे पहले चार दिनों के अंदर चार बैठकों में दोनों सदनों में कुल 40 मिनट ही कार्यवाही हो सकी थी। उधर, इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। इसमें लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हुए। हालांकि टीएमसी के सांसद इसमें शामिल नहीं हुए। टीएमसी नेताओं का कहना है कि वे सदन में बेरोजगारी, मणिपुर, महंगाई जैसे मुद्दों पर चर्चा करना चाहते हैं, जबकि कांग्रेस सिर्फ अडाणी मुद्दे पर हंगामा कर रही है। उधर, संभवतः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13-14 दिसंबर को दोनों सदनों को संबोधित करेंगे।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार दोपहर सभी सदन नेताओं की बैठक बुलायी। बैठक में टीडीपी, कांग्रेस, डीएमके, एनसीपी (शरद गुट), सपा, जदयू, राजद, टीएमसी, सीपीआइ (एम) और शिवसेना (यूबीटी) के नेता शामिल हुए। इसमें तय हुआ कि लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों को ठीक से चलाया जायेगा। विपक्ष के नेताओं ने कुछ मांगे रखी जिसे मान लिया गया है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सदन नहीं चलना और जनता के पैसों का नुकसान होना ये ठीक नहीं है। सबने इस बात को माना है। 13 और 14 तारीख को संविधान पर लोकसभा में चर्चा करेंगे और 16-17 को राज्यसभा में चर्चा होगी। कल हम सदनों में पहला बिल पास करेंगे।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की कैद

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची सिविल कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के जुर्म में दोषी करार हिंदपीढ़ी के मो अली उर्फ नूर अली को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने नूर अली पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पोक्सो मामले की विशेष अदालत ने यह फैसला सुनाया है। नूर पर अपने पड़ोसी की बेटी के साथ जबरदस्ती करने का आरोप सिद्ध हुआ है। इस घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने हिंदपीढ़ी थाना में 8 जून 2022 को प्राथमिकी दर्ज करायी थी। नूर को 11 जून 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### जन शिकायत के लिए रांची डीसी ने जारी किया नंबर

# जनता कर सकेगी 24X7 व्हाट्सएप पर शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने जिला की जनता के लिए जन शिकायत नंबर जारी किया है। 9430328080 व्हाट्स एप नंबर है, जिसमें आम जनता अपनी शिकायत दे सकते हैं। डीसी के आवसीय गोपनीय स्थित सभा कक्ष से नंबर की आधिकारिक तौर पर पायलट लॉन्चिंग की। डीसी ने आम जनों से कहा कि आम लोगों की सुविधा और उनकी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन की ये पहल है, समय के साथ इस प्लेटफार्म के माध्यम से शिकायत प्राप्त करने और समाधान की प्रक्रिया को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जायेगा।

**हर सप्ताह शिकायतों की होगी समीक्षा :** प्रत्येक सप्ताह को शनिवार के दिन जनता की शिकायतों से संबंधित समीक्षा की जायेगी। इसमें लोगों से प्राप्त होने वाले शिकायतों का समय से निराकरण के लिए संबंधित विभाग को भेजा जायेगा। शिकायत पर की गयी कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन समय-समय पर उपलब्ध कराना होगा।




## शिकायत जमा करने पर दिया जायेगा रेफरेंस नंबर : डीसी

डीसी ने बताया कि आवेदक को अपना नाम, पता, थाना और शिकायत से संबंधित कागज जमा करना होगा। शिकायत जमा करने के बाद आवेदक को रेफरेंस नंबर दिया जायेगा, जिससे वे अपनी शिकायत की स्थिति जान सकेंगे। डीसी ने बताया कि ये नंबर 24*7 काम करेगा। समस्याओं को त्वरित संज्ञान में लेकर संबंधित विभाग द्वारा उसका समाधान किया जायेगा और नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी। इसके लिए तीन पारियों में दो-दो कर्मियों और पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति भी की जा चुकी है। डीसी ने कहा कि जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, जमीन से जुड़ी समस्याओं को लेकर समीक्षा की जा रही है।

# सुरेश बैठा को मंत्री बनाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची महानगर कांग्रेस कमिटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजू राम ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर 65- कांके (एससी) विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा को झारखंड सरकार में मंत्री बनाने की मांग की है। उन्होंने पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि 65-कांके (एससी) विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा विगत 30 वर्षों से कांग्रेस पार्टी के विभिन्न पदों पर समर्पित भाव से योगदान दे चुके हैं। लगातार तीन बार विधानसभा चुनाव में पराजय के होने बाद भी पार्टी संगठन से कभी दूर नहीं हुए और विधानसभा क्षेत्र में कार्य करते रहे।

2024 के विधानसभा चुनाव में कांके से विजयी होकर कर 34 वर्षों से काबिज भाजपा के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया है। राजू राम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावे केसी वेणुगोपाल, संगठन महासचिव, गुलाम अहमद मीर, झारखंड प्रभारी एवं केशव महतो कमलेश, अध्यक्ष, झारखंड प्रदेश से भी 65- कांके (एससी) विधानसभा क्षेत्र से नव-निर्वाचित कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा को झारखंड सरकार में मंत्री बनाने की मांग की है।

## सड़कों पर गंदा पानी का बहना है जारी



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत विष्णुगढ़ पंचायत स्थित तेली मोहल्ला के अलावा पुराना मनसा मंदिर से होते हुए नीचे मोहल्ला से जाने वाली सड़क पर बहते गंदे पानी की वजह से लंबे समय से राहगीर और स्थानीय निवासी परेशान चल रहे हैं। वैवाहिक समारोह में भी स्थिति यही बनी हुई है। घर पर पनसोखा होने के बावजूद घरों के गंदे पानी कई बार स्थानीय लोगों द्वारा विनम्रतापूर्व समझाने के बावजूद भी स्थिति में बदलाव देखने को नहीं मिला। स्थिति यह है कि मोहल्ले में शादी है और घरवाले और पूर्व मुखिया अरुण रजक सड़क पर पानी न बहाने का आग्रह करते हुए हाथ जोड़ कर पूरे मोहल्ले में घर घर घूमने को मजबूर हैं। इस संबंध में विष्णुगढ़ अंचल अधिकारी को आवेदन के साथ सूचित किया गया, मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए अंचल अधिकारी नित्यानंद दास के द्वारा उक्त सभी लोगों के विरुद्ध नोटिस जारी करने का आदेश दिया गया।

## स्पोर्ट्स डे का किया गया आयोजन




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** जागृति महिला संघ (जेएमएस), एनएमएल पकरी बरवाडीह और बादाम सीएमपी हजारीबाग ने अपनी स्पोर्ट्स डे बड़ी उत्साह के साथ आयोजित किया। इस आयोजन में संघ के सदस्य और बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में खेलों के महत्व को उजागर करना, दोस्ती और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना, और एक स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रोत्साहित करना था। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि श्रीमती तजीन फैज, जेएमएस की अध्यक्षा, और श्रीमती मीनाक्षी सक्सेना, जेएमएस की उपाध्यक्षा शामिल हुईं। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियां आयोजित की गयी, जिनमें 100 मीटर रेस, रस्सा खींचना, नींबू और चमच रेस, वॉकाथॉन, बॉल गिराना, साड़ी बांधने की रेस इत्यादि शामिल थी।

## महिला हिंसा रोकने को लेकर आवाज उठाने की ली शपथ



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थिति मरकच्चो थाना परिसर में जे एस पी एल एस पलाश की महिला समूह ने आये दिन महिलाओं पर हो रहे हिंसा को रोकने की शपथ सोमवार को ली। इस दौरान महिलाओं ने विश्व महिला हिंसा उन्मूलन पखवाड़ा के अवसर पर जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ हमेशा आवाज उठाएंगे की शपथ ली। महिलाओं ने थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा के उपस्थिति में शपथ लिया। इस दौरान महिलाओं ने शपथ लेते हुए कहा कि हम महिला हिंसा के खिलाफ आवाज उठाएंगे कभी भी मूक दर्शक बनकर नहीं रहेंगे। हम शपथ लेते हैं कि सबके साथ समान व्यवहार करेंगे और इसकी शुरूआत हम अपने घर से करेंगे। शपथ लेते हैं कि लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चुप्पी तोड़ेंगे। इस मौके पर जेंडर सी आर पी लक्ष्मी कुमारी, ललिता कुमारी, मनोरमा देवी, जेंडर सी आर पी आरती देवी, शिवानी देवी, अंजू देवी, निखत परवीन, टुन्नी देवी, सुमन कुमारी, अंजुम खातून, बीपीओ दिनेश्वर पासवान, सन्तोष कुमार, बी आर पी रूबी देवी, थाना के पदाधिकारी मो इसराफुल समेत अन्य पदाधिकारी व पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन पर होनेवाले अत्याचार के खिलाफ आज हजारीबाग बंद



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बांग्लादेश में सनातनी समाज (हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध) और मठ मंदिरों पर हो रहे बर्बरतापूर्ण अत्याचार चरम पर है। इस अत्याचार के खिलाफ आज हजारीबाग स्टेडियम (कर्जन ग्राउंड) में सर्व सनातन समाज हजारीबाग के द्वारा एक विशाल सभा और नगर भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर अपनी चट्टानी एकता का परिचय देने हेतु सनातनी समाज के सभी सदस्यों से अपने अपने दुकान, प्रतिष्ठान, शो रूम, कोचिंग आदि बंद रखने का आह्वान किया गया है। सर्व सनातन समाज हजारीबाग अपने सभी माताओं, भैया बहनों, बंधुओं से आग्रह करती है कि सभी अपने-अपने रोजमर्रा के कार्यों से परे होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपना बहुमूल्य समय दें। सभी को पता है कि विभाजन के समय पाकिस्तान में हिंदुओं, सिखों, जैनों एवं बौद्धों की अच्छी खासी संख्या थी, जो अब नगण्य हो चुका है। यही स्थिति अब बांग्लादेश में भी होने जा रही है। बांग्लादेश की वर्तमान सरकार इस कुकृत्य में खुले तौर पर शामिल है। अगर हम सभी अभी भी सचेत नहीं होंगे तो हमारी आनेवाली पीढ़ियां हमें ही कोसेंगी। अतः आप सभी सनातनी बंधु बांधव से सर्व सनातन समाज हजारीबाग आग्रह करती है कि आज ही हजारीबाग को स्वतः स्फूर्त बंद कर और इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में और बांग्लादेश सरकार को होश में आने का आह्वान करें।

## चंद्रवंशी विकास मंच कोडरमा की बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** चंद्रवंशी विकास मंच कोडरमा की मासिक बैठक रविवार को सुंदर नगर निवासी मंच सदस्य प्रेम कुमार राम के आवास पर मुख्य संरक्षक सदस्य रामेश्वर राम रवानी, जय प्रकाश राम, बिरेंद्र राम, उमेश राम, प्रवीण चंद्रा, सीता राम भगत जी, ओम प्रकाश राम, महेंद्र राम की उपस्थिति मंच अध्यक्ष चंद्रवंशी दीपक नवीन की अध्यक्षता व सचिव महेश भारती के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में सचिव महेश भारती ने मासिक कार्य रिपोर्ट पेश करते हुए सर्व प्रथम बैठक में समाज की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्तिथि पर विस्तार से चर्चा करते हुए समाज के अंदर राजनीतिक वा शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाने पर जोर दिया गया। वही मंच अध्यक्ष चंद्रवंशी दीपक नवीन नें समाज की सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करते हुए आने वाले नगर पंचायत चुनाव में भी अपनी ताकत के साथ एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया। समाज को एकजुट करते हुए हर प्रकार की सामाजिक जागरूकता बनाए रखना होगा। बैठक में 5 जनवरी को चंद्रवंशी पारिवारिक मिलन समारोह सह वन भोज कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसकी तैयारी अभी से शुरू कर देने के साथ बैठक में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष रवि राम, कोषाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, मीडिया प्रभारी दीपक सिंह, सुरेंद्र भारती,अरुण राम, उपेंद्र वर्मा, विजय राम, दिवाकर राम, अनिल राम, मनोज राम,रंजीत राम, राजकुमार राम, रवि रवानी, मुकेश राम, विजय कुमार, मनोज कुमार, द्वारिका राम, प्रेम कुमार आदि लोग ने भाग लिए। जबकि बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन मंच सदस्य प्रेम कुमार राम ने किया।

### उपायुक्त ने धान अधिप्राप्ति को लेकर की बैठक

# एक लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य किया गया निर्धारित

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति को लेकर पैक्स केंद्रों के चयन हेतु बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पूणेर्दु ने बताया कि खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में एक लाख क्विंटल धान क्रय किये जाने का लक्ष्य जिला के लिए राज्य द्वारा निर्धारित किया गया है। इस वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपए और बोनस 100 रुपये निर्धारित है, इस प्रकार कुल 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों से धान का क्रय किया जायेगा। धान अधिप्राप्ति केंद्र और दो राइस मीलरों की सूची प्राप्त है। मां जाह्नवी राइस मिल, कोडरमा और मयूर राइस मिल, कोडरमा जिन्हें संबद्ध किया जाना है। उपायुक्त ने धान क्रय को लेकर विभागीय पदाधिकारियों से विगत वर्ष में धान अधिप्राप्ति की और इस वर्ष धान अधिप्राप्ति किये जाने की कार्ययोजना की पूरी जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।




जिला में धान अधिप्राप्ति को लेकर विस्तृत चर्चा किया गया। उन्होने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को लैंपस में ही धान विक्रय के लिए प्रेरित करें, सरकार द्वारा समर्थित मूल्य में अपना उत्पादन बेचें और बिचौलियों से सावधान रहें। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता पूनम कुजूर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पूणेर्दु, जिला कृषि पदाधिकारी रवि शंकर वर्णवाल, जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा, इओडीबी प्रबंधक राजीव कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## भाकपा माओवादी संगठन ने दी दस्तक

**क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करने के चिपकाया धमकी भरा पर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड में भाकपा माओवादी फिर से दस्तक दी है दस्तक देते हैं धमकी भरा पर्चा चिपकाया गया है। पर्चा में कॉल कंपनी के विरुद्ध लिखा हुआ है साथ ही साथ ग्रामीण जनता को अपने हक और अधिकार के लिए लड़ने के लिए हथियार उठाने की बात कही गयी है। साथ ही साथ भाजपा माओवादी के 24वां वर्षगांठ के मौके पर सभी युवक-युवतियों के को संगठन में भर्ती होने की भी अपील की गयी है। उक्त पर्चा बड़कागांव के ओपी डाडीकला थाना अंतर्गत लगातू आराहारा मोड़ में चिपकाया गया था। जिसको सुबह ग्रामीणों ने देखा और पुलिस को सूचना दी। तत्पश्चात डाडी कला पुलिस मौके पर पहुंचकर पर्चा को उखाड़ कर अपने कब्जे में ले लिया। इस संबंध में दाढ़ी कला थाना प्रभारी पिंटू कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पर्चा पर जांच जारी है।



## सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** जिले के ढाब थाना क्षेत्र के ढाब घाटी में सोमवार को एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों की पहचान कोडरमा के बंगाखालर निवासी बबलू कुमार (उम्र 19 वर्ष पिता महेंद्र राय), संतु कुमार (उम्र 18 वर्ष) और अनिल कुमार (उम्र 19 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बाइक सवार तीनों युवक कोडरमा की तरफ आ रहे थे इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके बाद स्थानीय लोगों की सहायता से तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। तीनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

## दरवाजा तोड़ किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** कुसुम्भा पंचायत के अलखरीकला निवासी देवंती देवी पति नरेश टुडू ने थाने में आवेदन दे कर न्याय की गुहार लगायी। बताते चलें कि आरोपी रात करीब 12:30 बजे बांस के बने दरवाजा को तोड़ कर 4 माह की दुधमुहे बेटी के साई महिला के साथ दुष्कर्म किया, जब महिला के चिखने पुकारने की आवाज घर के ही दूसरे कमरे में सोए बड़े भैसुर प्रदीप टुडू, और गोतनी घटित कमरे में गयी तो आरोपित संतोष हेंब्रम काफी उत्तेजित और उग्र रूप में देवंती देवी के मुंह को दबाया हुआ था, किसी तरह बीच बचाव कर हो हल्ला कर ग्रामीणों को बुलाया गया और उसे पकड़ कर रखा गया। मुश्किल किसी तरह अपने घर का पता बताया तब जा कर उनके परिजनों को सूचना दिया गया। जब परिजन मामले को लेकर कोई उत्सुकता नहीं दिखाया तो अंत में पीड़िता ने आवेदन देते हुए आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया।

## एनटीपीसी ने की 1000वीं कोयला रैक की रवानगी, टारगेट पूरा कर बनाया रिकॉर्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** कटकमसांडी रेलवे साइडिंग में एनटीपीसी चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के अंतर्गत (पियनम) कंपनी के द्वारा 02 दिसंबर 2024 को कटकमसांडी रेलवे साइडिंग से 1000 वें कोयला रैक भेज कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इसके साथ ही परियोजना ने सोमवार को महज कुछ दिनों के रिकॉर्ड समय में 1000 कोयला रैक भेज कर एक मील का पत्थर हासिल किया। चट्टी बरियातू परियोजना के निदेशक पवन कुमार रावत ने इस उपलब्धि पर सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा की आज देश का हर चौथा बल्ब एनटीपीसी की बिजली से रौशन है और हमारी परियोजना का योगदान इसमें बहुत अहम रहा है। उन्होंने ये कहा कि जो टीम सारणेश्वर ट्रांसपोर्ट कोल प्राइवेट लिमिटेड ने कड़ी मेहनत से अपना एक लक्ष्य निर्धारित करने और टीम के साथ लक्ष्य हासिल करने की संस्कृति विकसित की है। इसी उपलक्ष्य के दौरान आज परियोजना का हेड नवीन कुमार गुप्ता और सारणेश्वर ट्रांसपोर्ट के मालिक आशुतोष सिंह उर्फ मोनू सिंह ने कटकमसांडी के बिरहोर टंडा में बसे आदिम जनजाति के बच्चों को अपने हाथों से स्कूली बैग का वितरण किया गया। आशुतोष सिंह ने बताया कि इस कड़ाके के ठंड में आदिम जनजाति के लिए मेरे कंपनी यानी सारणेश्वर ट्रांसपोर्ट कोल प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा बेहतरीन व्यवस्था दिया जायेगा ताकि इस ठंड में आदिम जनजाति का इस ठंड में ठंड का एहसास न हो। उन्होंने ओर भी कहा कि कटकमसांडी में कुछ ऐसे आवासीय विद्यालय है जिसमें एक अच्छा व्यवस्था दिया जायेगा। मौके पर नवीन कुमार गुप्ता, डिस्पेच पवन कुमार रावत, माइनिंग पवन कुमार, खानडवे, सवेन कुमार, विजय किशोर, मनोज कुमार बेहरा, गणपत यादव, जयंत कुमार साहू, विनय सिंह, शिवशंकर कुमार, आशुतोष सिंह उर्फ मोनू सिंह उपस्थित रहे।



### आइसेक्ट विवि के एनएसएस इकाइ का शिविर संपन्न

# विद्यार्थियों में सेवा और समर्पण का भाव जागृत करने में एनएसएस की भूमिका अहम : डॉ मुनीष गोविंद

**स्वयंसेवक घरेलू, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** आइसेक्ट विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई के बैनर तले राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयिका डॉ रोजी कांत के नेतृत्व में बीते 26 नवंबर से हरली में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन सोमवार को हुआ। बता दें कि सात दिवसीय शिविर की शुरुआत हर दिन प्रार्थना और योगाभ्यास से होता था। गांव की सफाई, पौधारोपण, पौधों में जल सहित अन्य कार्यों में श्रमदान, प्रतिस्पर्धा कार्यक्रम, सांस्कृतिक गतिविधियों की तैयारी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लक्ष्य गीत, मंत्रोच्चारण, प्रभातफेरी सहित अन्य कार्य स्वयंसेवकों के हर दिन के गतिविधियों में शामिल था। स्वयंसेवकों ने बताया कि सात दिवसीय शिविर के दौरान घरेलू, सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यों में एक साथ शिरकत का मौका मिला। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा का अधिकार और स्वच्छता को लेकर स्वयंसेवकों ने जागरूकता अभियान चलाया। साथ ही आधुनिक समाज, जल है तो कल है, शिक्षा पर समान अधिकार, स्वच्छ भारत सुंदर भारत सहित अन्य थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक के जरिये सकारात्मक संदेश भी दिया। आइसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने एनएसएस को अहम बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पढ़ाई के साथ साथ देश के प्रति सेवा और सामाजिक सहयोग की भावना विकसित होती है। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने युवाओं को राष्ट्र का भविष्य बताते हुए कहा कि एनएसएस से जुड़ने से विद्यार्थियों में समाजसेवा की भावना तो पनपती ही है, साथ ही ऐसे शिविर के आयोजन से विद्यार्थियों में सेवा और समर्पण का भाव भी जागृत होता है।

एनएसएस समन्वयिका डॉ रोजी कांत ने बताया कि शिविर के समापन पर सोमवार को सात दिवसीय शिविर के कार्यों का मूल्यांकन किया गया। आगामी 26 जनवरी सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक की घोषणा के साथ साथ स्वयंसेवकों को सम्मानित भी किया जायेगा। इन स्वयंसेवकों को किया जायेगा पुरस्कृतः सन्नी कुमार, हेरा फातिमा, तनिष्का कुमारी, महेश कुमार, विशाल कुमार, पूजा कुमारी, आशुतोष कुमार, सीमा कुमारी, किरण कुमारी, चंदन साव, मनव्वर हुसैन, निखिल कुमार, हर्ष सिन्हा, ऋतिक कुमार, आशीष जेरी करकेट्टा, मुस्कान कुमारी, आदित्य, स्नेहा सिन्हा, पल्लवी कुमारी, चंपा कुमारी, कोमल रानी, प्रियंका भारती, संजय यादव, सोनु कुमार, डॉली कुमारी, प्रियंका कुमारी, माही कुमारी, रिया वर्मा, आनंदी पांडेय, श्रृष्टि कुमारी, कौशल महतो, शिव कुमार, चंदन कुमार, समीर कुमार सहित अन्य स्वयंसेवकों को आगामी 26 जनवरी को विश्वविद्यालय परिसर में सम्मानित किया जायेगा।




## शिविर में 19 लोगों ने किया रक्तदान



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मंच का 11वां रक्तदान शिविर पेलावल दक्षिणी पंचायत भवन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि मुख्य संरक्षक डॉ सीपी दांगी ने अस्वस्था के बावजूद रक्तदाताओं की हौसला अफजाई हेतु अपनी उपस्तिथि दर्ज करायी। हौसला अफजाई के लिए शिविर में अपनी गरिमामय उपस्तिथि दर्ज कराने में हजारीबाग यातायात प्रभारी श्रवण कुमार और इनके साथ पुलिसकर्मी सह समाजसेवी मो इमरान, डॉ एके मेहता, डॉ तनवीर अख्तर, हजारीबाग विधानसभा प्रत्याशी उदय मेहता, खतियानी परिवार के मो हकीम और कुणाल कुमार थे। उपस्थित अतिथियों ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में कुल 19 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन पेलावल दक्षिणी निवासी शकील अहमद उर्फ बंटी और समापन बादल पासवान ने रक्तदान कर किया। पेलावल दक्षिणी की महिला नेहा परवीन ने शिविर में प्रथम बार रक्तदान कर अन्य युवतियों के लिए प्रेरणा की श्रोत बनी। इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष एम हक भारती, उपाध्यक्ष सुधीर ठाकुर, सचिव अमित कुमार पासवान, उप सचिव इंजमामुल हक भारती, कोषाध्यक्ष विक्की सोनी, उप कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, कर्मठ सदस्य मो आरिफ और महेंद्र राम उर्फ कैलाश का योगदान रहा।

## हाथियों का आतंक 5वें दिन भी जारी



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** 23 हाथियों का झुंड पिछले पांच दिनों से प्रखंड के चिरुवां जंगल में डेरा जमाए हुए है। बताया जाता है कि कोई हथिनी बच्चे को जन्म दिया है। यही वजह है कि वे एक ही जगह डेरा जमाए हुए हैं। रविवार की रात कुछ हाथी जंगल के किनारे खेत में लगे फसलों को नष्ट किया। बंदी निवासी दिनेश प्रजापति द्वारा यहां पत्तागोभी, कद्दू, बिन और राहर लगाया गया था। जिसे हाथियों ने नष्ट कर दिया है। किसानों में हाथियों के एक ही स्थान पर जाने रहने की वजह से भय व्याप्त है। अगल-बगल के गांव मंडपा, खंभवा, बांडी, धरमपुर, अमनारी आदि के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इधर वन विभाग के संजीत कुमार रविदास और विद्याभूषण क्षेत्र में सक्रिय हैं और हाथियों के गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। इनका कहना है कि यदि हथिनी बच्चे को जन्म दी है तो इस परिस्थिति में उनके करीब अथवा जंगल की ओर किन्हीं को नहीं जाना चाहिए।

## चलकुशा के दो घरों में हुई चोरी



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत खरगु में रविवार रात अलग-अलग दो घरों से चोरों ने घर का सामान, गहने, नगदी समेत अन्य सामान की चोरी कर ली। सुबह जब घर के लोग सो कर उठे तो उन्होंने देखा बगल वाला रूम का खिड़की और ताला टूटा हुआ है। चोरी की सुचना जीप सदस्य सविता सिंह, मुखिया प्रतिनिधि सीताराम पंडित को मिली तो उन लोग तुरंत पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। जिप सदस्य ने कही कि एक ही रात में 11हजार बिजली का तार को बाधित कर मुख्तार अंसारी और खलील अंसारी के यहां चोरी हो गयी। इसकी जानकारी जिप सदस्य के द्वारा चलकुशा थाना को मोबाइल के द्वारा दिया गया। मुख्तार अंसारी के घर परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है मुख्तार अंसारी ने कहा कि हम लोग बगल वाले कमरा में सोए हुए थे पहले एक रूम का ताला तोड़ा और सामान बिखेर दिया उस कमरे में उन लोगों को कुछ नहीं मिला तो बगल वाले कमरे का खिड़की तोड़कर घर में रखा 20 हजार रूपए नगद सोने और चांदी का जेवरात सभी जेवरात मेरी बेटी और पत्नी का लगभग लाखों रुपये का जेवरात था वहीं दूसरी ओर खलील अंसारी के घर के सदस्य डॉक्टर के पास गये हुए थे घर में ताला बंद था। इसके घर से भी सोना चांदी और काश पीतल के बर्तन लेकर चोर फरार हो गये। ज्ञात हो कि जब भी चलकुशा प्रखंड के किसी भी गांव में चोरी होती है तो चोर लोग 11हजार बिजली तार को कपड़ा या रस्सी से बांधकर चोरी को अंजाम देता है। वही घर के सदस्य और अन्य घरों के लोग गहरी नींद में सोए हुए थे जिससे उन लोगों को कुछ पता नहीं चला। थाना प्रभारी चितरंजन कुमार अपने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी ने कहा कि चोरी करने वाले लोगों को बक्सा नहीं जायेगा। आगे पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल कर रही है।

## अंतर विश्वविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ी ओड़िशा के लिए रवाना



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कर्णपुरा महाविद्यालय के प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो के द्वारा विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग से खो-खो प्रतिभागियों को फकीर मोहन विश्वविद्यालय बालसोर उड़ीसा के लिए रवाना किया गया। जिसमें जेजे कॉलेज, झूमरीतिलैया जुबली कॉलेज भुरकुंडा, अन्नंदा महाविद्यालय और कर्णपुरा महाविद्यालय से विशेष प्रशिक्षण शिविर से विद्यार्थियों का चयन किया गया। जिन्हें उड़ीसा में 3 दिसंबर से लेकर 6 दिसंबर तक होने वाले अंतर विश्वविद्यालय खो-खो खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इन प्रतिभागियों को कर्णपुरा महाविद्यालय में खो-खो का खेल प्रशिक्षण चल रहा था उसके समाप्ति के पश्चात उन्हें जीत की शुभकामनाओं के साथ रवाना किया गया। इस आयोजन में ईस्ट जोन टूर्नामेंट में कुल 41 विश्वविद्यालय के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। जिनमें से विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रतिभागियों के दल को कर्णपुरा महाविद्यालय के खेल प्रभारी प्रोफेसर ऋतुराज दास उड़ीसा लेकर जा रहे हैं। मौके पर सचिव टूकेश्वर प्रसाद, प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, डॉक्टर बालेश्वर महतो, प्रोफेसर निरंजन प्रसाद नीरज, प्रो सुरेश महतो, प्रोफेसर फजरूद्दीन, प्रोफेसर अनु कुमारी, प्रोफेसर पवन कुमार, प्रो ललिता कुमारी, डॉ चंद्रशेखर राणा, प्रो लालदेव महतो, नेमधारी राम, अनिता कुमारी, छात्र-छात्राओं में राहुल कुमार, शिवम कुमार, दिलचंद, सतीश रॉकी, नमिता कुमारी, सीता, बबीता, पूजा, मधु, श्वेता के अलावा छात्र छात्राएं ने भी टीम को शुभकामनाएं दी हैं।

## अंबा प्रसाद ने की राज्य की कार्यकारिणी बैठक



पतरातू (आजाद सिपाही)। पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कार्यालय विधान भवन, कोलकाता में पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने बतौर सह-प्रभारी के रूप में राज्य की कार्यकारिणी बैठक में भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव गुलाम अहमद मीर, सचिव असफ अली खान और पश्चिम बंगाल प्रदेश अध्यक्ष शुभंकर सरकार मौजूद रहे जहां प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरीय पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में हुई बैठक में पश्चिम बंगाल में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और हमारे मार्गदर्शन में पार्टी के भविष्य के रोडमैप को आकार देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। वहीं रणनीतियों पर चर्चा करने और विशिष्ट मुद्दों के समाधान के लिए संगठन के भीतर विभिन्न समूहों के साथ अलग-अलग बैठकें आयोजित की गयी। अंबा प्रसाद ने इस अवसर पर कहा कि बैठक में हुई चर्चाएं सकारात्मक और प्रेरणादायक रहीं, जिससे पार्टी में नई ऊर्जा और दिशा आयी।

# वेब्स होटल से चोरी 14.31 लाख रुपये कैश और जेवर बरामद, चोर गिरफ्तार

**48 घंटे में मिली रामगढ़ पुलिस को सफलता, व्यापारियों ने एसपी सहित टीम में शामिल लोगों को किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शहर लोहार टोला शिवाजी रोड स्थित वेब्स होटल के मालिक संजीव चड्ढा के घर से चोरी की गयी नगद 14.31 लाख रुपए और जेवर रामगढ़ पुलिस ने बरामद कर ली हैं। इस मामले की जानकारी सोमवार की शाम प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसपी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि चोरी करने वाला आकाश धनक को उसके पैतृक गांव मध्य प्रदेश के सागर जिला अंतर्गत मोती नगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 48 घंटे के अंदर ही यह सफलता हासिल की है। एसपी ने बताया कि 28 नवंबर की रात आकाश धनक ने चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया था। 29 नवंबर को जब संजीव चड्ढा का परिवार शादी समारोह से घर लौटा तो उन्हें इस चोरी का पता चला। पुलिस को जैसे ही सूचना मिली तत्काल चोर की पहचान कर ली गयी।

**टेक्निकल सेल से चोर के घर का लगा पता :** एसपी ने बताया कि टेक्निकल सेल की सहायता से इस बात का पता भी लगा लिया गया कि आकाश धनक अपने घर संत कबीर नगर में ही छुपा हुआ है। तत्काल पुलिस की टीम वहां गयी और छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आकाश ने चोरी के रुपये और जेवर अपने घर के छत पर ही छुपा कर रखे थे। जिस जगह पर बैग रखा गया था, पुलिस ने उसे बरामद किया।

**चोरी की गयी नकद 14.31 लाख रुपये सहित जेवरात बरामद:** पुलिस ने चोरी की गयी उस बैग से 14.31 लाख रुपये के अलावा 22 जोड़ी जेवर भी मिले हैं, जिसमें कंगन 2 पीस, चूड़ी 2 पीस, मोती जड़ा कड़ा 2 पीस, चांदी का बिस्किट 1 पीस, चांदी का नोट 2 पीस, टॉप्स, लॉकेट, चेन, मंगलसूत्र, पायल, चांदी का सिक्का, चांदी का बिस्किट, सोने का सिक्का आदि शामिल है।

**टीम में ये थे शामिल:** एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, सब इंस्पेक्टर सुमंत कुमार राय, उपेंद्र कुमार, संतोष कुमार, मंजेश कुमार सिंह, एएसआई सुजीत कुमार सिंह, आरक्षी रवि शंकर कुमार, बसंत यादव, अर्जुन पासवान सहित रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

## एसपी को व्यापारियों ने किया सम्मानित



48 घंटे में चोरी की वारदात का उद्भेदन करने के लिए रामगढ़ जिले के व्यापारियों ने एसपी अजय कुमार को सम्मानित किया। होटल वेब्स के मालिक संजीव चड्ढा ने इस दौरान पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि बेहद कम समय में पुलिस ने काफी संवेदनशीलता से इस चोरी की घटना पर काम किया है। एसपी के सक्रियता से चोर मध्य प्रदेश से पकड़ा गया, यह एक बड़ी बात है। साथ ही चोरी का सारा सामान भी पुलिस ने बड़ी तत्परता से बरामद किया। पुलिस की इस भूमिका ने रामगढ़ की व्यवसायियों में सुरक्षा का माहौल पैदा किया है। इसके अलावा व्यापारियों ने टीम में शामिल सभी को शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर सम्मानित किया।


## हजारीबाग की खबरें

## आलू को झारखंड की सीमा में प्रवेश पर रोक से लोगों को होने लगी समस्या



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा झारखंड में आलू की आवक को झारखंड की सीमा में प्रवेश पर रोक लगा दिया है, जिससे झारखंड बॉर्डर पर आलू भरी सैकड़ों गाड़ियां खड़ी है। उन पर जो आलू है वह अब सड़ने लगा है। साथ ही पूरे झारखंड राज्य में आलू का अभाव होने लगा है। इस कारण दामों में वृद्धि हो गयी है। अगर ऐसा ही रहा तो भविष्य में आलू के अभाव से यहां की जनता त्रस्त रहेगी। वर्तमान अवधि में संपूर्ण भारत में ऐसी वस्तुओं का व्यापार अवरोध मुक्त है। अतः किसी भी राज्य सरकार द्वारा इस तरह का अवरोध करना अमानवीय और असंवैधानिक है। साथ ही यह मुक्त व्यापार और नागरिकों को प्रताड़ित करने वाला है। विदित हो कि झारखंड राज्य से टमाटर, धनिया पत्ता और अन्य हरी सब्जियां पश्चिम बंगाल को लगातार निर्यात हो रहा है। इस संदर्भ में फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल, सचिव राकेश ठाकुर फल और सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष विनोद सिंह ने झारखंड सरकार से मांग की है कि इस विषय पर संज्ञान लेकर समस्या का निदान किया जाये।

## मांडू विधायक ने जताया जनता का आभार



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। मांडू विधायक निर्मल कुमार उर्फ तिवारी महतो विष्णुगढ़ प्रखण्ड के पूर्वी छेत्र से आभार यात्रा का प्रारंभ किया। नरकी, झरना बस्ती, नरकी बस्ती, तिलैया बस्ती, पुरनी केंदुआडीह, सिमर बेड़ा, गाल्होबार, खरकट्टो, चटकरी, बंदखारो, चानो, मंगरो, फाराचांच, सिरैय, अचलजामो, करगालो में ग्रामीणों पार्टी कार्यकर्ताओं से मिले। इस दौरान मांडू विधायक का जगह-जगह पर भाजपा, आजसू कार्यकर्ताओं और आमजनों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। आभार यात्रा में भव्य स्वागत से अभिभूत होकर मांडू विधायक तिवारी महतो ने पूरी विनम्रता से हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन करते हुए कहा कि आप सबो ने जिस आशा और उम्मीद से मुझे चुना है, उसको पूरा करने में अपनी जिंदगी खपा दूंगा। मौके पर मुख्य रूप से आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, भाजपा विष्णुगढ़ पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, राजेन्द्र मंडल, छोटी शर्मा, डूमरचंद महतो, रविन्द्र कुमार वर्णवाल, मिथलेश बर्मन समेत बड़ी संख्या में भाजपा आजसू के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सीआइएफ यूनिट का किया गया निरीक्षण



पतरातू (आजाद सिपाही)। सीआइएफ पूर्वी जोन पटना मुख्यालय के डीआइजी एसके सिंह ने निर्माणाधीन पीवीयूएनएल के अंतर्गत कार्यरत सीआइएफ यूनिट का निरीक्षण किया। पतरातू पहुंचने पर सीआइएसएफ कमांडेंट महेश पावेरल और कमांडेंट वीरेंद्र कुमार ने बुके देकर डीआइजी का स्वागत किया। इस दौरान सीआइएसएफ के जवानों द्वारा डीआइजी एसके सिंह को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात डीआइजी एसके सिंह ने सीआईएसएफ के विभिन्न यूनिटों का निरीक्षण करते हुए निर्माणाधीन पावर प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीआइएसफ में तैनात जवानो से बातचीत कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। निरीक्षण के बाद अधिकारियों के साथ बैठक कर कई दिशा निर्देश भी दिया। मौके पर इंस्पेक्टर स्वाति कुमारी, एसपी तिग्गा, सुभाष चंद्र, इंस्पेक्टर फायर अनिल कुमार आदि उपस्थित थे।

## गोला में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में अनियमितता का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोला।** हेमतपुर से सोसो कलां भाया जांगी तक ग्रामीण विकास विभाग से पथ का सुदृढ़ीकरण का कार्य ग्रामीणों ने अनियमितता का आरोप लगाकर बंद कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उक्त पथ में संवेदक द्वारा जैसे तैसे काम पूरा किया जा रहा है। एस्टीमेट के अनुरूप काम ना करके घटिया किस्म का सीमेंट का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। जिसके कारण सड़क बनने के साथ उखाड़ने लगा। जब इसका विरोध ग्रामीणों ने किया तो संवेदक द्वारा ग्रामीणों के ऊपर मशाला चोरी का आरोप लगाकर वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। इससे आक्रोषित ग्रामीणों ने सोमवार को धमना टांड़ के समीप हो हंगामा कर के काम बंद करा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क काफी जर्जर अवस्था में था। लंबी प्रतीक्षा के बाद इसकी निर्माण की स्वीकृति मिली। लेकिन निर्माण के साथ ही सड़क उखड़ने लगा है। संवेदक द्वारा कुछ दलाल किस्म के लोगों के साथ साठ गांठ कर राशि बढ़ाने की होड़ में जैसे काम पूरा कर रहा है। मौके पर संतोष करमाली, रितेश करमाली, शंकर करमाली, कामेश्वर करमाली, भूनु करमाली, सोनी देवी, चमेली देवी, लाली देवी, अंजू देवी आदि मौजूद थे।

## सीआइएसएफ के 20 जवानों ने किया रक्तदान

बड़कागांव(आजाद सिपाही)। एनटीपीसी- सीएमपी हजारीबाग के अस्पताल में रक्त शरीर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रबंधक के अपील पर केऔसुब इकाई एनटीपीसी सीएमपी हजारीबाग में सीआइएसएफ के 20 जवानों ने रक्तदान किया। 20 बल सदस्यों ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना लिया है। वे कहते हैं कि रक्तदान जिंदगी देने की एक पहल है, जिसमें हर इंसान को आगे आकर रक्तदान हेतु अपना हाथ स्वेक्षा से आगे बढ़ाना चाहिए ताकि जरूरतमंदों की जान बच सकें और हमारा रक्त किसी की रगों में जिंदगी बनकर दौड़ सके। आगे जवानों ने कहा कि सभी स्वस्थ व्यक्तियों को रक्तदान करना चाहिए इससे जरूरतमंदों को समय पर उपयोग आ सके।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया के होलंग निवासी जन वितरण प्रणाली दुकानदार व लोकगायिका सुधा कुमारी के पति मनीष रंजन (उम्र 35 वर्ष) का सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद शव का गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मनीष रंजन के छोटे भाई सिंटू कुमार ने बताया कि वह सभी अपने चाचा के सेवानिवृत्ति के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने रांची पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम के बाद देर रात सोने के लिए दोनों भाई स्कूटी से रांची स्थित घर जा रहे थे। स्कूटी उसके बडे भाई मनीष रंजन चला रहे थे। इसी दौरान तिलता चौक रांची में खडी ट्रक में पीछे से स्कूटी की टक्कर में मनीष रंजन की मौत हो गयी। इस दुर्घटना में सिंटू कुमार का हाथ टूट गया है। रविवार शाम शव के होलंग पहुंचने पर कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस दुर्घटना से गांव के लोग मर्माहत हैं। मनीष रंजन मूल रूप से मुंगेर के रहनेवाले थे। उनका विवाह होलंग निवासी सुधा कुमारी के साथ 25 जनवरी 2018 को हुआ था। वह होलंग में ही रहकर जन वितरण प्रणाली दुकान में अपनी पत्नी सुधा कुमारी का सहयोग करते थे। मनीष रंजन मृदुभाषी व मिलनसार व्यक्ति थे। सडक दुर्घटना में हुई इनकी मौत पर होलंग, बेरहो, टाटीझरिया और आसपास क्षेत्र में मातम पसर गया है।

## कोयला जब्ती में तीन के खिलाफ मामला दर्ज

कुजू (आजाद सिपाही)। कुजू पुलिस ने पिंडरा से अवैध कोयला जब्ती मामले में तीन तस्करों के खिलाफ ओपी में मामला दर्ज किया है। दर्ज मामले में हुवाग निवासी अकबर अंसारी और मुमताज अंसारी और दुधमटिया निवासी जलेश्वर करमाली के अलावे एक अज्ञात शामिल है। मालूम हो कि रामगढ़ एसपी अजय कुमार को सूचना मिला था कि ओपी क्षेत्र के पिंडरा कोलियरी के ओबी डंप के पास अवैध उत्खनन कर भंडारण किये गये भारी मात्रा में अवैध कोयला जमा रखा हुआ है। जिसके बाद कुजू पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 35 टन अवैध कोयला को जब्त किया था।

## महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम पर कार्यशाला का आयोजन



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। नई चेतना 3.0 लैंगिक हिंसा के विरुद्ध जेंडर अभियान 25 नवंबर से 23 दिसंबर तक संचालित है, इस अभियान के अंतर्गत जेएसएलपीएस रामगढ़ द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जेएसएलपीएस के जिला कार्यालय में पोस्को एक्ट 2013 कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम 2013 के संबंध में कार्यशाला का अयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ की अधिवक्ता मंजूरी चाकी द्वारा कार्यशाला में इस अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी और आंतरिक शिकायत कमिटी के गठन की जानकारी दी गयी। कार्यशाला में जेएसएलपीएस के पदाधिकारी, कर्मी और सभी प्रखंडों के प्रखंड कार्यकम प्रबंधक उपस्थित थे।

## नशे में डॉक्टर ने कार से मारी टक्कर, हिरासत में



**कोडरमा(आजाद सिपाही)। जिले के चंदवारा सीएचसी में कार्यरत डॉ. अनीश कुमार सिन्हा ने सोमवार को तेज रफ़्तार कार चलाते हुए तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराना बस स्टैंड के समीप कई लोगों को टक्कर मार दिया। वहीं कई लोग बाल-बाल बचे। घटना के बाद पहुंची तिलैया थाना पुलिस ने डॉक्टर को हिरासत में ले लिया है। खबर भेजे जाने तक चिकित्सक थाना में ही थे। बताया जाता है कि इस दौरान डॉक्टर नशे में चूर थे।**

## पब्लिक हाइस्कूल कुजू में कंप्यूटर प्रदर्शनी और करियर काउंसलिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस पर पब्लिक हाई स्कूल कुजू में कंप्यूटर प्रदर्शनी व करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। करियर काउंसलिंग में शामिल इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरु में जूनियर साइंटिस्ट प्राची प्रिया और नेशनल लॉ कॉलेज सिलवासा गुजरात में अध्यनरत ज्योत्सना प्रिया ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से कैरियर संबंधित बहुत सारी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। मौके पर प्राची प्रिया ने आईआईटी की तैयारी, विज्ञान के अवसर और लड़कियों को मिलने वाली विज्ञान शिक्षण में सुविधाओं के बारे में बताया। वहीं, ज्योत्सना प्रिया ने सीएलएटी परीक्षा की तैयारी तथा पोक्सो एक्ट से संबंधित जानकारियां बच्चों को प्रदान की। मालूम हो कि पब्लिक हाई स्कूल कुजू के पूर्ववर्ती छात्र वेदनाथ मिश्रा की पुत्री प्राची प्रिया और ज्योत्सना प्रिया है। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापिका गीतांजलि कुमारी ने प्रदर्शनी में सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जबकि व्यावसायिक शिक्षक राजवीर कुमार तथा पूजा कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर प्लस टू उच्च विद्यालय मांडू में शिक्षक पद पर कार्यरत वेदनाथ मिश्रा के अलावे विद्यालय के शिक्षक मनीषा धवन, जितेंद्र कुमार, मयार्नी सोरेन, अर्चना कुमारी, नूतन कुमारी, वीणा कुमारी, जितेंद्र कुमार सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद रहे।

## बच्चे के भविष्य को उज्जवल बनाने का सबसे सशक्त माध्यम है शिक्षा : फरहा फातमी

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का एक और अनुकरणीय प्रयास करते हुए, फहिमा एकेडमी विद्यालय ने बेटी पढ़ाओ, देश बचाओ योजना 2024 की घोषणा की है। यह योजना स्वर्गीय रफीक अंसारी की 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 23 दिसंबर से 20 जनवरी 2025 तक लागू रहेगी। इस विशेष पहल के तहत, नर्सरी से 12वीं कक्षा तक की कुल 1000 बेटियों को केवल 450 रू प्रति माह शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जायेगी। विद्यालय ने यह भी घोषणा की है कि अन्य 500 बच्चों को 500 रु प्रति माह में शिक्षा प्रदान की जायेगी। ये दोनों योजनाएं 23 दिसंबर 2024 से प्रारंभ होंगी। यह पहल न केवल शिक्षा को सुलभ और सस्ता बनाने का प्रयास है, बल्कि समाज के हर वर्ग तक शिक्षा के महत्व को पहुंचाने का एक मजबूत संदेश भी है। प्रबंधक फरहा फातमी ने कहा कि शिक्षा केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि हर बच्चे के भविष्य को उज्जवल बनाने का सबसे सशक्त माध्यम है। 'बेटी पढ़ाओ, देश बचाओ योजना' के माध्यम से हम समाज के उन परिवारों की बेटियों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास कर रहे हैं, जो आर्थिक तंगी के कारण शिक्षा से वंचित रह जाती हैं। हमारा उद्देश्य समाज में बेटियों को सशक्त बनाना और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाना है।

## मोहन महतो समेत चार लोगों की मौत का खुलासा पुलिस अब तक नहीं कर पायी

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड में इन दिनों अपराधीक घटनाएं बढ़ गई है। डेढ़ वर्ष पूर्व गोंदलपूरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य जोराकाठ निवासी मोहन महतो की निर्मम हत्या कर दी गयी थी। इसके अलावा दो-तीन माह के अंदर तीन लोगों की मौत की गुत्थी अब तक पुलिस उद्वेदन नहीं पायी है। डेढ़ वर्ष पूर्व मोहन महतो की हत्या को लेकर पंचायत समिति सदस्य लोग भी कई बार पुलिस प्रशासन से हत्यारे को चिन्हित कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गयी थी परंतु अब तक मामला ठंढे बस्ते में नजर आ रहा है। 2 दिन पूर्व अज्ञात अपराधियों के द्वारा चेपाकला गांव निवासी प्रकाश ठाकुर को उसके ही घर में घुसकर अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस द्वारा फिलहाल जांच पड़ताल की जा रही है। परंतु अलग-अलग बड़कागांव बेल चौक निवासी सुशांत कुमार और कदमाडीह गांव निवासी विजय कुमार सिंह की मौत हुए दो माह से अधिक समय गुजर गया। फिर भी पुलिस हत्या का कारण या हथियारों को ढूंढ नहीं पायी है। मृतक सुशांत के पिता शशि कुमार मेहता ने बड़कागांव थाना में प्राथमिकी दर्ज करा सीबीआई से जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। मामले का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है। मृतक के पिता शशि मेहता का मानना है कि आवेदन में जिन लोगों पर आरोप लगाया गया है पुलिस उनसे कड़ाई से पूछताछ करें तो निश्चित तौर पर सच्चाई सामने आ जायेगी। अब तक की मेरे बेटे की मौत से संबंधित पुलिस की कार्रवाई से हम लोग, हमारा परिवार निराश है। जल्द पुलिस मामले का उद्वेदन करें अन्यथा पुलिस महानिदेशक से मुलाकात कर मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग करेंगे।

## मानवाधिकार अधिकार सहयोग संघ ने हेमंत सोरेन से मुलाकात कर बधाई दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** मानव अधिकार सहयोग संघ झारखंड के द्वारा रामगढ़ जिला रांची जिला समिति के अध्यक्ष और पदाधिकारी गण झारखंड के यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर झारखंड राज्य में दोबारा मुख्यमंत्री बनने पर बधाई देते हुए कहा कि आपके द्वारा झारखंड के सभीमहिलाओं बहनों बेटियों को जो सम्मान जनक हेमंत के द्वारा दी गयी सुविधा मिली है वह सम्मान प्यार और आशीर्वाद को कभी भुलाया नहीं जा सकता है आप राज के महिलाओं के साथ-साथ यहां के बुजुर्गों के लिए और सभी वर्गों के लिए आपने जो काम किया है उसके लिए हम सभी लोग आपको आभार प्रकट करते हैं और आशा करते हैं कि आप आने वाले समय में यहां की एक-एक मजदूरों को किसानों, आंदोलनकारियों को महिलाओं को उनको मिलने वाला हक और अधिकार उन्हें दिलाने का काम करेंगे इसकी हम लोग आपको शुभकामनाएं देते हैं राज्य का उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और आपका आभार व्यक्त करते हैं मिलने वालों में मुख्य रूप से रांची जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ डेजी सुरीन, रामगढ़ जिला अध्यक्ष सुषमा देवी, ज्योती होरो, दीपिका होरो, उषा देवी, कमरुल निशा बेबी मंडल, रूबी देवी, ममता देवी, शांति देवी उपस्थित रही।

## फरार अभियुक्त के घर पर चिपकाया इश्तिहार

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव और बुढ़मू पुलिस ने संयुक्त रूप से फरार अभियुक्त के घर पर इश्तिहार चिपकाया। मामले को लेकर बड़कागांव पुलिस ने बताया कि बुंड़मू थाना कांड संख्या 36 / 24 के प्राथमिकी अभियुक्त अनीस अंसारी ग्राम मतवे और दिवाकर गंझू के घर उक्त कांड के मामले में फरार रहने के कारण दोनों के घर में बड़कागांव थाना और बुढ़मू थाना के पुलिस ने न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तिहार को चिपकाया। मौके पर बड़कागांव थाना के सअनी दीपक रोशन लकड़ा और बुढ़मू थाना के पुअनी रवि रंजन कुमार सहित दोनों थाना के पुलिस सशस्त्र बल शामिल थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, डिप्टी सीएमई/वैगन/केजीपीडब्ल्यू/एसईआर **एकल ई-निविदा संख्या ई-डीवाई-डब्ल्यूडब्ल्यू-सीएमसी-एसडब्ल्यूएल-15एलडब्ल्यू-24** के लिए निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है: **ई-निविदा सूचना संख्या और अपलोडिंग तिथि: ई-डीवाई-डब्ल्यूडब्ल्यू-सीएमसी-एसडब्ल्यूएल-15एलडब्ल्यू-24। दिनांक 29.11.2024। कार्य का नाम:** 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए ओईएम के माध्यम से एकल निविदा के आधार पर 'सीएनसी सर्फेस व्हील लैथ मशीन (15एलडब्ल्यू), मेक-एचवाईटी इंजीनियरिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड' के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी)। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 2,30,66,610.50/- 18% जीएसटी सहित। **बयाना राशि:** ₹ 2,65,300.00/-। **ई-निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 23.12.2024 को 15.00 बजे। वेबसाइट विवरण और विवरण: **www.ireps.gov.in** बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक ही अपने मूल/संशोधित बोल जमा कर सकेंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है, और इस तरह का कोई भी मैनुअल ऑफर प्राप्त होने पर उसे नजरअंदाज किया जाएगा। **(PR-856)**

# सामंजस्य की कमी

यह भी महाराष्ट्र की समकालीन राजनीति की एक दिलचस्प खूबी ही कही जायेगी कि मतदाताओं के प्रचंड जनादेश के बावजूद सरकार गठन की प्रक्रिया मुश्किलों से घिरी दिख रही है। अपनी तरफ से शपथ ग्रहण की तारीख घोषित करके बीजेपी ने यह कोशिश जरूर की है कि सभी मतभेद तब तक सुलझा लिए जायें, लेकिन इस कदम का भी कितना और कैसा असर होगा, इसे लेकर तत्काल कोई नतीजा निकालना मुश्किल साबित हो रहा है। राजनीति में हालांकि इस तरह के असमंजस की स्थिति बनती रही है, लेकिन जिस तरह की अप्रत्याशित जीत महायुति के हिस्से में आयी है, उसके बाद इसकी उम्मीद नहीं की जा रही थी। इस देरी से जहां जनता के बीच महायुति के घटक दलों में आपसी विश्वास और सामंजस्य की कमी का संदेश जा रहा है और सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर बीजेपी की स्थिति असहज हो रही है, वहीं विपक्षी खेमे को भी टीका-टिप्पणी का मौका मिल रहा है। फिलहाल कार्यवाहक मुख्यमंत्री की भूमिका निभा रहे एकनाथ शिंदे के अचानक सातारा जाकर बैठ जाने के पीछे भले ही औपचारिक तौर पर उनकी सेहत खराब होने का हवाला दिया जा रहा हो, उनकी पार्टी के ही कई नेता इसे परोक्ष धमकी के रूप में इस्तेमाल करते हुए कह रहे हैं कि शिंदे इस तरह से अपने गांव तभी जाते हैं जब कोई 'बड़ा फैसला' करना होता है। इसलिए शिंदे क्या करेंगे, इस बात को लेकर भी अटकलें लग रही हैं। सवाल अगर ज्यादा दूर तक नहीं जा रहा तो उसके पीछे चुनाव नतीजों से निकले ठोस राजनीतिक समीकरण ही हैं, जिनमें किसी वैकल्पिक व्यवस्था की गुंजाइश नहीं दिख रही। बीजेपी और अजित पवार की अगुआई वाली एनसीपी के विधायकों का जोड़ ही सुविधाजनक बहुमत जुटा देता है। अजित पवार जिस मजबूती से बीजेपी के साथ खड़े नजर आ रहे हैं, उसमें एकनाथ शिंदे कोई भी फैसला करें, बीजेपी नेतृत्व का सिरदर्द नहीं बन सकते। फिर भी बीजेपी के लिए सबको साथ लेना और सबका विश्वास हासिल करते हुए आगे बढ़ना महत्वपूर्ण है। आगामी मुंबई महानगरपालिका के चुनाव तय करेंगे कि मुंबई में किसका दबदबा रहेगा। मुंबई और ठाणे में शिंदे के प्रभाव को देखते हुए बीजेपी उन्हें दूर करके उद्धव ठाकरे की शिवसेना को जड़ें मजबूत करने का मौका नहीं देना चाहेगी। लिहाजा, उन्हें मनाना बीजेपी नेतृत्व के लिए जरूरी है। कुल मिलाकर देखा जाए तो महाराष्ट्र जैसा अहम मोर्चा फतह करने के बाद भी इस तरह का अनिश्चय एनडीए और महायुति की तरफ से कोई अच्छा संदेश नहीं दे रहा। यह जितनी जल्दी दूर हो, उतना ही अच्छा है।

**अजित पवार जिस मजबूती से बीजेपी के साथ खड़े नजर आ रहे हैं, उसमें एकनाथ शिंदे कोई भी फैसला करें, बीजेपी नेतृत्व का सिरदर्द नहीं बन सकते। फिर भी बीजेपी के लिए सबको साथ लेना और सबका विश्वास हासिल करते हुए आगे बढ़ना महत्वपूर्ण है।**

**अभिमत | आजाद सिपाही**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2015 में उत्साह और दूरदर्शिता के साथ सुगम्य भारत अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का उद्देश्य देशभर में दिव्यांगजनों के लिए बाधा रहित और सुखद/अनुकूल वातावरण तैयार करना है। साथ ही परिवहन प्रणालियों और सूचना और संचार पारिस्थितिकी तंत्र में पहुंच सुनिश्चित करना है। यह अपनी तरह का पहला राष्ट्रव्यापी प्रयास था, जिसमें योजनाबद्ध तरीके से टियर 1 शहरों में 50 सबसे महत्वपूर्ण भवनों और टियर 2 शहरों में 25 प्रमुख भवनों को पूर्ण रूप से सुगम्यता के लिए लक्षित किया गया था।**

# सुगम्य भारत अभियान : नौ वर्षों की प्रगति की झलक और आगे की राह

**अरमान अली**

इससे बेहतर संयोग नहीं हो सकता है, जैसे ही हम अति महत्वाकांक्षी सुगम्य भारत अभियान (सुगम्य भारत अभियान) के नौ साल पूरे होने का उत्सव मनाने, विश्लेषण करने और उस पर विचार करने की तैयारी कर रहे हैं, ठीक उसी दरम्यान सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया जो इसके उद्देश्य को मजबूत करता है। सुप्रीम कोर्ट ने 8 नवंबर को केंद्र सरकार को दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 40 के तहत अनिवार्य नियम बनाने का निर्देश दिया। यह निर्देश जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सार्वजनिक स्थान और सेवाएं दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुलभ हों, भारत की समावेशिता की खोज को नया प्रोत्साहन प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2015 में उत्साह और दूरदर्शिता के साथ सुगम्य भारत अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का उद्देश्य देशभर में दिव्यांगजनों के लिए बाधा रहित और सुखद/अनुकूल वातावरण तैयार करना है। साथ ही परिवहन प्रणालियों और सूचना और संचार पारिस्थितिकी तंत्र में पहुंच सुनिश्चित करना है।

यह अपनी तरह का पहला राष्ट्रव्यापी प्रयास था, जिसमें योजनाबद्ध तरीके से टियर 1 शहरों में 50 सबसे महत्वपूर्ण भवनों और टियर 2 शहरों में 25 प्रमुख भवनों को पूर्ण रूप से सुगम्यता के लिए लक्षित किया गया था। मुझे राज्यों के मुख्य सचिवों द्वारा बुलायी गयी कई उच्च-स्तरीय बैठकों में भाग लेने की बातें याद हैं। उन बैठकों में विभागों को प्रगति की निगरानी करने और अपने-अपने क्षेत्रों में सुगम्यता उपायों को अपडेट करने का काम सौंपा गया था।

**चंडीगढ़ जैसे शहर जो अपनी बेहतर शहरी योजना के लिए जाने जाते हैं और भुवनेश्वर जो अपनी सुलभता पहल के लिए प्रसिद्ध हैं।**




**नौ वर्षों के सुगम्य भारत अभियान ने एक मजबूत नींव रखी है, लेकिन यह स्पष्ट है कि अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आकांक्षा से कार्रवाई की ओर बढ़ने का एक स्पष्ट आह्वान है, जिससे सुगम्यता को राष्ट्रीय प्राथमिकता दी गयी है। सफलता के लिए हमें हर स्तर पर सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है।**

इन सत्रों ने सरकार के इरादे की गंभीरता को सुदृढ़ किया और ऐसी परिवर्तनकारी पहल के लिए आवश्यक प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। चंडीगढ़ जैसे शहर जो अपनी बेहतर शहरी योजना के लिए जाने जाते हैं और भुवनेश्वर जो अपनी सुलभता पहल के लिए प्रसिद्ध हैं, इस अभियान के प्रेरक उदाहरण के रूप में उभरे कि इस अभियान द्वारा क्या हासिल किया जा सकता है।

फिर भी अपने अभूतपूर्व दृष्टिकोण के बावजूद इस अभियान को विशेष रूप से राज्य स्तर पर महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ा। सुगम्यता राज्य का विषय है, ऐसे में इसके कारण कार्यान्वयन का अधिकांश बोझ राज्यों पर पड़ता है, जिनमें से कई राज्यों को महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। सीमित जवाबदेही तंत्र और केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच समन्वय की कमी ने प्रगति को और बाधित किया। अभियान के महत्वाकांक्षी लक्ष्य कई क्षेत्रों में पूरे नहीं हुए जैसे सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को फिर से तैयार करना और डिजिटल पहुंच को बढ़ावा देना। समय पर सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से इस मिशन में नयी तात्कालिकता आ गयी।

सिफारिशों को कानूनी अधिदेशों में परिवर्तित करके कोर्ट का निर्णय यह सुनिश्चित करता है कि सुगम्य भारत अभियान को गति खोने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## आगे बढ़ने को लेकर व्यक्तिगत दृष्टिकोण

अभियान की यात्रा पर विचार करते हुए मेरा मानना है कि सुगम्य भारत 2.0 को स्वच्छ भारत अभियान जैसी सफल पहल के समान एक मिशन-मोड दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। इसके दृष्टिकोण को वास्तविकता में बदलने के लिए मजबूत हितधारक जुड़ाव, स्पष्ट जवाबदेही तंत्र और प्राप्त करने योग्य समय-सीमा महत्वपूर्ण हैं।

प्रोत्साहन परिवर्तन के प्रमुख संचालक होंगे। उदाहरण के लिए विश्वविद्यालय एनएएसी मान्यता के लिए सुगम्यता को एक मानदंड बना सकते हैं, जबकि उद्योग, स्थानीय सरकार और सार्वजनिक संस्थानों को सार्वभौमिक डिजाइन सिद्धांतों को अपनाने के लिए पुरस्कृत किया जा सकता है।

अभियान का फोकस भौतिक बुनियादी ढांचे से लेकर उत्पादों, सेवाओं और डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र तक होना चाहिए। निजी क्षेत्र में सरकारी प्रयासों को पूरा करने की अपार संभावनाएं हैं। कंपनियां अपने कार्यालयों, उत्पादों और सेवाओं में समावेशी डिजाइन सिद्धांतों को अपना सकती हैं, जबकि दिव्यांग लोगों के संगठन (डीपीओ) के साथ साझेदारी दिव्यांग लोगों की जरूरतों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि या जानकारी प्रदान कर सकती है। सुगम्यता को सामाजिक प्रतिबद्धता और व्यावसायिक रणनीति दोनों के रूप में पहचानना परिवर्तनकारी होगा।

## चिंतन से कार्रवाई तक

नौ वर्षों के सुगम्य भारत अभियान ने एक मजबूत नींव रखी है, लेकिन यह स्पष्ट है कि अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आकांक्षा से कार्रवाई की ओर बढ़ने का एक स्पष्ट आह्वान है, जिससे सुगम्यता को राष्ट्रीय प्राथमिकता दी गयी है। सफलता के लिए हमें हर स्तर पर सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारों को श्रेणीबद्ध तरीके से रणनीति बनानी चाहिए, नागरिक समाज संगठनों को इसे बढ़ावा देना चाहिए, निजी क्षेत्र को नवाचार करना चाहिए और सुगम्यता में निवेश करना चाहिए। साथ ही मीडिया को इन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसने पिछले कुछ वर्षों में सुगम्य भारत अभियान को विकसित होते देखा है, मैं इसकी क्षमता के प्रति काफी आशान्वित हूं।

कार्यान्वयन, हितधारक गठबंधन और सतत प्रगति पर अधिक ध्यान देने के साथ सुगम्य भारत 2.0 एक समावेशी राष्ट्र के निर्माण के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक बन सकता है। एक ऐसे भारत का सपना जहां सुगम्यता केवल एक आदर्श नहीं है, बल्कि सभी के लिए एक वास्तविकता है - अगर हम दृढ़ संकल्प और उद्देश्य के साथ इस क्षण का लाभ उठाते हैं।

**(लेखक : एनसीपीइडीपी, नयी दिल्ली के कार्यकारी निदेशक हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

### अफसरों से बैठक के बाद हुआ समझौता

# एक हफ्ते तक दिल्ली मार्च नहीं करेंगे यूपी के किसान

**दोपहर में पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी थी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नोएडा।** यूपी के किसान दिल्ली कूच एक हफ्ते तक नहीं करेंगे। यह फैसला किसान नेताओं की ग्रेटर नोएडा, नोएडा और यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद लिया गया। इसके बाद नोएडा एक्सप्रेस-वे से बैरिकेडिंग हटा दी गयी और आवाजाही शुरू हो गयी है।

किसानों ने अपनी मांगों पर फैसला लेने के लिए केंद्र सरकार को एक हफ्ते का समय दिया है। इस दौरान किसान दलित प्रेरणा स्थल पर आंदोलन करेंगे। अगर एक हफ्ते में मांगे नहीं मानी गयी, तो किसान फिर से दिल्ली कूच करेंगे। इससे पहले सोमवार दोपहर 12 बजे किसान नोएडा के महामाया फ्लाईओवर के पास इकट्ठा हुए। संसद का घेराव करने के लिए दिल्ली की तरफ बढ़े, तो पुलिस ने किसानों को दलित प्रेरणा स्थल पर रोक दिया। किसानों की पुलिस से नोकझोंक हो गयी। पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए दिल्ली-यूपी को जोड़ने वाले चिल्ला बॉर्डर पर जगह-जगह बैरिकेडिंग कर दी थी, लेकिन, किसानों ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी। हालांकि, वज्र वाहन और रैफ के जवान तैनात थे, ड्रोन से निगरानी हो रही थी। नोएडा एक्सप्रेस-वे दोनों तरफ से बंद होने और वाहनों की चेकिंग के चलते 5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया था।



**किसानों की प्रमुख मांगें**

- किसानों को जमीन अधिग्रहण के बदले 10% प्लाट दिया जाये।
- 64.7% की दर से किसानों को मुआवजा मिले।
- नये भूमि अधिग्रहण कानून के अनुसार, बाजार दर का 4 गुना मुआवजा दिया जाये।
- भूमिधर, भूमिहीन किसानों के बच्चों को रोजगार और पुनर्वास के सभी फायदे दिये जायें।

# रूस ने डिफेंस बजट बढ़ाकर 10.67 लाख करोड़ किया

**एजेंसी**

**मॉस्को।** रूस की संसद ड्यूमा ने साल 2025 के लिए 10 लाख 67 हजार करोड़ रुपए (126 बिलियन डॉलर) के डिफेंस बजट को मंजूरी दी है। जो कुल सरकारी खर्च का लगभग 32.5% है। उठठ के मुताबिक यह रकम पिछले साल के डिफेंस बजट के मुकाबले 2 लाख 37 हजार करोड़ रुपए (28 बिलियन डॉलर) ज्यादा है। इस नये तीन वर्षीय बजट में साल 2026 और 2027 के लिए सैन्य खर्च में मामूली कटौती का भी अनुमान लगाया गया है। ड्यूमा के दोनों सदनों से बजट को मंजूरी मिल गयी है।

रूस ने पिछले दो सालों से डिफेंस बजट लगातार बढ़ोतरी की है। इसका असर रूसी इकॉनमी पर भी पढ़ रहा है। देश में महंगाई बहुत ज्यादा है और कंपनियों को लेबर की कमी से जूझना पड़ रहा है। हालात संभालने के लिए रूसी सेंट्रल बैंक ने अक्टूबर में ब्याज दरें बढ़ाकर 21% कर दी, जो दस साल में सबसे ज्यादा है।

**रूस को नये सैनिकों कमी, यूक्रेन को मिल रही मदद :** युद्ध की वजह से रूस की इकोनॉमी और आबादी पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। यूक्रेन से कहीं ज्यादा आबादी होने के बाद भी रूस को नए सैनिकों की भर्ती में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

# श्रीराम मंदिर ट्रस्ट ने जारी की शिव मंदिर सहित निर्माणाधीन अन्य मंदिरों की तस्वीरें

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला के विराजमान होने को वर्ष भर का समय पूर्णता की ओर है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह पूर्वक मनाने की योजना तैयार की है। इसी के अनुसार मंदिर निर्माण के शेष कार्य में तेजी आयी है। परकोटे में निर्माणाधीन शिव मंदिर, सूर्य मंदिर, दुर्गा माता मंदिर, गणेश मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर और हनुमान मंदिर में से कुछ का स्पष्ट स्वरूप उभर आया है। शेष में निर्माण कार्य तेजी पर है। यही स्थिति मंदिर के शिखर निर्माण की है। निर्माण की प्रगति स्पष्ट परिलक्षित होने लगी है।



निर्माण कार्य की देखरेख में लगे दायित्वधारी श्रम और ऊर्जा के साथ जुटे हैं। वे कहते हैं कि समय का दबाव तो है ही, लेकिन गुणवत्ता का ध्यान सर्वोपरि है। शीघ्र ही सुखद परिणाम दिखायी देगा। मंदिरों के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

इसी तरह राम मंदिर के शिखर का निर्माण भी तेज गति से किया जा रहा है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी। इस वर्ष भी 22 जनवरी को विशेष आयोजन की तैयारी है। श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र समय-समय पर परिसर का निरीक्षण कर निर्माण की गति को देखते रहते हैं।

श्रीराम जन्मभूमि परिसर में कई भव्य मंदिरों का निर्माण किया जा रहा है। अयोध्या को हिंदू धर्म की प्रमुख नगरी के रूप में विकसित किया जा रहा है। बीती 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की थी। वो छवियां आज भी लोगों के मन में अंकित हैं।

# त्रिपुरा में बांग्लादेशी असिस्टेंट हाई कमीशन में हुई घुसपैठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अगरतला।** भारतीय विदेश मंत्रालय ने सोमवार को त्रिपुरा के अगरतला में बांग्लादेश के असिस्टेंट हाई कमीशन के परिसर में हुई घुसपैठ की निंदा की। मंत्रालय ने कहा कि अगरतला में बांग्लादेश असिस्टेंट हाई कमीशन के परिसर में घुसपैठ की घटना बहुत ही अफसोसजनक है। किसी भी हालात में डिप्लोमैटिक और कांसुलर प्रॉपर्टी को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। बयान में आगे कहा गया- सरकार दिल्ली स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन और देश भर में अन्य बांग्लादेशी डिप्टी और असिस्टेंट हाई कमीशन की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के लिए कार्रवाई कर रही है।

**चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी के विरोध में थी रैली :** सोमवार को त्रिपुरा में बांग्लादेशी मिशन के आसपास कई लोगों ने चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी के विरोध में रैली निकाली थी। जहां 50 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों अगरतला स्थित बांग्लादेशी असिस्टेंट हाई कमीशन के परिसर में घुस गये।

हिंदुओं पर हो रहे हमले और चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी ने दोनों देशों के रिश्तों में तल्खी बढ़ा दी है। कल चिन्मय प्रभु की जमानत को लेकर बांग्लादेश में सुनवाई है। वहीं, दूसरी तरफ कोलकाता इस्कॉन के प्रवक्ता राधारमण दास ने बांग्लादेश में अब तक 4 इस्कॉन सदस्यों की गिरफ्तारी का दावा किया है।

# अकाल तख्त ने सुखबीर बादल को बर्तन और टॉयलेट धोने की सजा दी

- **राम रहीम को माफ करने समेत 4 आरोप, पूर्व एम प्रकाश सिंह से सम्मान छीना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अमृतसर।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को 9 साल पहले माफी देने और केस वापस लेने के मामले में श्री अकाल तख्त साहिब ने सोमवार को पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर सिंह बादल को बर्तन धोने और टॉयलेट साफ करने की सजा सुनायी। उन्हें गोल्डन टेंपल में 2 दिन सेवा करनी होगी। इसी मामले में पंजाब के पूर्व सीएम स्वर्गीय प्रकाश सिंह बादल से पंथ रत्न 'फख्र ए कौम सम्मान' वापस लिया जायेगा। श्री अकाल तख्त के प्रमुख जत्थेदार रघबीर सिंह ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर परिसर में यह सजा सुनायी।



राम रहीम मामले में श्री अकाल तख्त में 5 सिंह साहिबानों की बैठक हुई, जिसमें उन्हें और शिरोमणि अकाली दल सरकार के दौरान अन्य कैबिनेट सदस्यों को धार्मिक दुराचार के आरोपों के लिए सजा सुनायी गयी। इस मामले में 30 अगस्त 2024 को सुखबीर सिंह बादल को श्री अकाल तख्त ने 'तनखैया' (धार्मिक दुराचार का दोषी) घोषित किया था।

# विशेष प्रमंडल ने 3.95 करोड़ रुपये के पुल निर्माण की स्वीकृति दी

## रमकंडा के टेढ़ाकहुआ में हाठु नदी पर पुल निर्माण का मामला, मिट्टियुक्त बालू से बन रहा पुल

**ग्रामीणों ने किया विरोध, कहाः सुधार नही हुआ तो होगा आंदोलन।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रमकंडा/गढ़वा।** मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत विशेष प्रमंडल विभाग ने गढ़वा जिले के रमकंडा प्रखंड के चेटे गांव स्थित टेढाकहुआ में हाठु नदी पर ठेकेदारी के लिये करीब 3.95 करोड़ की लागत वाली पुल निर्माण की स्वीकृति दे दी गयी है और निर्माण कार्य शुरू भी है। जबकि पुल को सड़क से जोड़ने के लिये निर्माण स्थल के पास सड़क ही नहीं है। ऐसे में अब सवाल उठने लगा है की इस पुल को सड़क मार्ग से कैसे जोड़ा जायेगा। निर्माण स्थल की पड़ताल के दौरान पाया गया कि जिस जगह पर पुल निर्माण हो रहा है उस पुल के आगे सड़क ही नही है। वहां किसानों की रैयती जमीन है। ग्रामीण बताते हैं कि रैयती जमीन अधिग्रहण को लेकर उनकी ओर से कोई सहमति नही ली गयी है और न ही उन्होंने सड़क में जमीन देने के लिये कोई शपथ पत्र या रजिस्ट्री की है। जबकि विभाग ने पुल को सड़क से जोड़ने के मामलों को नजरअंदाज करते हुए ठेकेदारी के लिये इस पुल निर्माण की स्वीकृति दे दी। हालांकि ग्रामीण यह भी बताते हैं कि पुल को टेढ़ाकहुआ गांव की सड़क से जोड़ने के लिये ग्रामीणों की सहमति पर बातचीत हो रही है। लेकिन अब सवाल उठने लगा कि अगर रैयती जमीन को लेकर अगर सभी रैयतों की सहमति नहीं बनी तो यह पुल उद्देश्यविहीन हो जायेगा। वहीं सरकार की करोड़ों रुपये महज ठेकेदारी के लिये बर्बाद हो जायेगी।



**मिट्टियुक्त बालू से हो रहा काम, ग्रामीणों का विरोध**

इसके अलावे पुल निर्माण स्थल पर मिट्टियुक्त कम गुणवत्ता वाली बालू का ढेर होने का भी आरोप है। जिसका उपयोग निर्माण कार्य में किया जा रहा है।

इसके साथ ही नदी से उत्खनन किये गये पत्थर को भी उपयोग में लाया जा रहा है। इससे राजस्व की क्षति हो रही है। सोमवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा, भाजपा नेता मंटू दुबे, पूर्व मुखिया पति सुरेश कोरवा, सूर्यमुखी राम, बीरबल राम, अवधेश प्रसाद, प्रेमनाथ यादव, जयप्रकाश यादव सहित ग्रामीणों ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। वहीं निर्माण कार्य में हो रही इन गड़बड़ियों का विरोध किया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले तीन महीनों से हो रहे निर्माण कार्य में अब तक दो बार ही कनीय अभियंता पहुंचे हैं। इसके कारण संवेदक मनमाने ढंग से मिट्टियुक्त बालू से निर्माण करा रहा है। ग्रामीणों ने बताया की पूर्व में भी अनियमितता को लेकर ग्रामीणों की ओर से कनीय अभियंता को बुलाकर निर्माण सामग्रियों की जांच के बाद काम शुरू करने को लेकर विरोध किया गया था, लेकिन संवेदक और कनीय अभियंता की मिलीभगत से मामले की लीपापोती कर दी गयी। वहीं अब मुंशी की ओर से दबंगई दिखाते हुये इसी मिट्टियुक्त बालू से निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर गुणवत्ता में सुधार नही हुआ तो आंदोलन किया जायेगा।

# 66 करोड़ की लागत से निमार्णाधीन रंका रमकंडा सड़क चौड़ीकरण कार्य में अनियमितता का आरोप

**रैयतों को मुआवजा भुगतान के बाद बनने देंगे सड़कः ग्रामीण।**

**साइड इंचार्ज की ओर से भाजपा नेताओ पर प्राथमिकी के लिए आवेदन के बाद मामला गरमाया।**

**संवेदक के विरोध में भाजपा और ग्रामीण हुए गोलबंद, बोले साइड इंचार्ज की कार्रवाई से नहीं डरेंगे।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रमकंडा/गढ़वा।** पथ निर्माण विभाग की ओर से लगभग 66 करोड़ की लागत से निमार्णाधीन रंका रमकंडा सड़क चौड़ीकरण का काम रोके जाने के मामले में अब एक नया मोड़ आ गया। संवेदक मेसर्स गंगा कंट्रक्शन के साइड इंचार्ज सुनील पांडेय की ओर से निर्माण कार्य में बाधित करने के मामले में पांच भाजपा नेताओं सहित 10 अन्य लोगों पर रमकंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज के लिये आवेदन देने के बाद सड़क निर्माण को लेकर विरोध और बढ़ गया। वहीं सोमवार को भाजपा नेताओं सहित स्थानीय ग्रामीणों ने साइड इंचार्ज की ओर से की गयी कार्रवाई को दबंगई और ग्रामीणों की आवाज दबाने वाला कार्रवाई बताया। रामकांडा प्रखंड के बिचला टोला चौक पर जूटे भाजपा नेता राजकुमार विश्वकर्मा, प्रेमनाथ यादव, जयप्रकाश यादव, अवधेश प्रसाद, रामगृह पांडेय, बिपिन यादव, प्रमुख पति नंदलाल राम, सुनील कमलापुरी सहित अन्य लोगों ने कहा कि वे इस तरह के फर्जी मुकदमे से डरने वाले नही है। वे लोग अपनी जायज मांगों पर अड़े रहेंगे। चाहे इसके लिये उन्हें जेल क्यों न जाना पड़े। कहा कि सड़क निर्माण में अनियमितता और संवेदक की मनमानी से परेशान होकर सैकड़ो ग्रामीणों ने उक्त सड़क निर्माण कार्य को रोक कर अपनी जायज मांग रखी। जिसे संवेदक के प्रतिनिधि बबलू दुबे ने उनकी मांगों को मानते हुए ग्रामीणों को आश्वशत किया। फिर उसके बाद फर्जी मुकदमा कराकर लोगों को डराकर आवाज को दबाया जा रहा है। कहा कि सड़क निर्माण में गड़बड़ी और अपनी मांगों को लेकर पूर्व में भी लोगों ने विरोध किया था। लेकिन पूर्व मंत्री के भय से लोगों की आवाज को दबा दिया गया। कहा कि जब तक सड़क चौड़ीकरण के लिये अधिग्रहित की गयी जमीन की मापी कराकर रैयतों को मुआवजा उपलब्ध नहीं कराया जाता है तब तक बिचला टोला से मनमोहर चौक तक सड़क निर्माण कार्य शुरू नही होने दिया जायेगा।



**मंत्री के भगिना का धौंस दिखाते हैं कार्यपालक अभियंताः मंडल अध्यक्ष**

भाजपा के रमकंडा मंडल अध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा ने कहा कि पूर्व में सड़क निर्माण में बिचला टोला दोहर पर पुलिया निर्माण के अलावे अलावे बड़का घाट केरवा, गासेदाग, तेहाड़ा में हो रहे गार्डवाल निर्माण में अनियमितता का भी विरोध हुआ। वहीं इसकी शिकायत ग्रामीणों ने कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार से की। लेकिन कार्यपालक अभियंता ने साफ तौर पर ग्रामीणों के विरोध को नजरअंदाज करते हुए लोगों को एफआइआर कराने की धमकी देने लगे। वहीं खुद को मंत्री रामेश्वर उरांव का भगिना होने का धौंस दिखाते रहे। संवेदक और इस अधिकारी की दबंगई के आगे लोग डर गये। वहीं निर्माण का विरोध करना छोड़ दिया। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि अब ऐसा नही होगा। गुणवत्तापूर्ण निर्माण करना होगा। चाहे इसके लिये जेल भी क्यों न जाना पड़े।

**इस कारण सड़क निर्माण का मामला तूल पकड़ा**

दरअसल इस सड़क चौड़ीकरण के लिये भू अर्जन विभाग ने मौजा रमकंडा में तेहाड़ा से मनमोहर चौक तक दो एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है। इसके लिये अधिग्रहित भूमि से संबंधित सूचना भी अंचल विभाग जारी कर चुका है, लेकिन अभी तक इस अधिग्रहित भूमि की मापी कर मार्किंग नहीं किया गया और न ही संबंधित रैयतों को मुआवजा मिला है। इसी बीच संवेदक की ओर से उक्त स्थल में बगैर मापी के ही सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। ग्रामीणों की मांग है कि बिचला टोला(दोहर पर) से मनमोहर चौक तक सड़क के लिये अधिग्रहित की गयी जमीन की मापी कर पहले अधिग्रहित भूमि से अतिक्रमण हटाया जाय। वहीं संबंधित रैयतों को मुआवजा दिया जाय। इसके बाद सड़क निर्माण कराया जाये। ऐसा करने से सड़क की चौड़ाई बढ़ेगी। वहीं बिचला टोला के इस घने बस्ती में लगनेवाले जाम की समस्या से लोगों को निजात मिल सकेगा, लेकिन संवेदक की ओर से अतिक्रमण हटाये बिना ही सड़क निर्माण कर दिये जाने से सड़क की जमीन अतिक्रमित ही रह जायेगी। वहीं लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ेगा। इसके अलावे संवेदक की ओर से दोहर पर बने पुलिया को फिर से तोड़कर बनाने का वादा भूल जाने का भी विरोध है। चूंकि इस पुलिया में अनियमितता की पुष्टि चार माह पहले हुई थी। वहीं संवेदक ने इसे तोड़कर फिर से बनाने का वादा किया था, लेकिन संवेदक द्वारा ऐसा नहीं किया जा रहा है। इसका भी विरोध है।

## राधिका नेत्रालय गढ़वा के सहयोग से मोतियाबिंद जांच शिविर में 102 मरीजों की जांच किया गया

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राधिका नेत्रालय गढ़वा के सहयोग से आयोजित हुए मोतियाबिंद जांच शिविर में 102 मरीजों की जांच किया गया। जिसमें 72 मोतियाबिंद के मरीज चिन्हित किये गये। जांच सीएचसी अस्पताल के नेत्र सहायक सोनी कुमारी के द्वारा किया गया, जिसमें राधिका नेत्रालय के कर्मी सुनील कुमार ने भी सहयोग किये। नेत्र सहायक सोनी कुमारी ने जानकारी देते हुए बतलाया कि चिन्हित किये गये मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन आगामी आठ दिसंबर को गढ़वा के चिरौंजिया रोड स्थित राधिका नेत्रालय में नेत्र के जानकार चिकित्सकों की देखरेख में निःशुल्क किया जायेगा। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के लिए जाने वाले लोगों को मरीज के साथ राशन कार्ड और आधार कार्ड का जेरॉक्स कॉपी साथ ले जाना पड़ेगा। वहां पर मरीजों के लिए रहने और खाने की निःशुल्क व्यवस्था है।



## वन विभाग ने कैंप लगाकर किया मामले का निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** भंडरिया वन विभाग के कार्यालय मे गढ़वा साऊथ डीएफओ एबिन इब्राहिम और भंडरिया वन विभाग पदाधिकारी अजय टोप्पो के पहल पर भंडरिया रेंज ऑपिस मे सोमवार को वन अधिनियम के तहत एक साल से लेकर 10 साल तक के पुराने मामले को लेकर आज भंडारिया वन विभाग के कार्यालय में कैंप लगाकर मामले का निष्पादन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए गढ़वा साउथ डीएफओ ने बताया कि हमारा भंडारिया रेंज आदिवासी बहुल क्षेत्र है।

इस क्षेत्र के अधिकांश लोगों को यहां से गढ़वा आने-जाने में बहुत कठिनाइयां हो रही थी। इस कठिनाइयों को देखते हुए आज भंडारिया रेंज में अधिकतम केस को सुलह किया गया। इस मौके पर वनपाल कमलेश कुमार, वनरक्षक अंकित कुमार, रोशन कुमार एवं सभी भंडारिया रेंज के वनपाल उपस्थित थे



# छोटे राजा ने मां चतुभुर्जी शक्तिपीठ में की पूजा-अर्चना, लोगों का जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** नवनिर्वाचित विधायक अनन्त प्रताप देव उर्फ छोटे राजा को केतार में समर्थकों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।छोटे राजा,ताहिर अंसारी और दीपक प्रताप देव मां चतुभुर्जी शक्तिपीठ में माता की विधिवत पूजा अर्चना किया। इसके उपरांत मंदिर विकास समिति के लोग मां चतुभुर्जी की प्रतिमा देकर संमानित किया। इसके बाद कपूरीं गेट से पैदल मार्च करते हुए सब्जी बाजार स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभा को संबोधित किया। सभा का संचालन झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए छोटे राजा ने कहा कि आपके घर का बेटा भानु 15 वर्षों तक विधायक बन गरीबों को ठगने का काम किया है। उनके हक अधिकार से दूर रखा है। यही कारण है कि यहां के जनता उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया है। और मुझे वोट देकर सेवा करने का मौका प्रदान किया है। मैं रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा सिंचाई की दिशा में कार्य करूंगा। हर गरीबों को मैं आंसू पूछने का कार्य करूंगा। मौके पर उपस्थित युवा अध्यक्ष छोटन कुमार सिंह, उपाध्यक्ष दिनेश वर्मा, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष फूलकुमारी देवी, श्रीराम सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, ब्रह्मदेव गुप्ता, योगेंद्र कुमार सिंह, रामेश्वर सिंह, ईश्वरी वैद्य,जयंत विश्वकर्मा, सहित काफी लोग उपस्थित थे।



## शोक सभा का आयोजन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के पदाधिकारी प्रोफेसर शिवपुजन प्रसाद सिंह कि माता जी तपेश्वरी देवी कि आकस्मिक निधन पर क्लब अध्यक्ष ला नंदलाल प्रसाद की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित किया गया क्लब कार्यालय गढ़वा में लायंस विशाल परिवार के सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा कि शांति के लिए प्रार्थना किया इस शोक सभा में शामिल थे डॉ कमलेश कुमार, डॉ एन के रजक, डॉ अरशद अंसारी, डॉ मुनज्जिर हशन, सफदर अली खान, डॉ एसके विश्वकर्मा, डॉ अर्जुन विश्वकर्मा, ओमप्रकाश कांस्कार, गिरिश कमलापुरी।**

# सदर एसडीओ ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर 6203263175

**सोमवार से शुक्रवार रोजाना सुबह 11 से 12 बजे फोन पर भी सुनेंगे जन शिकायतें।**

**जो लोग कार्यालय आने में असमर्थ हैं वे भी हेल्पलाइन के माध्यम से रख सकेंगे अपनी बात।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने एक हेल्पलाइन नंबर 6203263175 जारी किया है। उक्त मोबाइल नंबर पर सोमवार से शुक्रवार तक रोजाना सुबह 11:00 बजे से 12:00 बजे तक अनुमंडल पदाधिकारी स्वयं उक्त मोबाइल नंबर पर प्राप्त हुई शिकायतों को सुनेंगे तथा शिकायतों के यथासंभव निवारण हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि वैसे तो किसी भी कार्य दिवस में लोग कभी भी उनसे कार्यालय में आकर मिलकर अपनी बात रख सकते हैं, किंतु बहुत लोग ऐसे होते हैं जो किसी कारणवश कार्यालय नहीं आ पाते हैं जैसे सुदूर गांव के ग्रामीण, बुजुर्ग, दिव्यांग, छात्र छात्राएं आदि। ऐसे लोग अब अपनी शिकायत या सुझाव उक्त मोबाइल नंबर पर सुबह 11:00 से 12:00 के बीच काल कर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के समक्ष रख सकते हैं। उक्त अवधि में इस हेल्पलाइन फोन को एसडीओ स्वयं उठायेंगे और नागरिकों से प्राप्त जन शिकायतों के ससमय निराकरण हेतु अपने स्तर से त्वरित कार्रवाई करेंगे या संबंधित अधीनस्थों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश देंगे। उन्होंने कहा कि कई बार छोटे-मोटे विवाद ही अनसुलझे रहने के कारण बाद में बड़े विवादों का रूप ले लेते हैं, इसलिए यदि आरंभिक दौर में ही फोन के माध्यम से भी उन्हें हल कर दिया जाये तो ऐसे विवाद शुरूआती दौर में ही खत्म हो जाते हैं। प्रायः सभी छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं या रोजगार के क्रम में कई सारे प्रमाण पत्रों जैसे जाति, निवास, ईडब्ल्यूएस आदि की जरूरत पड़ती है। कई बार अलग-अलग स्तर के पदाधिकारियों से जाने-अनजाने में उनके प्रमाण पत्र निर्गत होने में देरी हो जाती है, जिससे बच्चे चिंतित हो जाते हैं। ऐसी परिस्थिति में छात्र-छात्राएं भी चाहें तो उक्त हेल्पलाइन में अपनी बात रख सकते हैं। कभी-कभी देखने को मिलता है कि बुजुर्गों और महिलाओं को भी अपने हक के लिए अनावश्यक संघर्ष का सामना करना पड़ता है किंतु वे सक्षम स्तर पर अपनी शिकायत रख नहीं पाते हैं, वे लोग भी चाहें तो इस हेल्पलाइन की मदद ले सकते हैं। इसके अलावा लोग अपने इर्द-गिर्द हो रही किसी अवांछित, अनैतिक या विधि विरुद्ध गतिविधियों की जानकारी भी दे सकते हैं। उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि न केवल शिकायतें बल्कि वे चाहें तो अनुमंडल प्रशासन को अपने बेहतर सुझाव भी दे सकते हैं, नागरिकों के अच्छे और व्यवहारिक सुझावों को अमल में लाने का प्रयास किया जायेगा।



# सत्ता में आने के बाद वादा खिलाफी कर रही है हेमंत सरकारः रितेश चौबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि झामुमो सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है। विधानसभा चुनाव में झामुमो ने कहा था कि सत्ता आने पर किसानों से 32 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीद किया जायेगा, लेकिन सत्ता में आने के बाद हेमंत सरकार 2400 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीद का घोषणा किया है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार जनता को भ्रमित कर सत्ता में आई हैं किसानों की समस्या से झामुमो सरकार को कोई मतलब नहीं रह गया है। विधानसभा चुनाव में झामुमो ने तरह तरह से झुठा वादा कर सत्ता हासिल किया है जिसमें किसानो को भी झुठा वादा के जाल में झामुमो ने फंसाया है। चुनाव से पहले वोट लेने के लिए झामुमो ने जनता के भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि झामुमो ने विधानसभा चुनाव के पुर्व मंईया सम्मान योजना बिना शर्त सबको देने का वादा किया, लेकिन सत्ता मिलने पर तरह तरह का शर्त लगा दिया गया। जो झारखंड के महिलाओं के साथ भारी छलावा है। झारखंड की महिलाओं के साथ भारी धोखा किया गया है झामुमो सरकार सभी महिलाओं को मंईया सम्मान योजना के तहत समान रूप से वादा के अनुसार 2500 रुपये प्रतिमाह भत्ता देने का काम करे उन्होंने कहा कि मंईया सम्मान योजना के तहत 2500 रुपये भत्ता बिना भेदभाव सबको योजना का लाभ मिलना चाहीए। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार चुनाव पुर्व मुफ्त बिजली देने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आते ही बिजली की कीमत में बढ़ोतरी करने का प्रस्ताव दिया है जो जनता के साथ भारी धोखा है। मौके पर भाजपा नेता संजय जायसवाल नवीन जायसवाल अविनाश पासवान सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।



# कार्डधारियों ने दो माह का राशन नहीं देने से संबंधित ज्ञापन एमओ रंका को सौंपा

## जांचोपरांत कानूनी कार्रवाई की जायेगीः शिव पूजन तिवारी

आआजद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका प्रखंड अंतर्गत चुतरू पंचायत के लगभग चालीस की संख्या में महिला पुरुष राशनकार्डधारियों ने तबस्सुम महिला स्वयं सहायता समूह के डीलर पति अब्दुल रहीम अंसारी पर दो माह का राशन नहीं देने संबंधी एक ज्ञापन रंका प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शिव पूजन तिवारी को सौंपा है। सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि तबस्सुम महिला स्वयं सहायता समूह के संचालक अब्दुल रहीम अंसारी चार पांच बार अंगुठा लगवाकर आधा अधुरा राशन वितरण किया है और बाकी दो माह से राशन नहीं दिया है। साथ ही एक व्यक्ति जिकुरूल अंसारी ने कहा कि डीलर मारपीट भी किया है। इसी बात को लेकर हम सब डीलर के खिलाफ आवाज उठाने आये हैं। डीलर पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग करते हैं।

इसके संबंध में पूछने पर एमओ शिव पूजन तिवारी ने बताया कि तबस्सुम डीलर चुतरू के खिलाफ आवेदन मिला है। जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। वहीं पूछने पर तबस्सुम महिला डीलर संचालक अब्दुल रहीम अंसारी ने बताया कि भाजपा वाले हाथ से पर्ची लिख कर और भोलीभाली जनता को बहला फुसलाकर मेरे खिलाफ राजनीति कर रहे हैं। सभी को राशन समय-समय पर दिया जाता है। इस मौके पर परावांता देवी, तेतरी देवी, सोमारी देवी, फूलझरिया देवी, रजमनियां देवी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के रंका मंडल अध्यक्ष मंतब अंसारी, बिरेंद्र मांझी, जवाहिर, हिरचन भुईयां, बेलू सहित काफी संख्या में लोगों का नाम शामिल है।



# हेमंत सरकार चुनाव में किये गये अपने वादे से मुकर रही हैः रामलाल दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य रामलाल दुबे ने कहा कि हेमंत सरकार चुनाव में किये गये अपने वादे से मुकर रही है। झामुमो ने अपनी चुनावी वादे में किसानों के लिए धान बिक्री के लिए प्रति क्विंटल 3200 सौ खरीदारी के पश्चात 75% राशि का भुगतान तत्काल कर दिया जायेगा। इसका उन्होंने चुनावी वादा किए थे। परंतु शपथ ग्रहण के पश्चात सारे वादे भूल गये। अब किसान बीते एक मांह से धान की दवाई कर बिक्री की आस में बैठे हुए हैं। परंतु अभी तक सरकार के द्वारा धान का क्रय केंद्र नहीं खुला है जिससे किसानों को परेशानी हो रही है। गढ़वा जिला के किसान धान की बिक्री कर उससे मिलने वाले पैसे से गेहूं की बुवाइ करते हैं, और इस पेज से खाद की भी व्यवस्था करते हैं। धान का बिक्री की आस लगाये किसान बैठे हैं, दूसरी और गेहूं की बुवाइ का समय भी निकलते जा रहा है। जिससे किसान काफी चिंतित हैं इस स्थिति में किस मजबूरन अपने जमा किये गये धन को व्यापारियों के हाथों आने-पुणे दामों में बिक्री करने को मजबूर हो जाते हैं।



# अपराधियों ने कोयला लदे दो हाइवा को किया आग के हवाले

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ।** अपराधियों ने बालूमाथ थाना क्षेत्र में लगातार पांचवें बार आगजनी के बड़े बड़े घटनाओं के खुले आम अंजाम देते हुए बालूमाथ थाना पुलिस सहित लातेहार जिला पुलिस प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं। इसी बीच बीती रात करीब दो बजे बालूमाथ थाना मुख्यालय से तीन किलोमीटर दूर स्थित कुशमाही रेलवे साडिंग में अज्ञात अपराधियों ने कोयला लदे दो हाइवा ट्रकों में आग लगा दी। जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। यह घटना एनएच-22 के समीप कुसमाही साइडिंग के पास हुई। अपराधियों की इस बेखौफ हरकत ने लोगों के बीच सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ट्रक चालक साबिर अंसारी ने बताया कि वह तुबेद से कोयला लोड कर कुसमाही साइडिंग जा रहा था। जैसे ही वह साइडिंग के करीब पहुंचा, चार अज्ञात अपराधियों ने उसकी गाड़ी को रोक लिया। उन्होंने साबिर का मोबाइल छीन लिया और गाड़ी में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। दूसरी गाड़ी का चालक, जो वहां से भागने की कोशिश कर रहा था, अपराधियों की गोलीबारी का शिकार होते-होते बचा। उसे जबरन रोका गया और उसकी गाड़ी में भी आग लगा दी गयी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधियों ने मौके पर एक पर्चा भी फेंका और साबिर को घटनास्थल से भगा दिया। एनएच-22 के किनारे खुलेआम की गई इस वारदात से अपराधियों की बेखौफी का अंदाजा लगाया जा सकता है। स्थानीय लोग इस घटना से सहमे हुए हैं और प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल से बरामद पर्चा और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने कहा है कि अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य सड़क के किनारे हुई इस वारदात ने स्थानीय निवासियों के बीच सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। खासकर ट्रांसपोर्ट से जुड़े लोगों में भय का माहौल है। लोगों का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने चाहिए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस घटना ने क्षेत्र में अपराधियों के बढ़ते हौसले और सुरक्षा व्यवस्था की खामियों को उजागर कर दिया है। स्थानीय प्रशासन से उम्मीद की जा रही है कि वह अपराधियों पर नकेल कसने के लिए ठोस कदम उठाए और क्षेत्र में शांति बहाल करें।

## पुलिस ने नदी से अज्ञात शव बरामद किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका।** थाना क्षेत्र के दोमुहान नदी से बालू के अंदर गाड़ा हुआ एक अज्ञात युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। शिंजो गांव के ग्रामीण श्मशान घाट में दाह संस्कार के लिए गए थे। तभी लोगों ने देखा कि बालू के अंदर एक शव ढका हुआ है, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी। घटना की सूचना पाकर मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार, मिश्रा मांझी, समेत पुलिसकर्मी नदी में बालू से ढका हुआ शव को निकला। शव देखने से यह प्रतीत होता है कि शव तीन चार दिन पहले का है। मृतक युवक का पेट मे चीरा लगाया हुआ है। और सिलाई किया हुआ है। मृतक युवक जींस पैंट और स्वेटर नुमा जैकेट दोनों पैर मे फूल जूता पहने हुए है। जो कंपनी में मजदूरउपयोग करते हैं। आशंका लगाया जा रहा है कि एनएचआई कंपनी का काम दोमुहान नदी में लगा हुआ है। उसी कंपनी का मजदूर हो सकता है। चुकी मृतक की पैर में जैसा जूता था उसी प्रकार का जूता पुल निर्माण कार्य में लगे अन्य मजदूरों के पास देखा गया। हालांकि इसकी अभी तक किसी प्रकार की कोई पुष्टि नहीं की गई है। वहीं थाना प्रभारी शशि कुमार ने बताया कि। अज्ञात शव बरामद हुआ है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## कुआं में मिला युवती का शव, सड़क जाम

**चंदवा(आजाद सिपाही)। चंदवा के शहर से सेट डेम टोली निवासी उमेश कुमार गुप्ता की पुत्री उम्र 16 वर्ष पिछले शुक्रवार को घर से अचानक गायब हो गयी। घर वालो ने काफी खोजबीन की, परंतु नही मिली तब इसकी सूचना घर वालों ने चंदवा थाना में आकर एक आवेदन दिया। आवेदन मिलने के बाद पुलिस रौशन कुमार उरांव पिता दिलीप उरांव को पकड़ कर थाने ले आई और पूछताछ कर छोड़ दिया। यह बात परिजनों ने बताया है और कहां है कि पुलिस को आवेदन मिलने के बाद प्रमुखता से किसी तरह का कोई कार्य नहीं किया गया। जिससे हमारी पुत्री सविता कुमार का आज घर के पास ही धनु उरांव के कुआं में शव मिला है। पुलिस अगर गहनता से इस केस में लगती तो हमारी पुत्री का जान बच गया होता। जबकि हम लोगों ने लगातार गांव के रहने वाले ही रौशन उरांव के बारे में पुलिस को सारी बात बताई थी और हम लोग भी अपने स्तर से काफी खोजबीन कर रहे थे। परंतु कहीं पता नहीं चल पाया जिससे आज हमारी पुत्री की हत्या कर दी गई है। परिजन यह भी बताते हैं कि जब हमारी पुत्री का शौक कुएं में मिला तो उसका पेट फुला हुआ नहीं था जिससे साफ पता चलता है कि इसको कहीं दूसरे जगह से मार कर यहां लाकर फेंक दिया गया है इधर परिजन शव मिलने के बाद चंदवा इंदिरा गांधी चौक रांची डालटेनगंज मुख्य मार्ग और रांची चतरा मुख्य मार्ग को लगभग आधे घंटे पूरी तरह जाम कर दिया। सड़क जाम होने के बाद पुलिस कार्रवाई करने के लिए परिजनों को अस्वस्थ किया तब जाकर के परिजन सड़क से हटे और परिचालक फिर से शुरू कराया गया। ऐसी कई घटनाएं चंदवा थाना में हो रही है। परंतु इससे त्वरित कार्रवाई नहीं करने से लगातार इस तरह की घटना सामने आता दिखाई दे रहा है। पुलिस को ऐसी सूचना मिलने के बाद त्वरित संज्ञान लेने की जरूरत है। ऐसे में समाज में पुलिस के प्रति असंतोष बढ़ रहा है। इधर सूत्रों से पता चला है कि फिर से दोबारा रोशन उरांव पिता दिलीप उरांव वसीम खान को चंदवा पुलिस ने उठाकर थाने ले आई है पूछताछ कर रही है पुलिस ने बताया कि जल्द ही मामले को पर्दा साफ कर दोषी को जेल भेजा जायेगा।**

## एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव खत्म करना प्राथमिकता : अमृता



**लोहरदगा । झारखंड सेवा मंडल के सौजन्य से सदर अस्पताल लोहरदगा के परिसर से जागरूकता रैली निकाली गयी, जिसमें कार्यक्रम का संचालन परियोजना प्रबंधक अमृता कुमारी के द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य रूप से गिरिवर शिशु सदन विद्यालय के 10 वीं कक्षा के छात्र तथा शिक्षक गण एवं सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी के द्वारा हरी झंडी दिखा कर रैली का शुभारंभ किया गया। जिसमें डीटीओ, डीपीएम, आईडीएसपी, एसटीआई, आईसीटीसी, तथा झारखंड सेवा मंडल के सभी कर्मियों ने भाग लिया। सेंसिटाइजेशन प्रोग्राम में जिला के यक्ष्मा पदाधिकारी डीएन सिंह के द्वारा एचआईवी तथा टीबी से सुरक्षा और बचाव के संबंध में जानकारी दी गयी। डॉ. अर्चना प्रसाद आई.सी.टी.सी काउंसलर के द्वारा भी सभी को जागरूक किया गया तथा जे.एस.एम के पी.एम अमृता कुमारी एवं एम.एंड.ई आकाश प्रजापति द्वारा एचआईवी के फैलने के कारण तथा बचाव के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। और कहा गया इस वर्ष की थीम है सही मार्ग अपनाए, मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार पर आधारित है।**

## सामूहिक दुष्कर्म की घटना के दो आरोपी हुए गिरफ्तार

**भंडरा (आजाद सिपाही)। भंडरा पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । इस संदर्भ में भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि विगत 20 सितंबर 2024 की शाम भंडरा थाना क्षेत्र के मुरली तालाब के समीप पझरी पहाड़ घूमने आई नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना घटित हुई थी। इसके बाद नाबालिग पीड़िता द्वारा भंडरा थाना में कांड संख्या 59/2024 दर्ज कराया गया था, जिसपर अग्रतर कार्रवाई और इंटरनेट मीडिया की मदद से दो आरोपितों को भंडरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जिसमें धनामुजी गांव निवासी रंगबहादुर सिंह के पुत्र विपिन कुमार सिंह की गिरफ्तारी चट्टी पिकेट के समीप से हुई, जबकि दूसरा आरोपित धनामुजी गांव निवासी बरतु उरांव के पुत्र राजू उरांव की गिरफ्तारी धनामुजी स्थित घर से हुई है।**

# पुलिस ने दो अपराधियों को भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ/ हेरहंज।** लातेहार पुलिस कप्तान कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हेरहंज और पांकी थाना क्षेत्र के सीमाने पर स्थित इचाक के जंगल से दो अपराधियों को हथियार के साथ हेरहंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उक्त बातों की जानकारी एक प्रेस वार्ता मे देते हुए बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली कि हेरहंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत पांकी थाना सीमावर्ती जंगल में संगठित अपराधियों के द्वारा एकत्रित होकर क्षेत्र में रंगदारी और लेवि वसूलने की योजना बना रहे थे। इसी सूचना के आधार पर एक छापामारी टीम गठित कर सोमवार को 7 अपराधियों के विरुद्ध छापेमारी की गई।जिसमें दो अपराध कर्मी (परमेंद्र राम)उर्फ गुड्डू राम उर्फ गुड्डू भुइयां पिता कामेश्वर राम उर्फ कामेश्वर भुइयां ग्राम केरकि थाना पांकी ,पलामू (कमलेश यादव) पिता भागेश्वर यादव ग्राम सेरनदाग थाना हेरहंज, लातेहार को गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों के पास से एक लोडेड देशी कट्टा, एक देशी राइफल एवं एक जिंदा कारतूस जब्त किया है। अन्य संगठित अपराधकर्मियों के विरुद्ध छापामारी की जा रही है। गिरफ्तारी के उपरांत पूछ ताछ के क्रम में इन लोगों ने स्वीकार किया कि टीएसपीसी,जेपीसी उग्रवादी संगठन के नाम पर इंट भठ्ठा व्यवसायियों, तुबेद कोल माइंस से लेवि व रंगदारी की मांग करते थे। इस सम्बंध में हेरहंज थाना कांड संख्या 44/2024 दिनांक 2/12/2024 धारा 111(3)/308(4)/61 बीएनएस 25(1-इ)(˙)/26/35 आर्म्स एक्ट 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इनलोगों का आपराधिक इतिहास भी रहा है।

परमेन्द्र राम उर्फ गुड्डू राम के विरुद्ध पांकी थाना कांड संख्या 28/21 दिनांक 25/03/2021 धारा 353/188/360/34 भादवी 27 आर्म्स एक्ट। मनिका थाना कांड संख्या 07/24 दिनांक 22/02/2024 धारा 395 भादवी। बरवाडीह थाना कांड संख्या23/24 दिनांक 22/03/2024 धारा 399/402 भादवी के तहत मामला दर्ज है।

कमलेश यादव चंदवा थाना कांड संख्या 22/11 दिनांक 19/03/2011 धारा 364 अ/34 भादवी। पांकी थाना कांड संख्या 143/13 दिनांक 17/12/2013 धारा 147/ 148/ 149/ 323/ 307/ 386 भादवी 27 आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत पूर्व से ही मामला दर्ज है।

इस छापामारी दल में हेरहंज थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया भी एएसआई मिथलेश पासवान,मोहन लाल सिंह, दिलीप कुमार, पंकज कुमार के साथ थाना सशत्र बल के जवान मौजूद थे।

# बेतला में शुरू हुआ पर्यटकों का आगमन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड में प्राकृतिक सौंदर्य से भरा विश्व विख्यात बेतला नेशनल पार्क के अलावा प्रखंड में कई पर्यटक स्थल हैं जहां नए वर्ष के पूर्व दिसंबर माह के शुरूआत से ही दूर-दूर से पर्यटकों का आना शुरू हो गया है। बरवडीह प्रखंड मुख्यालय से 15 किमी दूर उत्तर दिशा में बेतला नेशनल पार्क है। जहां देश-विदेश से पर्यटकों का रोजाना आना जाना लगा रहता है। विशेष कर अभी नए वर्ष के आगमन पर पर्यटकों की अधिक भीड़ देखी जा सकती है। इससे सरकार को प्रति हरेक वर्ष करोड़ो की आय होती है। वही राजा मेदिनी राय का पलामू किला आज जर्जर अवस्था मे पड़ा हुआ है। जहां सरकार का कोई ध्यान नही है, जबकि देश विदेश के पर्यटकों का सालों भर आना जाना लगा रहता है। यहां भी नए वर्ष के आगमन को लेकर पर्यटकों की काफी भीड़ देखी जा सकती है। वहीं केचकी के समीप कोयल और औरंगा नदी का संगम है ये भी पर्यटकों स्पॉट प्वाईंट है और यहां भी भीड़ लगी रहती है। इसके अलावा उत्तर कोयल परियोजना मंडल डैम जो करीब बीस वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। यहां भी पर्यटकों का आना जाना लगा रहता है। इसके अलावा बरवडीह रेलवे स्टेशन से सटे पहाड़ी शिव मंदिर, पहाड़ के चोटी पर स्थित हनुमान मंदिर हैं। काली मंदिर यहां पर भी दूर दूर से पर्यटक के अलावा श्रद्धालुओं की ताता लगा रहता है।इसके अलावा प्रखंड मुख्यालय से 15 किमी दूर ततहा गर्म झरना है। जहां दूर दराज के पर्यटक आते है। गर्म पानी का आनंद लेते है। वहीं बेतला पार्क से सटे गांव सरईडीह में पर्यटक को देखते हुए भव्य शिव मंदिर का निर्माण किया गया है। इस मंदिर में स्थापना दिवस के अवसर पर प्रति वर्ष गरीब लोगों के लिए कमेटी द्वारा शादी कराई जायेगी। इसमें पूरा खर्च कमेटी द्वारा किया जायेगा।

**कोल्हान की खबरें**

## मंडल समाज ने किया विधायक संजीव सरदार का स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** पोटका मंडल समाज बहुल गांव के ग्रामीणों द्वारा तेंतला रिसोर्ट में नवनिर्वाचित विधायक संजीव सरदार का अभिनंदन और सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सोमेन मंडल सहित अन्य के द्वारा विधायक को माल्यार्पण एवं शाल और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर विधायक ने कहा कि संपन्न विधानसभा चुनाव में मेरी आप सभी के मेहनत और विश्वास की जीत है मैं आप सभी के उम्मीदों पर खरा उतरा , इसके लिए मैं आपका आभारी रहूंगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में देवतुल्य जनता ने पुनः इंडिया गठबंधन सरकार पर भी भरोसा कर सत्ता में वापस लाने का काम किए। इस अवसर पर समीर मंडल, ऋषिकेश मंडल,रथीन मंडल, राधेश्याम मंडल,गौतम मंडल, दिलीप मंडल, उत्पल मंडल, तरुण मंडल, कौशिक मंडल, तपन मंडल, विश्वजीत मंडल,संटू मंडल,दीपू मंडल,चंदन मंडल, मोहन मंडल सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष का फूंका पुतला

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला ।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय घाटशिला में जिला महामंत्री हराधन सिंह की अध्यक्षता में सोमवार की शाम 4 बजे प्रेसवार्ता आयोजित की गयी। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री ने कहा कि अखबार के माध्यम से पता चला है कि बहरागोड़ा और घाटशिला विधानसभा हारने के कारण धालभूमगढ़ प्रखंड के कोकपाड़ा में राहुल राऊत के साथ दो युवकों ने भाजपा जिलाध्यक्ष चंडी चरण साव का पुतला दहन किया। राहुल राऊत भारतीय जनता पार्टी का कोई भी मोर्चा के पदाधिकारी नहीं है, किसी के इशारे पर दो-तीन लोग मिलकर ही पुतला जलाया है। जिला पदाधिकारी ने निर्णय लिया कि अगर जिलाध्यक्ष एवं पार्टी का गलत उपयोग करता है तो उनके ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराया जायेगा। मौके पर जिला महामंत्री सत्या तिवारी, जिला उपाध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह, हीरामणि मुर्मू, हेमंत नारायण देव, जिला मंत्री गीता मुर्मू, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रंगलाल महतो, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक दंडपात, घाटशिला मंडल अध्यक्ष कौशिक कुमार सोशल मीडिया प्रभारी सुजन मान्ना, आईटी सेल प्रभारी मंटू सिंह समेत आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गलत कार्य को करेंगे ठीक : सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** कदमा गोस्वामी बजरंग बली मंदिर में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर जमशेदपुर पश्चिमी के नवनिर्वाचित विधायक सरयू राय का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विधायक सरयू राय ने कहा कि चुनाव होने तक जो लोग भयभीत थे, वे अब निर्भीक होकर सामने आने लगे हैं। अभिनंदन समारोह में हजारों की संख्या में लोगों का जुटान इसका प्रमाण है। कदमा के लोगों का मन से अब भय और आतंक समाप्त हो गया है। श्री राय ने कहा कि जमशेदपुर पश्चिम से भय, भ्रष्टाचार,आतंक और अनाचार हटाना है। उन्होंने कहा बीते पांच वर्ष में जमशेदपुर पश्चिम के कदमा क्षेत्र में अनेको अनियमित व गैर कानूनी काम हुए हैं। यह गलत कार्य प्रशासन का आंखें मूंदने और टाटा स्टील के अप्रत्यक्ष सहयोग करने के कारण हुए हैं। श्री राय ने कहा कि केडी फ़्लैट के गेट बंद करना,नेताजी सुबास चंद्र बोस पार्क से उनकी प्रतिमा हटा देना, टाटा स्टील की सड़कों पर अलकतरा की परत चढ़ा देना, नये लगे पेवर्स ब्लॉक को उखड़वा देना और अन्य दर्जनों योजनाओं में विधायक फंड से बिना काम हुए पैसा निकाल लेना जैसे कई गलत काम हुए हैं। यह हमारा दायित्व है हम इन्हें दुरुस्त करेंगे।जनहित में इन गलत कामों को ठीक करने का काम हमारा है। जिन्होंने भी गलत काम किया है,उन सभी पर कार्रवाई कराना है। सरयू राय ने कहा कि कदमा और आजाद नगर इलाके में आपराधिक प्रवृति के गैंग बन गए हैं। जो आम लोगों को प्रताड़ित करते रहते हैं। ये लोग भय और आतंक का माहौल बनाकर रखते हैं। ऐसे गैंग का सफाया जरूरी है। हर वह काम करूंगा जो जनता के हित में होगा। बेशक वह प्रशासन और टाटा स्टील को पसंद न आए, पर करूंगा मैं जरूर। श्री राय ने कहा कि आम जनता को सरकार द्वारा निर्धारित दर और नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। इनमें पेयजल, बिजली, सफाई और सड़क प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि कि कतिपय थानेदारों और एक डीएसपी ने तो चुनाव में खुलकर मेरा विरोध किया था। चुनाव के दिन हमारे पक्ष में काम करने वालों को परेशान किया। मतगणना के दिन,अंतिम समय तक मेरी पराजय की घोषणा करते रहे। मैंने इसकी शिकायत भी की पर कारवाई नहीं हुई।श्री राय ने कहा उनके लिए पूरा जमशेदपुर एक है। जमशेदपुर में पूर्वी और पश्चिमी की सीमा रेखा महज राजनीतिक है। दोनों ही क्षेत्रों में अच्छे काम का समर्थन और गलत काम का विरोध मेरी नीति रहेगी। जमशेदपुर से भय, आतंक समाप्त करना,न्यायालय के आदेश के विरूद्ध और सरकारी आदेशों के विपरीत होने वाले कार्यों का विरोध किया जायेगा। जनहित के हर कार्य को लागू कराया जायेगा। पिछले पांच साल में जमशेदपुर पश्चिम में लागू होने के लिए विधानसभा और सरकार से जो भी निर्देश हुए हैं उसमें जो लागू नही हुए हैं, उन्हें लागू कराया जायेगा। वह प्रयास करेंगे जमशेदपुर पश्चिम को नियम कानून के अनुसार चलाया जाये।

## टाटानगर रेलवे लोको कॉलोनी में चलाया एड्स नियंत्रण जागरूकता अभियान

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। एड्स दिवस पर रविवार को आइएचएमओ जिला अध्यक्ष एसआरके कमलेश के नेतृत्व में टाटानगर रेलवे लोको कॉलोनी पेंटिंकोस्टल फास्ट ट्रैक कॉरोडियल चर्च परिसर में एड्स नियंत्रण जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को जागरूक कर एड्स के लक्षण व बचाव की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में अतिथियों को रेड रिबन पहनाया गया। मौके पर सदर अस्पताल के काउंसलर डॉ रामचंद्र सिंह, प्रोफेसर डॉ समीर कुमार, जितेंद्र चौधरी, के लक्ष्मी, के चंद्र मोहन राजू राव, विनय बाग, सुमी बाग, बिट्टू करुआ, अनु कुमारी, अंजली, सोनी, सरस्वती करुआ और अन्य का योगदान रहा।**

## नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने के लिए 24 घंटे का दिया अल्टीमेटम

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। नगर निगम क्षेत्र में सड़क किनारे बढ़ते अतिक्रमण को रोकने के लिए प्रशासक रवि प्रकाश और यातायात पुलिस के संयुक्त प्रयास से पहल शुरू कर दी। सोमवार को अतिक्रमण हटाने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया।इस दौरान खरकाई पुल से आकाशवाणी चौक,शेरे पंजाब चौक,आदित्यपुर थाना रोड, इमली चौक,एस टाइप चौक, निगम जाने वाले रस्ते एस टाइप में मुख्य सड़क व सर्विस रोड से अतिक्रमण हटाने के लिए माइकिंग से अल्टीमेटम दिया गया।ताकि आम लोगो को सड़क जाम से राहत मिल सके।साथ ही सड़क दुर्घटनाएं,ससमय एंबुलेंस का आवागमन,औद्योगिक क्षेत्र के कर्मचारियों को समय पर ड्यूटी पहुचने में सुविधा और अन्य समस्याएं से राहत मिल सके। उसके बाद भी पुनरावृति होने पर नगरपालिका अधिनियम एवं यातायात नियमानुसार कार्यवाई की जायेगी।**

## सड़क के किनारे से हटाया गया अतिक्रमण





आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मानगो में ट्रैफिक समस्या को लेकर स्थानीय लोग काफी परेशान रहे। सोमवार को समाधान के लिए जिला प्रशासन ने संवेदनशील प्रयास शुरू कर दी। डिमना चौक व पारडीह से मानगो चौक और मानगो पुल क्रॉस करने में लोगों को आरही समस्या को देखते हुए सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।डीसी व एसएसपी के निदेश पर पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई।सड़क किनारे अस्थाई रूप से घेरा बनाकर बैठने वाले सब्जी विक्रेताओं व अन्य दुकानदारों से सड़क को अतिक्रमण मुक्त किया गया। साथ ही जानमाल की सुरक्षा पर खुले स्थान पर दुकान लगाने की सख्त चेतावनी दी गई। दोबारा अतिक्रमण करने पर विधि सम्मत कार्रवाई की चेतावनी दी गयी। वहीं कई स्थाई दुकानदारों के एक्सटेंशन को भी हटाया गया। दंडाधिकारी मानगो नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त आकिब जावेद व अरविंद अग्रवाल के नेतृत में अतिक्रमण हटाया गया। मौके पर मानगो और आजादनगर पुलिस पदाधिकारी और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे। सोमवार को पूरे अभियान का जायजा लेते हुए एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान व सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बस स्टैंड,मानगो चौक से डिमना चौक के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जाममुक्त मानगो को लेकर दीर्घकालिक उपायों पर चर्चा की। अतिक्रमण हटाओ अभियान के पश्चात एडीएम लॉ एंड ऑर्डर और सिटी एसपी ने शाम में ट्रैफिक व्यवस्था का भी जायजा लिया। फिलहाल ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार एवं वाहनों का परिचालन सुगमता से हो रही है। जिला प्रशासन लगातार समीक्षा कर आवश्यक कदम उठा रहे है। ताकि ट्रैफिक व्यवस्था और सुगम हो और मानगो क्षेत्र वासियों को आवागमन में आसानी हो सके।

# जिग्गा सुसारन होरो के भारी मतों से विजयी होने पर समर्थकों ने निकाला विजय जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता





**सिसई।** विधानसभा चुनाव में भारी मतों से विजयी होने के बाद सोमवार को झामुमो-कांग्रेस सहित इंडि गठबंधन के समर्थकों द्वारा सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो की उपस्थिति में विजय जुलूस निकाला। जुलूस कुदरा मोड़ स्थित जीता पतरा से शुरू होकर मेन रोड होते हुए थाना मैदान तक पहुंचा। जुलूस में डीजे साउंड के साथ आतिशबाजी के बीच समर्थकों ने पार्टी झंडा हाथ में लेकर झुमते नजर आये। इस दौरान झामुमो विधायक जिग्गा सुसारन होरो खुले वाहन में सवार होकर लोगों का अभिवादन करते हुए सिसई विधानसभा में प्रचंड जीत और झारखंड में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो-कांग्रेस और राजद की गठबंधन सरकार बनने की सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर झामुमो के रवि उरांव, प्रकाश उरांव, विजय लक्ष्मी कुमारी, शशिकांत साहु, उमर फारूक अंसारी, मकीन अंसारी, जुल्फान अंसारी, एजाज अंसारी, सदाम अंसारी, राजा अंसारी, सुजीत बैठा विक्की दुबे, दीपक साहु, निरंजन लकड़ा, प्रदेशिया उरांव, हेमनारायण साहु, गौरी नाथ भगत, कृष्णा उरांव, बासुदेव उरांव, सुकरा उरांव, रसीद अंसारी, गंदुर उरांव, दिलीप पहान, विराज उरांव, बंटी अंसारी, सहित कांग्रेस-झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे।

# शियों के साथ लक्ष्य की प्राप्ति के लिए लें सकारात्मक सोच का सहारा: चौहान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** पीएम एसएस प्लस टू स्कूल रायडीह और प्लस टू उवि सुरसांग में खुशी क्लास का आयोजन किया गया। क्लास का आयोजन खुशी क्लास और लाइफ केयर रांची के संयुक्त बैनर तले किया गया। मौके पर खुशी क्लास के संस्थापक मुकेश सिंह चौहान ने खुशी मिशन के बारे में बतलाते हुए कहा कि कैसे अपने जीवन में खुश रहना चाहिए, सकारात्मक होना चाहिए, कभी भी अपने जीवन में तनाव को खुद पर हावी नहीं होने देना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में हमें सकारात्मक सोच रखनी चाहिए। सभी अच्छी बातों को खुद में आत्मसात करना चाहिए, अंक किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व का पैमाना नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमें अपने जीवन में 'मुझे यह करना है' यह सोच रखना चाहिए ना कि 'यह होना चाहिए' यह सोच। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच मनुष्य को सफल बनाता है` उन्होंने कहा कि कभी भी किसी के बारे में जानने से पहले उसे जज नहीं करना चाहिए, सच कुछ भी हो सकता है।

# छत्तीसगढ़ से लौटे स्पोर्ट्स एकेडमी गुमला के खिलाड़ियों का हुआ स्वागत

**स्पोर्ट्स एकडमी गुमला के खिलाड़ियों ने नया कीर्तिमान स्थापित कर खेल नगरी गुमला का नाम किया रौशन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** छत्तीसगढ़ के रायपुर से लौटे स्पोर्ट्स एकेडमी गुमला के खिलाड़ियों के गुमला पहुंचने पर सोमवार को पूर्वाहन टावर चौक गुमला में जोरदार स्वागत किया। हैंडबॉल के साथ-साथ साउथ एशिया कॉम्बेट कुश्ती प्रतियोगिता काठमांडू नेपाल के विजेताओं नीरज मांझी, अरीब आब्दीन, प्रीति टोप्पो और भारतीय टीम के मैनेजर हाफिजुर रहमान को स्पोर्ट्स अकेडमी गुमला प्रशिक्षक सह निदेशक , सैयद जुन्नू रैन को खेल प्रेमियों ने फूल माला से लाद दिया। छत्तीसगढ़ के रायपुर में 25 नवम्बर से 30 नवम्बर तक आयोजित भारतीय स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के सब जूनियर अंडर-15 बालक-बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में झारखंड राज्य स्कूली टीम का प्रतिनिधित्तव करते हुए बालक वर्ग में नीरज मांझी, हरषीकेश गोसाई, अनुज मांझी, तीनो एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय गुमला, वही बालिका वर्ग में प्रीति रेशा टोप्पो संत पात्रिक उच्च विद्यालय और सोनाली टोप्पो उर्स लाइन कॉन्वेंट विद्यालय की छात्रा है। ज्ञातव्य कि हैंडबॉल के और जूनियर खिलाड़ी जो कि शुद्ध रूप से ग्रामीण प्रतिभा है। अभी जबकि अल्बर्ट एक्का स्टेडियम जहां स्पोर्ट्स अकेडमी के खिलाड़ी अभ्यास करते है और कई माह से नव निर्माण के वजह से बंद है। अभ्यास नहीं कर पा रहे है खिलाड़ी वैसी परिस्तिथि में भी हमारे हैंडबॉल प्लेयर तथा कॉम्बैट रेसलिंग आदि झारखंड राज्य स्तरीय टीम, स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता महासमुंद (रायपुर) छत्तीसगढ़ में राज्य का प्रतिनिधित्व किया चयनित होने के उपांत । गत दिनों राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता खेल गांव रांची में हुआ राष्ट्रीय स्कूली हैंडबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में झारखंड की टीम ने अपने पहले मैच में कन्या कुमारी को 15-7 से जीता तेलंगाना में बराबरी में तथा होस्ट छत्तीस गढ़ से 1-0 से संघर्ष पूर्ण में पराजित हुई। वही बालिका वर्ग में राजस्थान और जम्मू कश्मीर से संघर्ष पूर्ण मुकाबला कर गुमला जिला और स्पोर्ट्स अकेडमी गुमला का नाम रोशन किया। स्वागत करने वालों में मनीष कुमार (हिंदुस्तान), मांगू उरांव, निर्मल गोयल, शिव प्रशाद साहू ने खिलाड़ियों को फूल माला, मिठाईया और उपहार देकर सम्मानित किया। वही स्पोर्ट्स अकेडमी के प्रशिक्षु खिलाड़ियों में अनीश कुमार साहू, विकरम राज ठाकुर, रवि गुप्ता, नीरज महतो , दीपक कुमार, सद्दाम अंसारी, मो तौफीक, संतोष कुमार, अकेबुल अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

# कोडरमा ने जमशेदपुर को शिकस्त देकर पूरे अंक के साथ ग्रुप डी में किया प्रवेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला मुख्यालय के शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे जेएससीए अंतर जिला अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को एक रोमांचक मैच देखने को मिला। इस रोमांचक मुकाबले में कोडरमा ने जमशेदपुर को 27 रनों से शिकस्त देकर पूरे अंक के साथ ग्रुप डी में पहले पायदान में अपनी जगह कायम कर ली है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कोडरमा की पूरी टीम 31.1 ओवर में 91 रनों पर सिमट गयी। टीम की ओर से चार चौकों के बदौलत प्रिंस कुमार केसरी ने 26 रनों की पारी खेली वही तंमय कुमार ने 19 रन बनाये। जमशेदपुर की ओर से सिम्हाचलन राव 5.1 ओवर में 31 रन देकर चार विकेट हासिल किये। अर्णव राय ने तीन और अनुभव चौधरी ने दो विकेट अर्जित किये। मामूली लक्ष्य का पीछा करने उतरी जमशेदपुर की पूरी टीम 26 ओवर में 64 रनों पर ढेर हो गयी। रौनक कुमार ने 13 रनों का योगदान दिया।

वही कोडरमा की ओर से प्रिंस कुमार ने 7.3 ओवर में 9 रन देकर 4 विकेट हासिल किये। वही प्रिंस कुमार केसरी और शौर्य प्रताप सिंह को दो-दो विकेट मिला। बेहतरीन गेंदबाजी के बदौलत कोडरमा के प्रिंस कुमार मैन ऑफ द मैच चुने गये। टीआरडीओ रोनित सिंह, जिला संघ के सचिव जितेंद्र सिंह, अंपायर रमेश कुमार, प्रशांत कुमार और स्कोरर शशि भूषण मिश्रा ने प्लेयर ऑफ द मैच को 5000 नगद और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर मनोज चौधरी, सुनील सिंह,आकाश आनंद, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, मधुसूदन उरांव,यमुना झा, शशि कुमार, विनीत कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# घाघरा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** मोंटेसरी पैराडाइज एकेडमी घाघरा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें हर वर्ग के ग्रुप के बच्चों ने अपना वायुमंडल, मिसाइल, फायर अलार्म सहित कई विषयों पर अपना मॉडल प्रस्तुत किया। मौके पर विद्यालय के प्रबंधक संजय भगत ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो जिसे लेकर विद्यालय में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित की जाती है। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चे कई तरह के मॉडल की प्रस्तुति की है। जिससे बच्चों में एक नयी ऊर्जा का संचार होगा। मौके पर विद्यालय के कई शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थे।

# उपायुक्त ने प्लस टू उच्च विद्यालय टोटो का किया औचक निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को गुमला प्रखंड स्थित राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय टोटो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और शिकछा कर भेंट अभियान के तहत किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने विद्यालय में शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण करते हुए बच्चों के साथ संवादत किया। इस दौरान उपायुक्त ने विद्यार्थियों के बीच लगभग दो घंटे से अधिक का समय बिताया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति, शिक्षण प्रक्रिया, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, मैट्रिक बोर्ड, प्री बोर्ड, ई विद्या वाहिनी, विज्ञान प्रयोगशाला और कम्प्यूटर क्लास जैसी सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही, 10वीं, 11वीं और 12वीं के विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के साथ उन्होंने गणित, विज्ञान, कुडुख और भौतिकी का क्लास लिया, जिससे विद्यार्थीयों अत्यंत प्रेरित हुए। कक्षा 10वी, 11वीं, 12वीं के बच्चों का उनकी तैयारी का आकलन भी किया गया। उपायुक्त ने विद्यालय में शैक्षणिक सुधार को प्राथमिकता देते हुए शिक्षकों को निर्देशित किया कि 10वीं और 12वीं की परीक्षा के परिणाम शत-प्रतिशत सुनिश्चित किये जाएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन मैट्रिक और इंटर के बेहतर परिणाम को लेकर गंभीर है। साथ ही शिक्षकों निर्देश दिया गया कि बच्चों के बीच पहले के प्रश्न पत्र का अभ्यास कराने को कहा गया। जिला प्रशासन शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करने हेतु प्रयासरत है। इस निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, और विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# चाइबासा क्षेत्र में 62वां खान सुरक्षा सप्ताह की तैयारी अंतिम दौर में




**हैबिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** हिंडाल्को के गुरदरी बाक्साईट मांईस में डीजीएमस चाईबासा क्षेत्र के देखरेख में 62वां खान सुरक्षा सप्ताह की तैयारियां अंतिम दौर में है। यह खान सुरक्षा अभियान दो दिसंबर से आठ दिसंबर तक मनाया जा रहा है, जिसमें पांच दिसंबर को गुरदरी मांईस में डीजीसीए के नेतृत्व दल द्वारा खान सुरक्षा सप्ताह का निरीक्षण होना सुनिश्चित हुआ है। जिसको लेकर गुरदरी में खान सुरक्षा सप्ताह की तैयारियां जोरों शोरों से चल रहा है। खान प्रबंधक के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन कर कार्यक्रम को बेहतर बनाने का निर्णय लिया गया है। डीजीएमस द्वारा गठित निरीक्षण दल द्वारा गुरदरी माइंस का निरीक्षण करेंगे। इस दल द्वारा खान सुरक्षा से संबंधित पब्लिसिटी प्रोपेगंडा, श्रमिक के बीच सुरक्षा से जुड़े जागरूकता रैली कर जागरुक किया जा रहा है जो अंतिम दौर में है। गठित कमेटी के अध्यक्ष सहायक महाप्रबंधक विद्या सागर सिंह के नेतृत्व में इस अभियान को मूर्त रूप दिया जा रहा है। जिसमें गुरदरी टीम के अजीत सिंह, सूरज महतो, गिरीराज चितौड़ा, रोशन बेहरा, सुदामा महतो, कुमोद रंजन, कृष्णेंदु दास, राकेश तिवारी, राकेश सिंह, विरेंद्र तिवारी, सत्यब्रता नंदा को खान सुरक्षा जागरूकता आदि के लिए मनोनीत किया गया है।

# टोटो बाजार से महिला का पर्स और 50 हजार की हुई चोरी, शिकायत दर्ज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला प्रखंड के टोटो बाजार से बीते सोमवार की शाम टोटो निवासी संध्या उरांव का पर्स चोरी हो गया। इसके बाद महिला ने टोटो थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। महिला ने रविवार की अपराह्न 4:00 बजे बताया इतने दिन बीत जाने के बाद भी अब तक चोर का पता नहीं लग पाया है। महिला ने पुलिस से जल्द चोर का पता लगाने और पर्स वापसी की गुहार लगायी है। बीते सोमवार की शाम टोटो बाजार में समान समेटने की तैयारी कर रही थी तभी एक आदमी आलू खरीदने आया। इसके बाद मेरा पर्स चोरी हो गया। पर्स में महिला मंडल से निकले गये लोन के 50 हजार, चांदी का पायल, आधार कार्ड और मोबाइल सहित अन्य जरूरी कागजात थे। इसके बाद उसी शाम टोटो थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। चुनाव के कारण पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू नहीं की। लेकिन इतने दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच पायी है। मैं व्यवसाय करने के लिए महिला मंडल से 50000रुपया लोन ली थी। घटना के बाद से मेरा मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा है।

# बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक और सचिव के साथ की बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में शिक्षा विभाग की बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक और सचिव के साथ बैठक किया। बैठक में पोशाक वितरण, मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना, साइकिल वितरण, ईकल्याण, यूडाइस, टीचर माड्यूल, प्रोफाइल फैसिलिटी, आठवीं बोर्ड, मैट्रिक बोर्ड, इंटर परीक्षार्थियों की तैयारी, अपार आइडी जेनरेट करने सहित कई बिंदुओं पर जानकारी दी गयी। इस क्रम में बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने कहा कि वर्ग 1 और 2 का पोशाक का पैसा खाते में वही वर्ग 3 से 8 एवं वर्ग 9 से 12 का पोशाक का पोशाक दिया जायेगा। साइकिल का वितरण सामान्य बच्चों के बीच में भी होना है। साइ एग्जाम की तैयारी कक्षा 1 से 7 तक शिक्षक कराए, साथ ही कार्यक्रम संबंधित प्रतिवेदन वर्ग 6 से 12 तक संचालित विद्यालयों में हो। ई कल्याण में नामांकन के अनुरूप पंजीयन और सत्यापन हो। आठवीं बोर्ड, मैट्रिक बोर्ड, इंटर परीक्षाओं की तैयारी पर प्री टेस्ट करना सुनिश्चित करें। ताकि बच्चे बेहतर कर सके। शिशु पंजी पोषक में निर्धारण कर परिवारवार सर्वेक्षण करते हुए कार्य करें। अपार आईडी जेनरेट करे। पीएम श्री योजना अंतर्गत आने वाले विद्यालय में पंजीयन करे। मौके पर उपस्थित लोगों में प्रधानाध्यापक मनोज तिवारी, संजय सिंह, सदर प्रताप जायसवाल, अजय प्रजापति रोहित खेश, मो. तलत, पारस कुमार महतो, महावीर महतो, अनिमा रानी टोप्पो, प्रतिमा कुजूर सहित कई प्रधानाध्यापक सचिव उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर हुई न्यायिक पदाधिकारियों की बैठक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार आगामी 14 दिसंबर 2024 को गुमला के सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए तैयारियां जोरों पर हैं। इस संदर्भ में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुमला, ध्रुव चंद्र मिश्र ने विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ नियमित बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इसी क्रम में सोमवार को सभी न्यायिक पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं के साथ एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला जज ने न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें और लंबित सुलहनीय मामलों को चिन्हित कर प्री-कॉन्सिलिएशन सिटिंग के माध्यम से त्वरित गति से मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निपटारा कराने के लिए सक्रिय प्रयास करें। लोक अदालत में इन मामलों का होगा निष्पादन, राष्ट्रीय लोक अदालत में कंपाउंडेबल प्रकृति के सभी मामलों का निष्पादन किया जायेगा। इसमें बैंक से संबंधित विवाद, बिजली बिल विवाद, पारिवारिक विवाद, भरण-पोषण के मामले आदि आपसी समझौते से सुलझाए जायेंगे।

# शंख नदी से बालू उठाव पर ग्राम सभा का नियंत्रण

**डुमरी (आजाद सिपाही)।** ग्राम सभा बरटोली ने शंख नदी में अवैध बालू उठाव पर रोक लगाने और बालू उठाव को व्यवस्थित करने के लिए ठोस निर्णाय लिया है। वर्षो से हो रहे अवैध बालू खनन के कारण सरकारी राजस्व और पर्यावरण को नुकसान हो रहा था। इसे रोकने के लिए ग्राम सभा की बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि बालू उठाव ग्राम सभा के नियंत्रण में किया जायेगा। ग्राम सभा में खेतली पंचायत के उप मुखिया जवाहर कवर ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और प्रबंधन ग्राम सभा का अधिकार है। ग्राम सभा ने तय किया है कि प्रत्येक ट्रैक्टर से 100 और गांववालों के लिए 50 शुल्क लिया जायेगा। बालू घाट पर एक सूचना बोर्ड लगाया गया है और ट्रैक्टर चालकों को रसीद दी जायेगी। इस पहल की सूचना अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी और पंचायत मुखिया को दी जाएगी, ताकि प्रशासनिक सहयोग भी प्राप्त हो सके। इस निर्णय को सफल बनाने में ग्राम सभा के अजय तिर्की, अनूप तिर्की, जकरियस मिंज, दमोधर सिंह और अन्य ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी सुनिश्चित करेगी।

# घाघरा थाना के मुख्य गेट के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह, प्रदीप तिर्की ने घाघरा थाना के मुख्य गेट के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस क्रम में तीन दर्जन से ऊपर दो चक्के वाहन को पकड़ा गया। वाहन से संबंधित कागज जात, हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस की जांच की गयी। वाहन से सम्बंधित दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस और हेलमेट नहीं होने पर कई मोटरसाइकिल चालक से जुमार्ना वसूला गया। मौके पर सड़क सुरक्षा प्रबंधक प्रभास कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा के तहत बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चला रहे वाहनों को रोका गया। बिना हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस नहीं रहने वालों का चालान काट जुमार्ना वसूला गया है। साथ ही लोगों से अपील किया गया है कि लोग हेलमेट का उपयोग करें। आये दिन सड़क मैं सड़क दुर्घटना होने पर कई लोगों की जान बिना हेलमेट के कारण चली जा रही है। जिसे लेकर यह प्रयास और कार्रवाई की जा रही है। ताकि लोग सुरक्षित रहे।

# स्वयंसेवी संस्था प्रदान के मार्गदर्शन में मशरूम खेती और मधुमखी पालन का शुभारंभ



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत मनातु गांव में जिला वन विभाग और जीएमकेएस ट्रस्ट (गुमला) के सहयोग से स्वयंसेवी संस्था प्रदान के मार्गदर्शन में मशरूम खेती और मधुमखी पालन का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आरएफओ (रेंजर) बिरसा लोहरा और फोरेस्टर शेखर सिंह के द्वारा मनातु गांव के 50 किसानों को 45 बैग/किसान मशरूम बैग वितरण किया गया और 25 किसानों को मधुमखी पालन के लिये कीट वितरण किया गया। जिससे कि मशरूम खेती और मधुमखी पालन कर आजीविका से जोड़ा जाय और आत्मनिर्भर बन सकें। साथ ही साथ एफपीओ द्वारा संचालित बाजार व्यवस्था को भी समझाया गया। साथ ही उत्पादित मशरूम और मधु को आगे मार्केटिंग किया जायेगा। मौके में जीतेंद्र कुमार यादव, रोशन कुमार दुबे, जोयदीप देब सहित कई ग्रामीण महिला पुरुष किसान उपस्थित थे।

# फांसी लगाकर आत्महत्या मामले में सदर अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने दोबारा किया पोस्टमार्टम

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर से सटे एक मोहल्ले निवासी 14 वर्षीय छात्रा ने 29 नवंबर की रात दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इसके बाद रविवार को उसके शव का पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं परिजन घर ले जाने के क्रम में आधे रास्ते से शव को वापस सदर अस्पताल ले आये और दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग की। वहीं सोमवार को अपराह्न 3:00 बजे सदर अस्पताल में तीन सदस्य डॉक्टरों की टीम डॉक्टर पीसीके भगत डॉक्टर बीके महतो और डॉक्टर निर्मला मुंडू ने शव का पोस्टमार्टम किया। इसके बाद उसे रिम्स लैब जांच के लिए भेज दिया गया। रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के असली कारणों का खुलासा हो पायेगा। हालांकि परिजनों ने गुमला थाना को आवेदन देकर छात्रा को सिसई रोड से ओमनी कार में दो लड़कों के द्वारा अपहरण कर छेड़छाड़ होने की बात कही है। मामले में पुलिस एक लड़के को थाना में रखकर पूछताछ भी कर रही है। परिजनों ने कहा छेड़छाड़ की घटना से आहत होकर छात्रा ने आत्महत्या कर ली। हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# सीएम और जिले के तीनों नवनिर्वाचित विधायकों को चेंबर अध्यक्ष ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गुमला जिला तीनों विधायकों गुमला विधानसभा से भूषण तिर्की, सिसई विधानसभा के जिगा सुसारन होरो और बिशनपुर विधानसभा से जीते चमरा लिंडा को गुमला चैंबर ने बधाई दी है। गुमला चैंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा डीके ने मुख्यमंत्री सोरेन और तीनों विधायकों को विधानसभा चुनाव में विजय हासिल करने पर चेंबर परिवार की तरफ से बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी चेंबर प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर व्यापरियो के लिए सहयोग मांगा था और ये तीनों लोग ही विधायक थे। जिस तरह से अपने कार्यकाल मे चैंबर का सहयोग किया था हम आशा व्यक्त करते हैं कि इस अगले पांच साल भी आप लोगों से चैंबर को पूरा सहयोग मिलेगा और आप लोग व्यापारी हित में काम करते आए हैं, आगे भी करते रहेंगे। चेंबर अध्यक्ष ने आगे कहा के बहुत जल्द ही चेंबर का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री और तीनों विधायकों से मिलने के लिए समय लेगा और गुमला जिले के व्यापारियों से संबंधित जो भी समस्याएं हैं, उसपर विस्तार से चर्चा की जायेगी। बधाई प्रकट करने वालों में चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा जी कार्यकारी अध्यक्ष सत्यनारायण पटेल के साथ चेंबर उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल, सचिव बब्लू वर्मा, सह सचिव नीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुनिलाल साहू, पी आर ओ प्रणय साहू और आदित्य गुप्ता, मीडिया प्रभारी आनंद गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अशोक जैसवाल, पवन अग्रवाल, विनोद केसरी, विजय द ग्रेट, दिलीप कुमार मंत्री, ओम प्रकाश साहू, सोहन लाल अग्रवाल, अमित पोद्दार, दीपक कुमार गुप्ता, रमेश कुमार चीनी, शशि प्रिया बंटी, पदम साहू, दामोदर कसेरा डीके, मोहम्मद शब्बू, अनमोल गुप्ता, अमित महेश्वरी, महेश कुमार लाल, सरजू प्रसाद, हिमांशु केसरी, दिनेश कुमार अग्रवाल, कार्यकारिणी के राजेश लोहानी, ज्योति कुमारी, अमित मंत्री, राहुल केसरी, गुननु शर्मा, अमित गोलू, रितेश गुप्ता, पंकज खंडेलवाल, गुरमीत सिंह, विकास सिंह, अजय सिंह, मो इम्तियाज आदि शामिल हैं।

## हुसैनाबाद में सीओ ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को पकड़ा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** सीओ पंकज कुमार ने सोमवार को छापामारी कर बेनी कला गांव से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया। उन्होंने बताया कि यह ट्रैक्टर बिना किसी परमिट के अवैध तरीके से बालू लेकर हुसैनाबाद की ओर आ रहे थे। हालांकि पुलिसस को देख चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकले। कहा कि यह कार्रवाई अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए की गई है, ताकि इस तरह की गतिविधियों को रोका जा सके। बताया जा रहा कि नियमित रूप से कररबार नदी से बालू की अवैध ढुलाई हो रही है। जिसकी सूचना मिलने पर सीओ ने छापामारी की और ट्रैक्टर को जब्त कर हुसैनाबाद पुलिस को सौंप दिया गया। बताया कि उक्त ट्रैक्टर मालिक पर अग्रेतर कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही हैं। साथ ही इसकी सूचना खनन विभाग व पलामू डीसी को भी दे दी गई है।

### रंगदारी की रकम देने में देरी करने पर क्रेशर मालिक ठिकाने पर जा रहे थे फायरिंग करने

# रंगदारी एवं फायरिंग मामले में हथियार के साथ छह गिरफ्तार

**देशी बंदूक, कारतूस, मोबाइल फोन और बाइक हुआ जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता

## आरोपितों ने स्वीकारा- सुजीत सिन्हा गिरोह के लिए करते हैं काम



पकड़े गये बदमाशों की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में क्रेशर मालिकों से रंगदारी के लिए मिल रही धमकियों और 29 नवंबर की रात चैनपुर थाना अंतर्गत डोकरा-चांदो स्थित क्रेशर पर हुई फायरिंग की घटना में लिप्त आरोपितों को पकड़ने के लिए पलामू एसपी एक विशेष टीम का गठन किया था। इस बीच रविवार को एसपी को गुप्त सूचना मिली की चैनपुर-सलतुआ रोड पर 5-6 व्यक्ति अवैध हथियारों के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इसके बाद पुलिस की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए धरती अहरा के पास छापामारी की और तीन बाइक पर सवार छह बदमाशों को दबोच लिया। उनकी पहचान चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर के रहने वाले अशफाक खान (25), गर्दा निवासी आशिफ अहमद उर्फ राजा खान (22), कुरैशी मोहल्ला निवासी फरहान कुरैशी उर्फ शैलू कुरैशी (24), पांकी थाना क्षेत्र के खपरमंडा निवासीकुश कुमार यादव (21) चापीकला निवासी दीपक कुमार भुईया (30) और सतबरवा थाना क्षेत्र के पोची निवासी गुलशन कुमार विश्वकर्मा (22) के रूप में हुई है। इनके पास से तीन देशी पिस्तौल, एक देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, तीन बाइक और सात मोबाइल फोन बरामद किया गया है। प्राथमिक पूछताछ के आधा पर पुलिस ने बताया कि पकड़े गये बदमाशों ने स्वीकार किया है कि वे सुजीत सिन्हा गिरोह के लिए काम करते हैं। वे सभी करसो स्थित क्रेशर मालिक द्वारा रंगदारी देने में देरी करने पर फायरिंग करने जा रहे थे। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि 29 नवंबर को डोकरा-चांदो क्रेशर में फायरिंग की घटना में भी वे शामिल थे। उनके पास से घटना में लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों के खिलाफ भादवि की धारा 25 (1बी), 26, 35 आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, छापामारी दल में चैनपुर सदर अंचल के पुलिस निरीक्षक जीतराम महली, थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा, पुअनि रंजीत कुमार, पुअनि अनिल बिद्यार्थी, पुअनि राजकुमार मेहता, पुअनि छत्रधारी कुमार, सअनि रामचन्द्र चौधरी, आरक्षी अनुराग सिंह, संतोष चौधरी, राकेश विश्वकर्मा, शैलेन्द्र कुमार, रोहित कुमार, टाईगर मोबाईल, राकेश कुमार, संतन मेहता सूर्यनाथ सिंह, रामनारायण विश्वकर्मा, आरक्षी रामजीत बासकी और आरक्षी प्रदीप राम शामिल थे।

## आरसीयू में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित, विजेता हुए पुरस्कृत




**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय की ओर से संचालित आरसीआइटी कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुआ। जिसमें आरसीयू के सभी संकाय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का थीम रिसाइकलिंग पर आधारित था। जिसमें बीसीए के छात्र आदर्श कुमार, कंप्यूटर साइंस की छात्रा निधि कुमारी, बीएसी एमएलटी की छात्रा अनन्या कुमारी व मैकेनिक इंजीनियरिंग के छात्र रौनक अली ने बेहतर प्रदर्शन कर विजेता बने। सभी को आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने वेस्ट मैनजमेंट के प्रति छात्रों को जागरूक रहने को कहा। मौके पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रमुख मनीषा सिंह, डिप्टी डायरेक्टर अनुराग चंद्रवंशी, प्रशासनिक पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, इंजीनियरिंग डीन अविनाश कुमार, आरसीआईटी के डॉ राजकुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## जपला रेलवे स्टेशन पर चला मेगा टिकट जांच अभियान, वसूला गया जुर्माना



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** रेलवे सीटीआई दीपक कुमार के नेतृत्व में सोमवार को जपला स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों व प्लेटफार्म पर मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। बिना टिकट के यात्रा करने सहित रेलवे एक्ट के उल्लंघन के आरोप में चार लोगों को पकड़ा गया, जिसने जुर्माना वसूला गया। इस दौरान डेहरी ऑनसोन-बरवाडीह शटल पैसेंजर, डीजीआर पैसेंजर, बरकाकाना-वाराणसी पैसेंजर समेत कई अन्य ट्रेनों में टिकट की जांच की गयी। महिला व दिव्यांग डिब्बे में अनाधिकृत रूप से सफर कर रहे लोगों से भी जुर्माना वसूला गया। मुख्य वाणिज्य निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि इस विशेष जांट अभियान का मुख्य उद्देश्य एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों में बिना टिकट और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाना के साथ ही यात्रियों के बीच जागरूकता पैदा करना है। विशेष जांच अभियान में बुकिंग पर्यवेक्षक राजीव रंजन सिन्हा, टीसी रविंद्र कुमार, आरपीएफ के उप निरीक्षक कार्तिक बिंझा आदि शामिल थे।

## महुदा के एक और मजदूर की आंध्रप्रदेश में मौत

**दूसरे राज्यों में कमाने गये महुदा के अबतक छह मजदूरों की हो चुकी है मौत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** आंध्रप्रदेश के गुल्ला पल्ली में रोजगार की तलाश में गये धनबाद जिले के महुदा के सिगड़ा निवासी 40 वर्षीय एक और युवक की सोमवार को मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान राजू कुम्भकार के रूप में हुई है। बतातें चलें कि गत रविवार को महुदा के ही रहने वाले हीरालाल महतो की हैदराबाद में रेल दुर्घटना में मौत हो गयी थी। लोग इस घटना की चर्चा की कर रहे थे कि सोमवार को क्षेत्र के एक अन्य युवक की मौत की खबर से सभी स्तब्ध हैं। ग्रामीणों की मानें तो मृतक राजू के घर की माली हालात ठीक नहीं थी। जिस कारण अपने ही गांव के प्रभास कुम्भकार से संपर्क कर क्षेत्र के 5 अन्य लोगों के सात आंध्रप्रदेश के लिए 25 नवंबर को रवाना हुआ था। सभी 27 नवंबर को आंध्र प्रदेश के गुल्ला पल्ली पहुंचे। 29 नवंबर को सभी कंपनी में गए जहां सभी को शिफ्ट वाइज काम भी मिल गया। सभी पहली शिफ्ट में काम शुरू कर दिया। जबकि राजू कुम्भकार को दूसरे शिफ्ट में काम पर जाना था। पर काम पर जाने से पहले ही अचानक उनकी तबियत खराब गई। सहयोगी उसे तत्काल डॉक्टर के पास ले गया। जहां ईलाज के बाद स्थिति में सुधार भी हो गया। इसके बाद सहयोगी उसे कमरे पर लेकर आ गए। वहां तबियत में सुधार देख सभी अपने-अपने काम पर चले गये। इस बीच रविवार को उसकी तबियत दोबारा खराब हो गयी। तत्काल 108 एम्बुलेंस से उसे वहां के एक निजी अस्पताल ले गये। जहां ईलाज के दौरान शाम छह बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके साथी ने मौत की सूचना परिजनों को दिया। वहीं, कंपनी के मालिक द्वारा शव को कंपनी के खर्च पर एम्बुलेंस के माध्यम से उनके पैतृक गांव सिंगड़ा भेज दिया गया।

## रेड रोज पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में किया बेहतर प्रदर्शन




**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित रेड रोज पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। स्कूल के निदेशक राजन पांडेय ने बताया कि हरिद्वार के गायत्री तीर्थ शांतिकुंज की ओर से भारतीय संस्कृति ज्ञान का अतिरिक्त शिक्षा 27 बच्चों को दिया जा रहा था। जिसके परीक्षा कोऑर्डिनेटर रुद्र नारायण की देखरेख में संपन्न हुआ था। परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित करते हुए छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। शिक्षक रुद्र नारायण ने बताया कि बच्चों को भारतीय संस्कृति का ज्ञान देना बेहद जरूरी है। मौके पर शिक्षिका पम्मी कुमारी, सब्बू बानो, बृजेश कुमार, मोनू कुमार, अदिति कुमारी, पल्लवी कुमारी, सुषमा कुमारी और सरिता कुमारी आदि मौजूद थे।

## दिव्यांगता सप्ताह के पहले दिन पहला कदम ने निकाली जागरूकता रैली

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नारायणी चरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित विशेष बच्चों के स्कूल 'पहला कदम' में दिव्यंगता सप्ताह के तहत पहले दिन सोमवार को जागरूकता रैली निकाली गई। धनबाद के पहल कदम विशेष स्कूल ने दिव्यांगता सप्ताह को इस बार एक नए और प्रेरक अंदाज में मनाया। इसस दिन आयोजित जागरूकता रैली ने न केवल शहरवासियों का ध्यान खींचा, बल्कि दिव्यांग बच्चों के हौसलों से भरी मुस्कान ने हर किसी का दिल जीत लिया। गोल्फ ग्राउंड से शुरू होकर रंधीर वर्मा चौक तक पहुंची रैली में दिव्यांगता के प्रति जागरूकता का संदेश दी यी। रैली के समापन पर, बच्चों ने केक काटकर दिव्यांग दिवस मनाया। इस मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी रवींद्रनाथ ठाकुर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब कोल्डफील्ड के सम्मानित सदस्यगण, 5 झार गर्ल्स सीओवाई एनसीसी और 36 झारखंड बटालियन एनसीसी धनबाद ने भी भूमिका निभाई।

## भाटडीह पुलिस ने पावर हाउस के समीप की छापामारी, 75 बोरा कोयला जब्त

**महुदा (आजाद सिपाही)।** भाटडीह ओपी पुलिस ने पावर हाउस तीन नंबर जंगल के समीप छापामारी कर 75 बोरा कोयला जब्त किया। जानकारी के मुताबिक ओपी के सअनि श्याम किशोर शर्मा, रिजर्व गार्ड के हवलदार विजय कुमार राम सहित अन्य के साथ दिवा गश्ती में निकले थे। तभी मुरलीडीह नासीर चौक के पास स्थित पावर हाउस तीन नंबर जंगल में गुप्त सूचना पर छापामारी की, तो बोरी में रखा कोयला बरामद हुआ। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को आवगत कराते हुए चापामारी की और सभी कोलया को जब्त कर लिया।

## ट्रेलर के धक्के से सब्जी विक्रेता की मौत

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सुलतानी बस स्टैंड एनएच 139 पर ट्रेलर वाहन के धक्के से एक सब्जी विक्रेता की मौके पर ही मौत हो गई। सब्जी विक्रेता की पहचान पीपरा प्रखंड क्षेत्र के बभंडी पंचायत अंतर्गत सोनवे गांव निवासी भगवान साव (55) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक प्रति दिन साइकिल से बलरा, सुलतानी, चपरवार सहित कई गांवों में साइकिल पर सब्जी लाद कर गांव गांव बेचा करता था। वह सोमवार को करीब आठ बजे सब्जी बेच कर घर लौट रहा था। इसी क्रम में सुलतानी बस स्टैंड एनएच 139 मुख्य मार्ग पर ट्रेलर वाहन के चपेट में आ गया और मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पीपरा थाना के पुलिस ने शव को कब्जे में कर थाने ले गई है। वहीं घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। हालाकि घटना की पुष्टि के लिए पीपरा थाना प्रभारी से फोन पर प्रयास किया गया पर थाना प्रभारी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

# स्पोर्ट्स



भारत ने अंडर-19 एशिया कप में जापाल को 211 रनों से करारी शिकस्त दी है। शाहजहां के मैदान में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 339 रन बनाने के बाद जापान को 128 रन पर ही समेट दिया।

## अंडर-19 एशिया कप में भारत ने जापान को हराया, 211 रन से जीते

### कप्तान अमान की सेंचुरी, हार्दिक-चेतन को 2-2 विकेट



**शारजाह (एजेंसी)।** भारत ने अंडर-19 एशिया कप में जापान को 211 रन से हरा दिया। शारजाह मैदान में जापान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। इसके बाद टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में छह विकेट पर 339 रन बना दिये। यह टूर्नामेंट के मौजूदा सीजन का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले 30 नवंबर को यूएइ ने जापान के खिलाफ 324 रन का स्कोर बनाया था। जवाब में जापान 50 ओवर में आठ विकेट खोकर 128 रन ही बना पाई। ह्यूज केली ने सबसे ज्यादा 50 रन बनाए। भारत की ओर से हार्दिक राज, केपी कार्तिकेय और चेतन शर्मा को 2-2 विकेट मिले। वहीं, भारतीय टीम से कप्तान मोहम्मद अमान ने 116 बॉल पर नाबाद 122 रन की पारी खेली। अमान के अलावा, ओपनर आयुष म्हात्रे ने 29 बॉल पर 54, कार्तिकेय केपी ने 50 बॉल पर 50 रनों की पारियां खेलीं। जापान की ओर से कीफर यामामोटो लेके और ह्यूज केली को 2-2 विकेट मिले। भारत का अगला मुकाबला 4 दिसंबर को वअए के खिलाफ होगा।

### दोनों देशों की प्लेइंग-11

**इंडिया:** मोहम्मद अमान (कप्तान), आयुष म्हात्रे, वैभव सूर्यवंशी, आंद्रे सिद्धार्थ, हरवंश सिंह (विकेटकीपर), निखिल कुमार, कार्तिकेय केपी, हार्दिक राज, समर्थ नागराज, युद्धजीत गुहा और चेतन शर्मा।

**जापान:** कोजी हार्डग्रेव अबे (कप्तान), आदित्य फड़के, निहार परमार, काजुमा काटो-स्टेफोर्ड, चार्ल्स हिंजे, ह्यूज केली, टिमोथी मूर, कीफर यामामोटो लेके, डेनियल पैंकहर्स्ट (विकेटकीपर), आरव तिवारी और मैक्स योनेकावा लिन।

## वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप : गुकेश और लिरेन का छठा मैच बराबर



एजेंसी

**सिंगापुर।** भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश और विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के बीच सिंगापुर में खेले जा रही फीड वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप फाइनल का छठा मुकाबला बराबरी पर रहा। दोनों ने लगातार तीसरा ड्रॉ मैच खेला है। इससे पहले चौथा, पांचवां मैच भी बराबरी पर छूटा था। 14 मैचों के फाइनल में अब तक चार मैच ड्रॉ हो चुके हैं। रविवार को खेले गए ड्रॉ मैच के बाद दोनों प्लेयर्स के पास 3-3 अंक हैं। उन्हें चैंपियनशिप जीतने के लिए और 4.5 अंक चाहिए। पहले 7.5 अंक तक पहुंचाने वाला इसे जीत लेगा और वर्ल्ड चैंपियन का टाइटल हासिल कर लेगा। 18 साल के गुकेश ने 46 चालों के बाद लिरेन को ड्रॉ के लिए मजबूर किया। 32 साल के लिरेन ने पहली बाजी अपने नाम की थी, जबकि गुकेश तीसरी बाजी को जीतने में सफल रहे थे। इस ड्रॉ के बाद गुकेश और लिरेन के बीच का फाइनल स्कोर 3-3 की बराबरी पर है। इस मुकाबले से दोनों खिलाड़ियों को 0.5-0.5 अंक मिले।

### पहले 7.5 अंक हासिल करनेवाला बनेगा चैंपियन

वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप फाइनल में गुकेश और लिरेन के बीच 14 गेम खेले जाएंगे। यह 12 दिसंबर तक चलेगा। फाइनल स्कोर बराबर रहने पर ट्राईब्रेकर मुकाबला खेला जाएगा, जो 13 दिसंबर को होगा। वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के इतिहास में पहली बार ऐसा है कि दो एशियाई खिलाड़ी वर्ल्ड चैंपियन बनने के लिए एक-दूसरे से भिड़ रहे हैं। बता दें चेस में एक मैच जीतने पर एक अंक मिलते हैं, जबकि ड्रॉ मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों को 0.5-0.5 अंक दिए जाते हैं। अब तक दोनों प्लेयर्स एक-एक मुकाबले ही जीत सके हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल के अन्तर्गत पूर्व में पदस्थापित निम्नलिखित सहायक अभियंता/कनीय अभियंताओं के नाम के विरूद्ध वर्षों से अस्थाई अग्रिम एवं राजस्व शीर्ष की राशि लंबित है। इस संबंध में इस कार्यालय द्वारा निर्गत प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक–1397, दिनांक–25.08.2014, पत्रांक–1460, दिनांक–25.08.2015 एवं ज्ञापांक–466, दिनांक–05.06.2020 तथा ज्ञापांक–546, दिनांक–09.06.2022 के माध्यम से सूचना देने के बावजूद अभी तक इसके समायोजन हेतु आपके स्तर से कोई भी कार्रवाई नही की गई है। लंबित अस्थाई अग्रिम की विवरणी निम्नवत है –

| क्र0 | सहायक अभियंता का नाम जिनके द्वारा कनीय अभियंता को अस्थाई अग्रिम दी गई है। | कनीय अभियंता का नाम | अग्रिम प्राप्त करने का वर्ष | लंबित राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुरेन्द्र कुमार, तदेन सहायक अभियंता, हजारीबाग | श्री इन्द्रदेव राम, कनीय अभियंता, प्रशाखा, बड़कागांव | वर्ष 1996 के पूर्व | 87311.96 | कनीय अभियता एव सहायक अभियता इस कार्यालय से स्थानान्तरित। उपायुक्त, हजारीबाग एवं भभुआ को राशि वसूली हेतु आग्रह किय गया। परन्तु राशि अप्राप्त है। |
| 2 | श्री प्रमोद कमार सिन्हा, तदेन सहायक अभियंता, हजारीबाग | – | वर्ष 1993 के पूर्व | 8466.20 | सहायक अभियता इस कार्यालय से स्थानान्तरित। |
| 3 | श्री रघुनाथ मिश्रा, तदेन सहायक अभियंता, कोडरमा | – | वर्ष 1987 के पूर्व | 4414.89 | नवसृजित कोडरमा प्रमण्डल में शामिल। |
| 4 | श्री कौशल किषोर वर्मा, तदेन कनीय अभियंता, बडकागांव | – | – | 1196.00 | कनीय अभियंता इस कार्यालय से स्थानान्तरित। |

अतः प्रेस विज्ञप्ति से आपको स्मारित किया जाता है कि अविलम्ब उक्त उल्लेखित सरकारी अस्थाई अग्रिम की राशि इस प्रमण्डल में जमा कर दें अन्यथा बाध्य होकर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 340951 (Rural Work Department) 24-25 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़**

**इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा रामगढ़ जिला के सभी मत्स्य बीज उतपादकों को सूचित किया जाता है कि कृशि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्श 2024–25 में विभागीय राज्यादेश संख्या 04 रा0, दिनांक 30.05.2024 के आलोक में मेजर कार्प एवं ग्रास कार्प मछली के अंगुलिकाओं का संचयन किया जाना है।

विभागीय राज्यादेश संख्या 04 रा0, दिनांक 30.05.2024 के द्वारा इस योजना अन्तर्गत रामगढ़ जिला के उचित प्राधिकार से प्राप्त अनुमोदन के विभिन्न जलाशयों में संचयन हेतु भारतीय मेजर कार्प के 15 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं एवं ग्रास कार्प के 4 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं का लक्ष्य प्राप्त है। इस क्रम में स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों से मेजर कार्प एवं ग्रास कार्प मछली के अंगुलिकाओं के सशर्त्त आपूर्ति हेतु विहित प्रपत्र में इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। (इस हेतु विहित प्रपत्र एवं आपूर्ति की शर्तें कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ से प्राप्त किया जा सकता है।)

– इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने का स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़।
– इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने की अंतिम तिथि –15.12.2024 (कार्यालय अवधि तक)।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़

PR 340916 Fish (24-25)_D

# बीएसएल ट्रांसपोर्ट नगर के लिए 20 एकड़ भूमि उपलब्ध करायें: उपायुक्त

## कहा- सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट इकाई अधिष्ठापन को लेकर कार्रवाई में तेजी लायें

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** कोलकाता-अमृतसर इंड्रस्ट्रीयल कोरिडोर के कार्य में प्रगति लाने, शहर को सुंदर बनाने और यातायात व्यवस्था को बेहतर करने समेत कई अन्य मुद्दों को लेकर सोमवार को बैठक हुई। जिसमें शामिल डीसी जाघव विजया नारायण राव ने जिला मुख्यालय को भारी वाहनों की पार्किंग से उत्पन्न जाम की समस्या को समाप्त करने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर के लिए 20 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बीएसएल प्रबंधन को चास सीओ से समन्वय स्थापित कर भूमि चिन्हित करने को कहा। वहीं, बीएस सिटी के कचड़ें का निस्तारण सही से करने को लेकर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (एसडब्ल्यूएम) इकाई अधिष्ठापन को लेकर की जा रही कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। इस पर बीएसएल प्रबंधन ने बोर्ड में संबंधित मामला लंबित होने की बात कहीं। इस पर डीसी ने इसका फालोअप करने और कार्य में गति लाने का निर्देश दिया। वहीं, कोलकाता-अमृतसर इंड्रस्ट्रीयल कोरिडोर के लिए चिन्हित भूमि का मूल्य गणना/आंकलन को लेकर कार्य की जानकारी ली। उन्होंने भूमि का मूल्य गणना/आंकलन को गंभीरता से पुनः कर जिला को प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा। इसके अलावा डीसी ने शहर को सुंदर बनाने, ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर करने के लिए बैरिकेटिंग लगाने, समाहरणालय भवन निर्माण को लेकर एनओसी उपलब्ध कराने, सड़कों को अतिक्रमणमुक्त कराने, बीएसएल प्लांट एवं टाउनशीप के लिए वैक्लपिक जलापूर्ति योजना आदि मुद्दों पर चर्चा कर संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर चास अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढ़ांडा, पुलिस उपाधीक्षक बीएस सिटी आलोक रंजन, चास सीओ दीवाकर दूबे, उप प्रबंधक (पी) बीएसएल अमिताभ दास, वरीय प्रबंधक (टीए-एलआरए) एन सिद्दकी, महाप्रबंधक (टीए-एलआरए) एके सिंह, कार्यकारी निदेशक अनीश सेन गुप्ता और महाप्रबंधक (परियोजना) एस आनंद उपस्थित थे।



अधिकारियों के साथ बैठक में उपस्थित बोकारो डीसी जाघव विजया नारायण राव।

## विधायकों ने मजदूर नेता से की मजदूरों के हित में आवाज बुलंद करते रहने की अपील



**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल कर्मी सह लोदना क्षेत्र के श्रमिक नेता सबूर गोराई के सेवानिवृति पर सोमवार को बीसीकेयू की ओर से बरारी कोलियरी कार्यालय में भव्य समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी। यूनियन नेता सलाउद्दीन अंसारी की अध्यक्षता में पहली बार आयोजित इस तरह के समारोह में भाकपा माले के विधायक सह यूनियन के महामंत्री अरूप चटर्जी, विधायक चंद्रदेव महतो, भाजपा के बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो और निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल सहित कई हस्तियों ने दलगत भावना से उपर उठकर शामिल हो। विधायकों ने सबूर गोराई से पहले की ही तरह मजदूर हित में आवाज बुलंद कर हक दिलाने के लिए संघर्ष करने की अपील की। यूनियन एवं कर्मियों द्वारा आयोजित समारोह में बाजे गाजे व संथाली नृत्य गीत से सबूर गोराई का स्वागत करते हुए उन्हें एक बाइक और चांदी का मुकुट सहित कई उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इससे अभिभूत होकर सबूर गोराई ने कर्मियों को आश्वस्त किया कि वे कंपनी से रिटायर्ड हुए है, लेकिन उनको उनका हक व अधिकार दिलाने के लिए हमेशा उनके साथ मिलकर आवाज बुलंद करते रहेंगे। इस मौके पर यूनियन के सचिव सुरेश गुप्ता, एएम पाल, सुरेश पासवान, जमसंघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष उमाशंकर शाही, अनिल सिंह, सुदर्शन प्रसाद, मनोहर सिंह, राजद के जिला उपाध्यक्ष बिनोद पासवान, मस्जिद कमेटी के सदर अलीम अंसारी आदि उपस्थित थे।

## पेलोडर की चपेट में महिला अधिवक्ता की मौत



**झरिया (आजाद सिपाही)।** धनबाद-झरिया मुख्य मार्ग के कतरास मोड़ स्थित पुल के समीप सोमवार को पेलोडर की चपेट में आकर 38 वर्षी एक महिला अधिवक्ता की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि उनके पति श्यामसुंदर वर्मा को आंशिक चोट आइ है। मृतका की पहचान नेहा वर्मा के रूप में हुई है। घटना उस वक्त घटित हुई जब श्यामसुंदर अपनी बाइक से पत्नी नेहा को धनबाद कोर्ट से लेकर अपने आवास डिगवाडीह गुरुद्वारा कालोनी जा रहे थे। उधर, घटना की सूचना मिलते ही झरिया पुलिस ने पेलोडर व चालक को कतरास मोड़ स्थित जमसं कार्यालय के समीप पकड़ लिया। पेलोडर चालक भोला चौहान को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उधर, घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने मुख्य मार्ग को घंटों जाम कर प्रदर्शन किया। इसकी सूचना पाकर धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय, सचिव जितेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी, धनबाद पुराना बाजार चेंबर आफ कॉमर्स के अध्यक्ष अजयलाल नारायण आदि मौके पर पहुंच गये। सभी ने मृतक के स्वजनों को मुआवजा दिलाने की मांग की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने झरिया पुलिस के खिलाफ भी नारेबाजी की। अधिवक्ताओं का आक्रोश देख झरिया थाना इंस्पेक्टर शशी रंजन कुमार ने उनसे बात की। अधिवक्ताओं ने बीसीसीएल के सीएमडी को बुलाकर मुआवजा दिलाने की मांग की। सभी ने स्पष्ट कहा कि जबतक मुआवजा नहीं मिलेगा तबतक शव को उठने नहीं दिया जाएगा। इधर, जमसं के संयुक्त महामंत्री सिद्धार्थ गौतम भी खबर पाकर घटनास्थल पर पहुंच गये। उन्होंने बस्ताकोला महाप्रबंधक अनिल सिन्हा से फोन पर बात कर अपना प्रतिनिधि भेज मुआवजा मुद्दे पर वार्ता करने को कहा। उन्होंने बीसीसीएल अधिकारियों के देर तक नहीं आने पर नाराजगी भी जाहिर की. बतातें चलें कि इस दिन डिगवाडीह निवासी धनबाद कोर्ट की अधिवक्ता नेहा वर्मा अपना काम खत्म कर पति श्यामसुंदर के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थी। तभी बस्ताकोला कोलियरी क्षेत्र के विक्ट्री कोलियरी से बीसीसीएल का पेलोडर लेकर चालक भोला चौहान बोरागढ़ साइडिंग जा रहा था। तभी यह घटना घटी। उधर, अधिवक्ता की मौत के बाद दो बेटियां माही व तान्या व पुत्र आर्युष भी मौके पर पहुंच गये। वे अपने पिता से लिपटकर रोने लगे। वहीं, तान्या यह कहकर बार-बार बेहोश हो रही थी कि मां ने उसे फोन कर कहा था कि वे लोग कोर्ट से निकल गए हैं। खाना बनाकर रखना। मैने मां के लिए खाना भी बना दिया।

## 15 सूत्री मांगों को लेकर भाजपा नेता ने शुरू की भूख हड़ताल



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री तारकेश्वर तिवारी ने सोमवार से बीपीएल कोटा में धांधली एवं व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ रणधीर वर्मा चौक पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दिाय। उनके साथ उनके सहयोगियों में बीपीएल कोटे से आने वाले परिवार भी शामिल थे। जिनमें कुछ परिवार ऐसे थे, जिनके बच्चों का नामांकन ऑनलाइन हो गया है पर उन्हें स्कूल में नामांकन लेने में आनाकानी कर रहे हैं। कुछ परिवार ऐसे हैं जिनका नामांकन सूची में नाम आने के बाद भी सूची से नाम हटा कर उनकी जगह उससे दूरी वाले बच्चों का नामांकन सूची में डालकर भेज दिया गया। इसी तरह के कई आरोपों को लेकर भूख हड़ताल शुरू की गई है। बतातें चलें कि मांगों में आरटीई के प्रावधानों के तहत किए गए बीपीएल नामांकन तथा अपनाई गई प्रक्रिया एवं उक्त नामांकन में डीएसई कार्यालय के लिपिक, निजी विद्यालय प्रबंधकों एवं दलालों की भूमिका की जांच, डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर, दिल्ली पब्लिक स्कूल कार्मिक नगर, धनबाद पब्लिक स्कूल के जी आश्रम, धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच, किड्स गार्डन स्कूल झरिया, बालिका विद्या मंदिर झरिया, डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई डीएवी डिगवाडीह, टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा, डीएवी पब्लिक स्कूल अलकुसा, डीएवी पब्लिक स्कूल कुसुंडा, डीएवी पब्लिक स्कूल मुनीडीह और धनबाद में नामांकित एवं रिजेक्ट आवेदनों एवं संलग्न दस्तावेजों की सत्यता जांच की रिपोर्ट सार्वजनिक करना आदि शामिल है। इस भूख हड़ताल में अभिभावक महासंघ ने भी समर्थन दिया है। मौके पर मनोज मिश्रा, श्रीकांत रक्षित, प्रेम कुमार, भोला निषाद, दिवाकर महतो, मुकेश पांडे, बच्चा गिरी, पप्पू सिंह, रतीलाल महतो, बबलू वर्मा, सुमित बाउरी और लक्ष्मण शर्मा आदि उपस्थित थे।

## रामकनाली कोलियरी में सेवानिवृत्त कर्मी को दी गयी विदाई

**कतरास (आजाद सिपाही)। रामकनाली कोलियरी के बिजली विभाग प्रांगण में सोमवार को समारोह आयोजित कर इलेक्ट्रिक फोरमैन यदुनंदन रजक की सेवानिवृति पर विदाई दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मजदूर नेता राजेंद्र प्रसाद राजा ने किया। इसस मौके पर अभियंता सुमित अभिषेक, कार्मिक प्रबंधक नितेश कुमार, प्रबंधक बिष्णु कुमार, यूनियन नेता बिमलेश चौबे, राजेश मंडल, राजेश सिंह, राजू सिंह राजपूत, सरोज उपाध्याय, विवेक कुमार, पीउपाध्याय, ए रहमान, राज रोशन, सुनील तिवारी, ललन प्रसाद यादव, हरेंद्र राम, राघवेंद्र पांडे, रघुनंदन विश्वकर्मा, नगेंद्र चौधरी, प्रह्लाद महतो, राजकुमार पासी, सुरेन्द्र राम, मिहीर महतो, मो रियाज, पुरन महतो आदि उपस्थित थे।**

## तेनु-बोकारो नहर से जलापूर्ति बंद पांच दिनों तक गांवों में जल संकट



**पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** तेनु-बोकारो नहर में रविवार की शाम से पानी की आपूर्ति बंद कर दी गयी है। आगामी छह दिसंबर से पुनः नहर में पानी की आपूर्ति शुरू की जायेगी। हालांकि तेनुघाट से लेकर बोकारो तक नहर से सटे ग्रामीण इलाकों में इसका असर जरूर देखने को मिलेगा। क्योंकि इन इलाकों के ग्रामीण नहर पर सर्वाधिक निर्भर रहते हैं। इन ग्रामीण अंचलों में कई जलापूर्ति योजनाएं इस नहर के पानी से ही संचालित की जाता हैं। इसलिए ग्रामीण अंचलों के लोगों का प्रभावित होना तय है। बता दें कि नहर अब काफी पुरानी हो चुकी है। तेनु-बोकारो नहर जर्जर होने के कारण इसकी मरम्मत होगी। जिससे तेनु-बोकारो नहर का पानी तेनुडैम से बंद कर दिया गया। 34 किमी लंबी तेनु-बोकारो नहर से पिछरी जलापूर्ति योजना, तुपकाडीह-जैनामोड़ जलापूर्ति योजना, चांपी, खेतको, अंगवाली, चलकरी तथा तेनुघाट जलापूर्ति योजना से पेयजलापूर्ति ठप हो जाएगी।

## एड्स दिवस पर सेमिनार का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल मुनीडीह में सोमवार को एड्स दिवस पर जागरूकता के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सीनियर संकाय के विद्यार्थियों नें भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षको ने रेड रिबन सिंबल को लगाकर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। वक्ताओं ने कहा कि एड्स एक ऐसी गंभीर समस्या है जिसे लेकर पूरी दुनिया चिंतित है, क्योंकि लाखों लोग इसके चंगुल में फंस चुके है। सेमिनार में मुख्य रूप से मनीषा पांडेय, मेघा पराशर व एमपी सिंह ने सीनियर बच्चों को इस रोग के बारे में जानकारी देते हुए इससे बचने का सुझाव दिया। बच्चों से अनुरोध किया कि वे इसके बारे में जागरूकता फैलायें। ताकि इस गंभीर बीमारी से बचा जा सके। विद्यालय प्रभारी एमपी सिंह ने कहा कि इस संदेश को अधिकाधिक प्रचार प्रसार करें जिससे एक स्वास्थ राष्ट्र का निर्माण हो सके।

## बिजली समस्या को लेकर विधायक ने अधिकारियों के साथ की बैठक

# बिजली के जर्जर पोल, तार, मीटर को अविलंब बदलें : योगेंद्र प्रसाद



**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** बेरमो अनुमंडल मुख्यालय स्थित तेनुघाट अथिति भवन में बिजली की समस्या को लेकर नव निर्वाचित विधायक योगेंद्र प्रसाद ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें विधायक ने पदाधिकारियों को बिजली के जर्जर पोल, तार, मीटर आदि को बदलने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि जहां अभी तक बिजली नहीं पहुंच सकी है या पोल गाड़ कर छोड़ दिया गया है वैसे जगहों पर अभिलंब बिजली पहुंचाने की व्यवस्था करें। जिनका मीटर खराब है उसे ठीक करने की पहल करें। जो अनाब सनाब बिल आ रहा है उसमें सुधर करें। बिजली से हो रही परेशानियों को जल्द दूर करें। यदि किसी तरह की कमी है तो मुझे जानकारी दें जिससे समय रहते दूर किया जा सके।


## प्रपत्र–VI
## गुमला समाहरणालय, गुमला
## (भू- अर्जन शाखा)

समाहर्त्ता/ अपर समाहर्त्ता –सह–समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1)के अधीन)

ज्ञापांक – 382 भू0अ0 दिनांक – 05/10/24

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतित होता है कि ग्राम– कोचेडेगा, थाना–बसिया, थाना संख्या–26, अंचल –बसिया, जिला –गुमला, कुल– 4.6125 एकड़ यानि 1.86740 हे0 भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा परियोजना अघरमा मोड (SH-03) से टकरमा –ससिया पथ का (लम्बाई 13.9 कि0मी0) पुनर्निर्माण कार्य। हेतु अपेक्षित है.

प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1)ख के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि कोचेडेगा, थाना– बसिया, थाना संख्या– 26, अंचल – बसिया, जिला – गुमला, कुल–4.6125 एकड़ यानि 1.86740 हे0 मानक माप का भूखण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है:–

| क्र0सं0 | खाता संख्या | सर्वे भूखण्ड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम वो पता | सीमा (भू–खण्ड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 1 | 472 | रैयती | 0.02 | मझीयस। | अंश | सड़क | 493 | अंश |
| 2 | 2 | 493 | रैयती | 0.07 | वकास्त | अंश | सड़क | रास्ता | 472 |
| 3 | 4 | 583 | रैयती | 0.11 | मझीयस मालीक /निर्मल किन्डो वो राजेश किन्डो पिता लंगडा खड़िया वो जेवीयर खड़िया उर्फ किन्डो | सड़क | अंश | 670 | सड़क |
| | | 1664 | | 0.01 | | सड़क | 584 | 583 | 582 |
| | | 663 | | 0.01 | | सड़क | अंश | 662 | 664 |
| 4 | 5 | 662 | रैयती | 0.04 | वकास्त मालीक | सड़क | अंश | 661 | 662 |
| | | 582 | | 0.0425 | | सड़क | अंश | 1664 | 581 |
| 5 | 11 | 754 | रैयती | 0.12 | वकास्त मालीक | अंश | सड़क | 755 | 576 |
| | | 457 | | 0.04 | | रास्ता | सड़क | अंश | सड़क |
| 6 | 14 | 463 | रैयती | 0.13 | मझीयस मालीक | 462 | सड़क | अंश | सड़क |
| | | 665 | | 0.03 | | सड़क | अंश | 664 | 667 |
| | | 664 | | 0.02 | | सड़क | अंश | 663 | 665 |
| 7 | 19 | 676 | रैयती | 0.04 | मझीयस मालीक | अश | सड़क | 754 | 675 |
| 8 | 22 | 667 | रैयती | 0.14 | वकास्त मालीक | सड़क | अश | 665 | 670 |
| | | 675 | | 0.05 | | अश | सड़क | 676 | 674 |
| | | 1665 | | 0.01 | | | | | |
| | | 674 | | 0.03 | | अश | सड़क | 675 | 1665 |
| | | CF | | 0.9125 | | | | | |
| | | BF | | 0.9125 | | | | | |
| 9 | 40 | 466 | रैयती | 0.29 | जुशफ मुण्डा वल्द सामुएल मुण्डा कौम मुण्डा साकिन देह/रोशन होरो वो नवेल होरो वो निरल होरो वो जुगल होरो पिता नसकल्यान मुंडा वो सलन मुंडा वो देवीड मुंडा पिता मसीदास मुंडा। | अश | सड़क | 467 | सड़क |
| | | 773 | | 0.165 | | सड़क | अश | 835 | 776 |
| | | 774 | | 0.055 | | सड़क | अश | 773 | 778 |
| | | 835 | | 0.06 | | सड़क | अश | 844 | 773 |
| 10 | 41 | 558 | रैयती | 0.10 | जुशफ मुण्डा वल्द सामुएल मुण्डा एक हीस्सा कौम मुण्डा वो मसीदास उरांव वो सामहल उरांव पेसरान प्रभुसहा कौम उरांव साकिन देह दो हिस्सा बहिस्सा बराबर। | सड़क | अश | 556 | 562 |
| 11 | 42 | 467 | रैयती | 0.13 | जुशफ मुण्डा वल्द सामुएल मुण्डा कौम मुण्डा साकिन देह/ रोशन होरो वो नवेल होरो वो निरल होरो वो जुगल होरो पिता नसकल्यान मुंडा वो सलन मुंडा वो देवीड मुंडा पिता मसीदास मुंडा। | अश | सड़क | सड़क | अश |
| 12 | 44 | 552 | रैयती | 0.11 | जयचन्द सिंह वो शम्भु सिंह वो जयमंगल सिंह पेसरान झमन सिंह वहीसा बराबर कौम रैतिया साकिन देह/फुलमनी देवी पति राधे साधु | सड़क | अश | 551 | सड़क |
| 13 | 46 | 536 | रैयती | 0.08 | जोहन मुण्डा वल्द नयन सुख मुण्डा वो मसोमात सनतोखी जौजे जकरीआ कौम मुण्डा साकिन देह बहिस्सा बराबर। | सड़क | अश | 581 | 537 |
| 14 | 53 | 556 | रैयती | 0.025 | टेरया साह वो वचन साह वो पति साह पेसरान सुखु साह तीन हिस्सा बहिस्सा बराबर कौम तेली साकीन देह वो वीडरा साह वल्द सामु साह एक हिस्सा कौम तेली साकीन सालेगुटु। | सड़क | अश | 554 | 558 |
| 15 | 57 | 840 | रैयती | 0.03 | सुटवा खड़िया पिता दुति खड़िया वो मुन्ना खड़िया वो पाकु खड़िया वो सोमरा खडिया पिता लुडु खड़िया वो टोया खड़िया वो सुकरू खड़िया वो मंगरा खड़िया वो शनी खड़िया पिता ढिरू खड़िया वो मंगरा केरकेटा पिता इन्दा खड़िया वो सुनील केरकेटा वो सुमीत केरकेटा वो अरपीत केरकेटा पिता सनीका खड़िया। | अंश | सड़क | 844 | 838 |
| | | 555 | | 0.06 | | सड़क | अंश | 554 | सड़क |
| | | 561 | | 0.10 | | सड़क | अंश | 562 | 560 |
| | | 562 | | 0.06 | | सड़क | अंश | 558 | 561 |
| | | 551 | | 0.05 | | सड़क | अंश | 541 | 552 |
| | | 541 | | 0.02 | | सड़क | अंश | 540 | 551 |
| 16 | 59 | 1630 | रैयती | 0.09 | दुखा खड़िया वो गन्दुरा खड़िया वो टुईया खड़िया पेसरान बिरसा खड़िया कौम खड़िया साकीन देह बहिस्सा बराबर। | अंश सड़क | अंश | 1634 | 1629 |
| | | CF | | 2.3375 | | | | | |
| | | BF | | 2.3375 | | | | | |
| 17 | 61 | 581 | रैयती | 0.025 | नेपाल सिंह वो जगतपाल सिंह वो रघुनान्दन सिंह पेसरान बैजनाथ सिंह एक हिस्सा बहिस्सा बराबर वो लीलाम्बर सिंह वो सिब सिंह वो सोमनाथ सिंह वो शम्भु सिंह पेसरान गुलाब सिंह एक हिस्सा बहिस्सा बराबर वो दुलार सिंह वल्द हरीनाथ सिंह एक हीस्सा कौम रैतिया साकिन देह। | सड़क | अंश | 582 | 536 |
| 18 | 63 | 560 | रैयती | 0.05 | पतरस मुण्डा वो मोहन मुण्डा पेसरान नैनसुख मुण्डा कौम मुण्डा साकीन देह व हिस्सा बराबर। | सड़क | सकिया | सड़क | सकिया |
| 19 | 65 | 837 | रैयती | 0.02 | पतरस मुण्डा वो जोहन मुण्डा पेसरान नयनसुख मुण्डा कौम मुण्डा साकीन देह बहिस्सा बराबर। | अश | सड़क | 838 | सिमाना |
| 20 | 74 | 672 | रैयती | 0.02 | बीकरम सिंह वो तपेश्वर सिंह पेसरान हरीहर सिंह एक हिस्सा बहिस्सा बारबर वो लोचन सिंह वल्द धाधु सिंह एक हिस्सा वो मसोमात लालो कुवर जैजे जटा सिंह एक हिस्सा कौम रैतिया साकीन देह। | अश | सड़क | 1665 | रास्ता |
| 21 | 80 | 838 | रैयती | 0.03 | विशुन भण्डारी वल्द कामील भण्डारी कौम नगेसिया साकीन देह। | अश | सड़क | 837 | 840 |
| 22 | 84 | 1622 | रैयती | 0.07 | विजय धनवार वो सिवेस्टर धनवार पिता मंगरा खड़िया वो अनुप धनवार वो मुकुल धनवार पिता पिटर धनवार वो सन्तोष धनवार वो ऐरिक धनवार पिता राफेल धनवार वो अजीत धनवार वो जोवाकिम धनवार वो लवरेन्तुस धनवार पिता देवनीस धनवार। | अंश | सड़क | दलमादी | |
| 23 | 85 | 507 | रैयती | 0.055 | लेदुनाथ सिंह पिता रामलगन सिंह वो अरूण सिंह वो रूपेश सिंह वो रितेश सिंह पिता राजेन्द्र सिंह वो फिरू सिंह पिता बुधु सिंह वो गोर्वधन सिंह पति मणि सिंह। | अंश | सड़क | सड़क | अंश |
| | | 661 | | 0.11 | | सड़क | अंश | सड़क | अंश |
| | | CF | | 2.7175 | | | | | |
| | | BF | | 2.7175 | | | | | |
| 24 | 97 | 844 | रैयती | 0.54 | मांगा खड़िया वो मोड़ी खड़िया वो नादा खड़िया पेशरान बुधु खड़िया एक हिस्सा बहिस्सा बराबर वो हरेठा खड़िया वो सोमरा खड़िया पेशरान पुसा खड़िया एक हिस्सा बहीस्से बराबर वे टोरो खड़िया वल्द फागु खड़िया कौम खड़िया साकिन देह/लुदिया केरकेटा माता टोमि खड़ियाईन | ठोरीखड़िया अंश | सड़क अंश | 847 | 835 |
| | | 851 | | 0.35 | | अंश सड़क | अंश सड़क | 849 | 844 |
| | | 1629 | | 0.08 | | सड़क अंश | अंश | 1620 | 851 |
| | | 1634 | | 0.09 | | सड़क | अंश | 1635 | 1629 |
| | | 1635 | | 0.16 | | सड़क | अंश | 1624 | 1634 |
| 25 | 98 | 1624 | रैयती | 0.05 | मांगा खड़िया वो मोडी खड़िया वो नादा खड़िया पेशरान बुधु खड़िया एक हिस्सा बहिस्सा बराबर वो हरेठा खड़िया वो सोमरा खड़िया पेशरान फुशा खड़िया एक हिस्सा बहीशे बराबर वे टोरी खड़िया वल्द फागु खड़िया कौम खड़िया साकिन देह/ लुदिया केरकेटा माता टोमि खड़ियाईन | अंश | अंश सड़क | 1626 | 1635 |
| | | 1623 | | 0.02 | | अंश | सड़क | 1636 | 1635 |
| 26 | 105 | 849 | रैयती | 0.18 | कलावती कुमारी पिता मधुसुदन सिंह वो चमन सिंह पिता सिंधु सिंह। | सड़क | अंश | 850 | 851 |
| | | 850 | | 0.05 | | सड़क | अंश | 1631 | 849 |
| 27 | 106 | 1638 | रैयती | 0.14 | रामनाथ सिंह वल्द मंगरा राम कौम रैतिया साकीन देह। | सड़क | अंश | सड़क | अंश |
| 28 | 122 | 765 | रैयती | 0.04 | सुलेमान मुण्डा वो सन्तोख मुण्डा पेसरान जकरीआ मुण्डा कौम मुण्डा साकीन देह बहिस्सा बराबर। | 757 | सड़क | अंश | सड़क |
| 29 | 123 | 756 | रैयती | 0.01 | अन्तुर जोजो वो करलुस जोजो पिता मनसीद मुंडा वो करलुस जोजो वो अंतुर जोजो पिता मनसीद जोजो वो सेबियन जोजो पिता जोसेफ जोजो वो सुनीता जोजो वो रशमी जोजो पिता सुरजीत जोजो | अंश | सड़क | 757 | 755 |
| | | 757 | | 0.02 | | अंश | सड़क | 764 | 756 |
| | | 778 | | 0.10 | | सड़क | अंश | 774 | रास्ता |
| 30 | 133 | 537 | रैयती | 0.015 | बिशनु भण्डारी वल्द कमल भण्डारी कौम नगेसीया साकीन देह | सड़क | अंश | 536 | 538 |
| 33 | 137 | 465 | रैयती | 0.05 | मझीयस मालीक | 463 | 466 | अंश | सड़क |
| | | कुल रकबा | | 4.6125 | | | | | |

यदि अधिसूचना भू–अर्जन,पुर्नवास एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार /समाहर्त्ता –सह– समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निश्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रतिष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेदन –छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्य करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा– 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय/विकय नहीं करेगा या ऐसा करेगा या ऐसा कोई अंतरण करवाएगा या ऐसी भूमि का कोई विल्लंगन उत्पन्न करेगा।

अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों ) के अंतर्गत भू–अर्जन की बावत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR 340969 Land Reforms(24-25).D

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी गुमला।
अपर समाहर्त्ता गुमला।
उपायुक्त गुमला।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 03 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# पुरी में कल मनाया जायेगा नौसेना दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारतीय नौसेना 4 दिसंबर यानी बुधवार को पुरी के तट पर नौसेना दिवस मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गयी हैं। वार्षिक नौसेना दिवस प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि अगस्त में, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दूसरी परमाणु पनडुब्बी आइएनएस अरिघाट को कमीशन किया- जो हमारे परमाणु त्रिकोण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने बताया कि देश में 62 युद्धपोत और एक पनडुब्बी निर्माणाधीन हैं और प्रोजेक्ट-75 इंडिया की छह पनडुब्बियों सहित 31 और अधिक शक्तिशाली युद्धपोतों और पनडुब्बियों की आवश्यकता को स्वीकार किया गया है। इसमें नौसेना के लिए 60 यूटिलिटी हेलिकॉप्टर मरीन शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार इस साल भारतीय नौसेना दिवस पुरी में मनाया जायेगा। इसलिए, भारतीय नौसेना के जहाज पुरी पहुंच गये हैं और उन्होंने अपने अभ्यास सत्र और रिहर्सल शुरू कर दिये हैं। जहाज समुद्र में स्थिति का


जानकारी साझा करते नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी।

मूल्यांकन भी कर रहे हैं और इस बात पर विचार कर रहे हैं कि इस दिन को कैसे सबसे अच्छे तरीके से मनाया जा सकता है। पांचों जहाजों की एक झलक पाने के लिए तट पर लोगों की भारी भीड़ देखी गयी।

दूसरी ओर, भारतीय नौसेना प्रमुख दिनेश के त्रिपाठी ने पुरी का दौरा किया। उन्होंने रिहर्सल की जांच की और आगामी नौसेना दिवस समारोह के लिए जिला प्रशासन के साथ विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की। त्रिपाठी शुक्रवार को भारतीय नौसेना के जहाज (आइएनएस) चिल्का में आयोजित अग्निवीरों के चौथे बैच की पासिंग आउट परेड में मुख्य अतिथि के रूप में ओड़िशा आये थे। नौसेना भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति मुर्मू के लिए ऑपरेशनल प्रदर्शन की मेजबानी करने के लिए कमर कस रही है, जो नौसेना दिवस पर पुरी का दौरा करने वाले हैं। भारतीय नौसेना, ओड़िशा सरकार और स्थानीय प्रशासन राष्ट्रपति की यात्रा के लिए सभी व्यवस्थाएं करने में तत्पर है। लाइव प्रदर्शन पर्यटकों के लिए भी खुला रहेगा।

इस कार्यक्रम का राष्ट्रीय मीडिया के साथ-साथ भारतीय नौसेना के यूट्यूब चैनल पर भी सीधा प्रसारण किया जायेगा। इससे पहले 2022 में राष्ट्रपति मुर्मू विशाखापत्तनम में नौसेना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

# मंडल रेलवे अस्पताल, खोरधारोड ने विश्व एड्स दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मंडल रेलवे अस्पताल, खोरधा रोड में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस संदर्भ में मंडल रेलवे अस्पताल से खोरधा रोड रेलवे स्टेशन तक एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें रेलवे कॉलोनियों और स्टेशन क्षेत्र को शामिल किया गया, ताकि समुदाय में एड्स के बारे में जागरूकता फैलायी जा सके। खोरधा रोड के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ डी शरत बाबू की उपस्थिति में रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।




रैली में सभी शाखा अधिकारियों, पैरामेडिकल स्टाफ, स्वास्थ्य निरीक्षकों, रेल सुरक्षा बल और स्काउट्स एवं गाइड्स ने एड्स से बचाव के उपायों और एड्स से पीड़ित मरीजों से निपटने के तरीकों पर पोस्टर और नारे के साथ भाग लिया।

इस वर्ष विश्व एड्स दिवस का विषय है 'एड्स को समाप्त करने के लिए सही राह अपनायें'। यह विषय इस बात पर प्रकाश डालता है कि मानव अधिकारों की भूमिका यह सुनिश्चित करने में है कि हर कोई अपने स्वास्थ्य के अधिकार का प्रयोग कर सके। विश्व एड्स दिवस का आयोजन एचआइवी/एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए लोगों को एकजुट करने के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है।

# बालू माफियाओं ने खनन अधिकारियों पर किया हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** क्योंझर जिले के खनन विभाग के अधिकारियों पर बालू माफियाओं ने हमला करने का आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार रविवार देर रात जूनियर माइनिंग ऑफिसर सूरज हेम्ब्रम और 3 सुरक्षाकर्मी बालू की तस्करी को पकड़ने के लिए आनंदपुर जा रहे थे। इसी दौरान कुछ बालू माफियाओं ने उनकी गाड़ी का पीछा किया और अचानक उन पर हमला कर दिया। लोहे के पाइप से गाड़ी के शीशे को भी तोड़ दिया।





बाद में सभी को बचा गया और गंभीर हालत में नजदीकी चिकित्सा केंद्र में भर्ती कराया गया। हालांकि, इस को लेकर थाने में शिकायत के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है।

# उत्तरप्रदेश से 300 ट्रक आलू ओड़िशा पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** उत्तरप्रदेश से 300 ट्रक आलू ओडिशा पहुंचे। उम्मीद है कि आलू की कीमत में गिरावट आयेगी। पहले एक किलो आलू की कीमत 30 रुपये थी, जो कुछ दिन पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा पश्चिम बंगाल से ओडिशा में आलू की आपूर्ति पर प्रतिबंध लगाने के बाद 60 रुपये प्रति किलो हो गयी थी।

रिपोर्ट के अनुसार एक सप्ताह में आलू की कीमत में 30 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इसलिए



उपभोक्ता आगे भी कीमत बढ़ने की आशंका से चिंतित हैं। खुदरा विक्रेताओं के अनुसार, आलू की आपूर्ति कम हो रही है, वहीं अब बैगों में भी आलू कम आ रहा है। पहले बैगों में 50 किलो आलू होता था, अब 42 किलो आलू है।

# टीपीडब्ल्यूओडीएल ने कुचिंडा संबलपुर में सोलर पीवी इंस्टालर वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बुर्ला पश्चिम ओडिशा बिजली वितरण कंपनी टीपीडब्ल्यूओडीएल द्वारा कुचिंडा संबलपुर में एक सोलर पीवी इंस्टालर वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर (सूर्यमित्र) स्थापित किया गया है। कंपनी के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) विभाग द्वारा स्थापित, प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन 27 नवंबर को किया गया था। इस समारोह में ओडिशा नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (ओआरइडीए), संबलपुर के सहायक निदेशक मिटू पंडा और




कुचिंडा ब्लॉक अधीक्षक भुवनेश्वर किशन शामिल हुए थे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सौर पीवी स्थापना, रखरखाव और मरम्मत में प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करने के लिए बनाया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य एक कुशल और रोजगार योग्य कार्यबल तैयार करना है। इस सुविधा से स्थानीय युवाओं, इच्छुक पेशेवरों और तकनीशियनों को लाभ होने की उम्मीद है, जो सौर ऊर्जा प्रणालियों में विशेषज्ञता हासिल करना चाहते हैं। स्थानीय कार्यबल को लाभ पहुंचाने के अलावा टीपीडब्ल्यूओडीएल को उम्मीद है कि प्रशिक्षण केंद्र नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में बढ़ती मांग के लिए कुशल कार्यबल तैयार करके क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी योगदान देगा।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की आज से ओड़िशा की यात्रा पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओड़िशा यात्रा के मद्देनजर कमिश्नरेट पुलिस ने कथित तौर पर चार दिनों के लिए यातायात परामर्श जारी किया है। वीआइपी/वीवीआइपी की सुरक्षा चिंता को देखते हुए और आम जनता के हित में यातायात के बेहतर विनियमन और मुक्त प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबंध लगाये गये हैं।

तीन दिसंबर को शाम 4.50 बजे से 5.35 बजे तक हवाई अड्डा चौराहा- अस्पताल चौराहा- एजी चौराहा- बाएं मोड़- राजभवन चौराहा- पावर हाउस चौराहा-120 बीएन। वर्ग-शास्त्री नगर-बेहेरा साही वर्ग-जयदेव विहार वर्ग-जेवियर वर्ग-बाएं मोड़-हतियासुनी चक-दाएं मोड़-नीलाद्री विहार और शाम 6 बजे से 6.30 बजे तक नीलाद्रि विहार- बाएं मोड़- जेवियर वर्ग- दाएं मोड़- जयदेव



विहार- बेहरा साही वर्ग- शास्त्री नगर वर्ग- 120 बीएन। वर्ग- पावर हाउस वर्ग। राजभवन चौराहा सड़कों और उसके कनेक्टिंग लेन/उपलेन पर किसी भी वाहन को चलने की अनुमति नहीं है। इसके अलावा चार, पांच और छह दिसंबर को भी यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है।

इसके अलावा 5 दिसंबर को शाम 5 बजे से 7 बजे तक किसी भी भारी वाहन/बस को कल्पना स्क्वायर से लिंगीपुर स्क्वायर तक और इसके विपरीत सड़क पर चलने की अनुमति नहीं है। पुरी की ओर से आने वाले भारी वाहन/बसें जो भुवनेश्वर/कटक की ओर जाना चाहते हैं, वे लिंगीपुर चौक पर बाईपास रोड का उपयोग करेंगे और केशुरा चौक और पांड्रा चौक से आगे बढ़ेंगे। इसी प्रकार, कटक/भुवनेश्वर की ओर से पुरी जाने वाले भारी वाहन/बसें भी पुरी बाईपास रोड से इसी मार्ग का उपयोग करेंगी। उपर्युक्त प्रतिबंध आपातकालीन वाहनों (अग्निशमन और एम्बुलेंस) पर लागू नहीं होंगे।

# सुंदरगढ़ में बेटे ने मां की हत्या की

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के सुंदरगढ़ जिले में एक चौंकाने वाली घटना में एक बेटे ने कथित तौर पर अपनी मां की हत्या कर दी। यह दिल दहला देने वाली घटना जिले के तलसारा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत तुमुलिया गांव में हुई। मृतक मां की पहचान सबिता लाकड़ा और आरोपी बेटे की पहचान बिस्वा लाकड़ा के रूप में हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, सुंदरगढ़ जिले में एक बेटे ने अपनी ही जैविक मां की हत्या कर दी। शराब के नशे में धुत बेटे ने अपनी मां को डंडे से पीट-पीटकर मार डाला। बताया जा रहा है कि यह अपराध पारिवारिक विवाद के कारण हुआ है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया और जांच शुरू कर दी है।

# सोआ 'प्राचीन' की दो पुस्तकों का अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा संचालित भाषा, संस्कृति और विरासत केंद्र 'प्राचीन' के तत्वावधान में प्रकाशित दो पुस्तकें 'युगभंजंक दसपोई' और 'प्राचीन ओडिया अभिलेख' उड़िया लोगों को समर्पित की गई हैं। इन दोनों पुस्तकों का विमोचन सोमवार को सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) मनोजरंजन नायक ने किया। इस समय 'प्राचीन' के मुख्य प्रोफेसर (डॉ) गायत्रीबाला पंडा उपस्थित थीं ।

यह पुस्तक पहली बार 1875 में कवि सम्राट उपेंद्र भंज के नाम से प्रकाशित हुई और 1952 में कोलकाता में पुनः प्रकाशित हुई। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पुस्तक उपेंद्र भंज द्वारा नहीं, बल्कि बौध के तत्कालीन राजा युगभंज द्वारा लिखी गयी थी। इसके पहले प्रकाशन के लगभग डेढ़ सौ साल बाद, दो शोधकताओं ने साबित किया है कि इस पुस्तक



का लेखक कोई और व्यक्ति है। पुस्तक को गीत की शैली में चित्रित किया गया है, इसलिए इस पुस्तक को चित्रपोथी कहा जाता है। दसपोई का संपादन प्रोफेसर सुदर्शन आचार्य और गौरांग चरण दास ने किया है।

दूसरी पुस्तक 'प्राचीन उड़िया अभिलेख' का संपादन प्रोफेसर सुब्रत कुमार आचार्य ने किया है। प्रोफेसर आचार्य, जिन्हें ओडिशा के लेखकों में से एक के रूप में जाना जाता है, ने ऊर्जाम शिलालेखों से लेकर 18वीं शताब्दी तक के ओडिशा के शिलालेखों और तांबेलेखों के मूल पाठ और अनुवाद प्रकाशित किए हैं। पुस्तक की शुरुआत में एक लंबी प्रस्तावना है और अंत में शिलालेखों और ताम्रपत्रों की तस्वीरें हैं। यह मुख बंधन प्राचीन ओडिया भाषा और इतिहास के पुनर्मूल्यांकन में एक विहित पाठ है। सोआ के ये दो महान प्रकाशन उड़िया साहित्य और भाषा के इतिहास पर दो प्रामाणिक कार्य हैं।

# 132/33 केवी संबलपुर ग्रिड सबस्टेशन का वार्षिक रखरखाव, कल विद्युतापूर्ति बंद रहेगी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बुर्ला ओड़िशा इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओपीटीसीएल) द्वारा 132/33 केवी संबलपुर जिले में अइंठापाल्ली, रेमेड, बूढ़ारजा, क्षेत्रराजपुर, फार्म रोड, बडबजार, धनुपाली, कमिशनर कॉलोनी, पीएचडी, मुदीपड़ा, वालुपाली, फार्म रोड, काइंसिर, माझीपाली, गोपालपाल्ली, शासन, समलेश्वरी मंदिर क्षेत्र, नेलसन मंडेला स्ट्रीट और उसके आसपास के क्षेत्र में संवलपुर ग्रिड सबस्टेशनों पर वार्षिक रखरखाव कार्य के लिए 4 दिसंबर बुधवार को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। स्थिर, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली सेवा के लिए यह रखरखाव आवश्यक है। इसलिए टीपीडब्ल्यूओडीएल बिजली सेवा के अस्थायी रुकावट के लिए अपनी गंभीर संवेदना व्यक्त करता है और बिजली उपभोक्ताओं और क्षेत्र की जनता के सहयोग की कामना करता है।

# चपरासी के उत्पीड़न से बचने के लिए पांच छात्रों ने आठ किमी पैदल यात्रा की

**नबरंगपुर (आजाद सिपाही)।** स्कूल के छात्रावास के चपरासियों द्वारा परेशान किये जाने के बाद पांच छात्र लगभग 8 किलोमीटर पैदल चलकर घर लौट आये। यह घटना ओड़िशा के नबरंगपुर जिले में हुई। पापडाहांडी ब्लॉक के अंतर्गत चिंगदाश्वरा रोड के पास कुछ ग्रामीणों ने तारागन नोडल सरकारी स्कूल के पांच छात्रों को पाया। ग्रामीणों ने पूछताछ की तो पता चला कि हालांकि छात्रों को अपने घर का रास्ता नहीं पता, फिर भी वे अपने छात्रावास के चपरासियों द्वारा किये गये उत्पीड़न और दुर्व्यवहार से छुटकारा पाने के लिए घर की ओर जा रहे थे। गांव वालों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद स्कूल की महिला शिक्षिका वहां पहुंची और छात्रों को उनके अभिभावकों को सौंपा।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**